# जल संवर्धन और वृक्षारोपण के कार्यों में सहयोग करें औद्योगिक संस्थान : कलेक्टर

जागरण सतना

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों का पुर्नजीवन संवर्धन और आगामी बरसात में सतना जिले में 25 लाख पौधे के वृक्षारोपण के लक्ष्य को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही है। सतना जिले में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में औद्योगिक वृहद संस्थानों एवं उद्योग संघ तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की बैठक जल गंगा संवर्धन अभियान और वृक्षारोपण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाकर सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, एलआर जांगडे, महाप्रबंधक आरएल पाण्डेय, एमपीआईडीसी के आरके सिंह, जिला खनिज अधिकारी एचपी सिंह, प्रिज्म सीमेंट के मनीष सिन्हा, बेला सीमेंट के रमेश विश्वकर्मा, रिलायंस इंडस्ट्री से चंदन कुमार, बिरला कारपोरेशन से आरके गिरि, यूसीएल सतना से एमपी त्रिपाठी, उद्योग संघ के मनवीर ओबराय, लघु उद्योग संघ के नयनदीप सिंह सेठी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान और बरसात में वृक्षारोपण की कार्य योजना तथा लक्ष्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम सभी के सहयोग और सहभागिता के साथ चलाये जायेंगे। सतना जिले में 25 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही जिले में ग्राउण्ड वाटर के नीचे जाने से असफल बोरो को ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज पिट के



रूप में उपयोग किये जाने की कार्य योजना है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों द्वारा जल संरक्षण कार्यों के साथ ही वृक्षारोपण की आवश्यक तैयारी की जा रही है। इन दोनों ही कार्यक्रमों में औद्योगिक संस्थानों की भागीदारी और सहयोग आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक संस्थान अपनी रिक्त भूमि और माइन्स एरिया में सघन वृक्षारोपण का कार्य ले सकते हैं। जिन व्यापारिक और औद्योगिक संस्थानों के पास भूमि उपलब्ध न हो तो वे अपने सीएसआर मद से पौधों की उपलब्धता कर सकते हैं। उन्होंने सभी औद्योगिक संस्थान एवं उद्योग संगठनों से आगामी बरसात में उनके द्वारा किये जाने वाले वृक्षारोपण के कार्य योजना की जानकारी ली। बिरला कारपोरेशन ने बताया कि गत वर्ष उन्होंने 1 लाख 24 हजार पौधो का रोपण किया था और इस बार 1 लाख 50 हजार पौधे लगाने की योजना है। प्रिज्म सीमेंट ने बताया कि वे अपने परिसर में 1 लाख पौधे लगायेंगे। सतना उद्योग संघ ने बताया कि उन्होंने इको पार्क विकसित किया है और शहरी क्षेत्र में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की संरचनायें भी बनायेंगी। लघु उद्योग भारती ने बताया कि बरसात में वृक्षारोपण पखवाडे के दौरान इंडस्ट्रीयल एरिया में ग्रीन कॉरीडोर बनाने की योजना है। जिसमें लगभग 6 हजार पौधे रोपे जायेंगे। राइस मिल एसोसिएशन ने बताया कि जमीन की अन उपलब्धता पर वे वृक्षारोपण के लिए पौधो की व्यवस्था करेंगे। इसी तरह डालमिया सीमेंट, बेला सीमेंट समूह, यूसीएल, एलपीजी वाटलिंग प्लांट, अल्ट्राटेक सीमेंट ने भी वृक्षारोपण कार्य योजना के बारे में जानकारी दी।

## अनुपमा हा. से. स्कूल में स्काउट गाइड द्वारा पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था

जागरण सतना। अनुपमा हायर सेकेण्डरी विद्यालय में स्काउट गाइड द्वारा पक्षियों को मिट्टी के पात्र में पानी रखने का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शाला की सचिव डॉ शैला तिवारी संस्थापक डॉ प्रमोद तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य पीयूष पांडे प्रशासनिक अधिकारी वाई के सिन्हा सलाहकार आर ए सिंह स्काउटर संतोष कुमार सेन उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला की सचिव डॉ शैला तिवारी ने कहा कि जब आप पक्षियों को दाना रखते है और पानी पिलाते है तो ब्राम्हाड़ को यह संदेश पहुँचता है कि आप दूसरो को कुछ देने के लिए समृध्द और तैयार है यह आपके घर की खुशहाली में वृध्दि करता है। इस भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने से अधिक परोपकार का दूसरा कार्य नहीं है। डॉ प्रमोद तिवारी जी ने कहा ऐसे में बेजुबान पक्षी की सेवा करने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए।

## मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की प्रथम किश्त वितरण कार्यक्रम 30 अप्रैल को

सतना। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2025-26 की प्रथम किस्त का वितरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 30 अप्रैल 2025 को धार जिले के उमरबन से किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में कुल 6000 रुपये की सहायता राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। प्रथम किश्त के वितरण हेतु जिले व ब्लाक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर और बड़ी स्क्रीन के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तथा ग्राम पंचायतों में भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# मुझे शहर में गड़बड़ दिखा तो बोला, किसी के कहने पर नहीं

**भाजपा नेता अनिल अग्रहरी ने किया पलटवार**



जागरण सतना। भाजपा नेता अनिल अग्रहरी शिवा ने मंगलवार को कहा कि उन्होने शहर विकास को लेकर जो पत्रकारवार्ता की थी वह कोई राजनीति से प्रेरित नही थी। यह बात उन्होने पहले ही बता दी थी मगर इस के बाद भी लोगो ने उसे राजनैतिक रंग देने का प्रयास किया। उन्होने अपनी पत्रकारवार्ता के दौरान किसी का नाम तो नही लिया मगर कहा कि तकरीबन 29 हजार बोट विधानसभा में पाने वाले व्यक्ति को तथाकथित दल बदलू नेता कहा गया है जो पूरी तरह से गलत है। शिवा ने कहा कि शहर में सीवर लाइन निर्माण के चलते लोगो का जीना मुश्किल हो रहा है। धूल के चलते व्यापारी परेशान है मैने शहर के विकास की बात कर दी तो इसमें गलत क्या है। मुझे ऐसा क्यो कहा जा रहा है कि सांसद गणेश सिंह ने भेजा है। मैं भी शहर का नागरिक हूँ। स्मार्ट सिटी का जो पैसा है वो शहरवासियों के टैक्स का पैसा है व्यक्तिगत आरोप लगाना कहा तक सही है। मैं भी ऐसे आरोप लगा सकता हूँ। व्यापारी घटिया व्यवस्था के चलते पलायन को मजबूर हो गये। उन्होने कहा कि मैं किसी के कहने पर पत्रकारवार्ता नही करता मुझे जो खराब लगा उसे बोल दिया। मैने प्रभारी मंत्री से भी कहा है कि आपको अच्छी सड़को से ले जाया जाता है। जहां खराब सड़के है वहां से नही। सांसद गणेश सिंह को बोला जा रहा है कि वे 25 सालो में कुछ नही कर पाये। शिवा ने कहा कि रेल्वे स्टेशन , मेडिकल कॉलेज, सहित कई ऐसे बडे कार्य है जो सांसद द्वारा करवाये गये है।

## मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 30 आवेदन

सतना। कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 30 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देष दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक को पत्नी शोक



रामपुर बाघेलान। भाजपा के पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विद्यादेवी सिंह रविवार को रात्रि 9 बजे स्वर्गवास हो गया है जिनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 10 बजे किया उनके निधन की खबर लगते ही रामपुर बाघेलान क्षेत्र सहित पूरे जिले मे शोक की लहर फैल गई स्वर्गीय विद्यादेवी भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित सिंह मुन्ना की पूज्य माता जी थी। इस दुखद घड़ी में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी अशोक सिंह पुष्पराज सिंह बघेल कदैला अजीत सिंह संदीप गुप्ता विष्णु सिंह पुष्पराज कुशवाहा कमलेश कचेर अरुणेंद्र भारती शैलेश सिंह पवन गौतम धीरेंद्र सिंह धीरू सुन्दर केशरवानी अरुण केसरवानी शंकर केसरी विभोर प्रताप सिंह आशीष सिंह अंम्बू शैलेन्द्र निगम राहुल कश्यप संतोष सिंह अमन सिंह परिहार शिवमोहन सिंह लाला सत्येंद्र निगम शोकाकुल परिवार से अमर सिंह अमित सिंह रोहितकांत सिंह दीपक सिंह दिलीप सोनी प्रदीप सोनी जे पी सोनी सहित क्षेत्र के लोगों ने इस दुखद घड़ी में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

**भाजपा ने शोक व्यक्त किया :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रामपुर बघेलान पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह की पत्नी स्व श्रीमती विद्या सिंह के आकस्मिक निधन पर भाजपा ने दी शोक श्रद्धांजलि। भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री मती विद्या सिंह एक सरलए स्नेही और समाजसेवी व्यक्तित्व की धनी थी। उनके निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज ने एक सम्माननीय महिला को खो दिया है। पार्टी की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और परिवार को इस दुख को सहने की ईश्वर शक्ति प्रदान करे।

**सुरेन्द्र शर्मा ने जताया शोक :** जदयू नेता व अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने रामपुर बाघेलान के पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन की खबर बहुत ही दुखद है मै विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

# राजरानी सेवा एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में त्रिदिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




जागरण सतना। राजरानी सेवा एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी में राष्ट्रीय स्तरीय त्रिदिवसीय सीआरई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । सामाजिक न्याय विशेषज्ञ डॉ अमर सिंह, रिसोर्स पर्सन एवं कार्यक्रम समन्वयक संजय सिंह गहरवार अजय सिंह अध्यक्ष श्रीमती मालती सिंह निदेशक के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सतत पुनर्वास कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा आज व्यवसायिक पुनर्वास क्या है व्यवसायिक व्यवसायिक पुनर्वास में प्रमुख सेवाएं क्या है व्यवसायिक पुनर्वास से किसे लाभ मिलता है । व्यवसायिक पुनर्वास का प्रभाव बताया गया राष्ट्रीय नीति का विवरण दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय नीति इस पर विस्तृत तीन दिवसीय सतत् पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत के कई राज्यों से लगभग 200 पार्टिसिपेंट्स एवं रिसोर्स पर्सन आए हुए हैं जिनका नियमित अटेंडेंस एवं अन्य भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा किया जाता है जिससे उन्हें भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा निर्धारित प्रतिदिन के 6 पॉइंट के हिसाब से 18 सी आर ई पॉइंट का लाभ प्रदान किया जा सके ।

# कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर करेंगे कार्यालयों और न्यायालयों का रोस्टर निरीक्षण

जागरण सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शासकीय कार्यालयों एवं राजस्व न्यायालयों में रोस्टर निरीक्षण का मई माह का कार्यक्रम जारी किया है। इसके अनुसार 2 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील कार्यालय रघुराजनगर एवं थाना कोलगवां और अपर कलेक्टर द्वारा डीईओ ऑफिस एवं जनपद पंचायत सोहावल के कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा। इसी प्रकार 7 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी मझगवां के कार्यालय और अपर कलेक्टर द्वारा उप संचालक कृषि एवं जनपद पंचायत मझगवां के कार्यालय, 9 मई को कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी नागौद, तहसील कार्यालय और थाना सिंहपुर, अपर कलेक्टर जल संसाधन एवं जनपद पंचायत नागौद के कार्यालय, 14 मई को कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी उचेहरा, तहसील कार्यालय उचेहरा, थाना उचेहरा तथा अपर कलेक्टर द्वारा पीएचई सतना और जनपद पंचायत उचेहरा का निरीक्षण किया जायेगा। इसी प्रकार 16 मई को कलेक्टर द्वारा रामपुर बघेलान के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय तथा थाना और अपर कलेक्टर द्वारा एमपीईबी सतना एवं जनपद पंचायत रामपुर बघेलान, 21 मई को कलेक्टर द्वारा कोटर के तहसील कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना तथा अपर कलेक्टर द्वारा पीडब्ल्यूडी कार्यालय सतना, 23 मई को कलेक्टर द्वारा बिरसिंहपुर के तहसील कार्यालय नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना सभापुर तथा अपर कलेक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय सतना, 28 मई को कलेक्टर द्वारा कोठी के तहसील कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय और थाना कोठी तथा अपर कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ कार्यालय सतना, 30 मई को कलेक्टर द्वारा मझगवां के तहसील कार्यालय, चित्रकूट के नगर पंचायत कार्यालय एवं थाना चित्रकूट तथा अपर कलेक्टर द्वारा शासकीय पी.जी. कॉलेज सतना के कार्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

# एनआरएलएम ने किया 2 लाख 6 हजार 781 सीड बॉल का निर्माण

सतना। जिले में आगामी बरसात में 25 लाख पौधे के वृक्षारोपण का लक्ष्य तय किया गया है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार बरसात में पौध रोपण की तैयारी के रूप में पौधों की नर्सरी वृक्षारोपण के लिए स्थान का चिन्हांकन फेनसिंग, गड्ढे एवं अन्य आवश्यक तैयारियां सभी संबंधित विभागों ने शुरू कर दी है। सतना जिले में पौधों की उपलब्धता के अतिरिक्त बीज से पौधे तैयार करने की योजना सीड बॉल के माध्यम से तैयारी की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख सीड बॉल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें अब तक एनआरएलएम की स्व-सहायता समूह की दीदीओं द्वारा लक्ष्य से दोगुना 2 लाख 6 हजार 781 सीड बॉल का निर्माण किया जा चुका है। इसमें उचेहरा विकासखण्ड की 26 पंचायतों में 53 हजार 575, सोहावल की 17 पंचायतों में 31 हजार 806, रामपुर बघेलान की 18 पंचायतों में 34 हजार, नागौद की 19 पंचायतों में 39 हजार 400, मझगवां की 24 पंचायतों में 48 हजार सीड बॉल का निर्माण किया जा चुका है। आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक अंजुला झा ने बताया कि उचेहरा विकासखण्ड में 26 ग्राम पंचायतों में कृषि सीआरपी, पशुपालन सीआरपी, और सक्रिय समूह सदस्य के पास इन्हें ठण्डे स्थानों पर स्टोर किया गया है। उन्होंने बताया कि



स्वसहायता समूह दीदीयां मुनगा, करंज, गुलमोहर, इमली, बेर, नीम और बेल के गुणवत्तायुक्त बीजों का संग्रहण कर गीली मिट्टी और गोबर को मिलाकर बीज में रखकर बॉल का स्वरूप देती है। इन्हें सुखाकर ठण्डे स्थानों पर संग्रहण किया जाता है। बरसात के समय सीड बॉल का उपयोग पौध रोपण में किया जायेगा। सीड बॉल के अंकुरण और पौधे के रूप में सरवाईव करने की क्षमता 30 से 40 प्रतिशत की गई है।

# गेमिंगो से हुआ टेक्नोवेशन का शानदार आगाज़

सतना। श्री रामाकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन करही में टेक्नोवेशन 2के25 का भव्य शुभारंभ 28 अप्रैल को महाविद्यालय प्रांगण में हुआ। उद्घाटन समारोह का आगाज टेक्नोवेशन और एसआरकेजीआई करही के ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद टेक्निकल विंग करही की इकाइयों पॉलीटेक्निक, फार्मेसी, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने अपनी ऊर्जित कदमताल में उत्साह का संचार किया। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ महेंद्र तिवारी और विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या महाविद्यालय बिरसिंहपुर के डॉ विजय पांडे उपस्थित रहें।



सभी अतिथियों ने गणेश के समक्ष द्वीप प्रज्वलन और बैलून होस्टिंग के साथ टेक्नोवेशन 2के25 कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा की। तत्पश्चात कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की छात्राओं ने गणेश वंदना के साथ आयोजन को आगे बढ़ाया। स्वागत भाषण में टेक्निकल विंग करही डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री ने सभी का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए अपील की। उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण शिवशक्ति को समर्पित मनमोहक प्रस्तुति रही जिसे एमबीए की छात्रा देवयानी सिंह परिहार ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र तिवारी जी ने अपने भाषण में सभी का मार्गदर्शन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके प्रति आभार प्रकट किया गया। टेक्नोवेशन का पहला दिन गेमिंगो का रहा जिसमें तरह तरह के फन गेम्स जैसे पिट्ठू, फॉलो द डायरेक्शन, मैजिक कार्पेट, कैच द बॉल, स्लो साइकिल आदि रहे। समाचार लिखे जाने तकए पिट्ठू गर्ल्स में कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पिट्ठू बॉयज में कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की टीम विजेता रही। गेस द डांस मूव में एमबीए की खुशी खुशबू, चटकारा में फार्मेसी की सेजल स्लो साइकिल में बीटेक से सचिन वर्मा विजेता रहे। सभी विजेताओं को टेक्नोवेशन के समापन समारोह 30 अप्रैल को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में मुख्य रूप से डायरेक्टर एसआरकेजीआई शाश्वत पुरी, प्रिंसीपल एएचपीएस डॉ हिमानी सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर टेक्निकल विंग शुभी खरे, डीन फार्मेसी डॉ अमित पांडे, डीन इंजीनियरिंग हायर सेमेस्टर दीपेश निगम, डीन इंजीनियरिंग फर्स्ट ईयर अभय मिश्रा तथा समस्त स्टाफ और स्टूडेंट्स उपस्थित रहें।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 31 मई तक

सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना जिले में संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार 1 मई से 31 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 5.30 बजे से प्रातः 7.30 बजे तक रहेगा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण शिविर के लिए खेल मैदानों में खेला के प्रशिक्षण हेतु खेल संघों के पदाधिकारी, जिला खेल प्रशिक्षक, व्यायाम निदेशक, खेल समन्वयक, वरिष्ठ एवं सीनियर खिलाडियों की डयूटी लगाई है। साथ ही समस्त प्रशिक्षक नियमित रूप से उपस्थित होकर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण कार्य संपन्न करायेंगे। यह शिविर जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने सुनी 104 आवेदकों की समस्यायें

जागरण सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 104 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,



चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

## नरवई जलाने पर कोटर तहसील में भी हुई एफआईआर

सतना। पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं।

# मैहर एसपी ने की जनसुनवाई



जागरण सतना। मंगलवार को मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कार्यालय में जनसुवाई की। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रो से आये फरियादियो की शिकायत सुनकर उनका समाधान किया गया एवं संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

# हिरन नाला में चिन्हित किए गए तीन दर्जन अतिक्रमण



जागरण अतिक्रमण

## हिरन नाला के कोतरकला एवं कोटहा क्षेत्र में मिले अतिक्रमणकारी

## अतिक्रमण से नाली में तब्दील हो चुकी है नदी



**जागरण, सीधी**

शहर के बाजार क्षेत्र के समीप प्रवाहित हिरन नदी के क्षेत्रफल के सीमांकन की कार्यवाही होने के पश्चात करीब तीन दर्जन अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। हिरन नदी के कोतरकला क्षेत्र में 21 एवं कोटहा क्षेत्र में दर्जन भर से ज्यादा अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। हिरन नदी के सीमांकन एवं अतिक्रमण के लिये गठित राजस्व विभाग की दो टीमों द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों की मौजूदगी में भूमि की नापजोख की गयी। तहसीलदार गोपद बनास को प्रेषित प्रतिवेदन में प्रथम टीम के राजस्व निरीक्षक गांधीग्राम वृत्त सेमरिया ने कहा है कि हिरन नदी खसरा नम्बर 738, 648, 220, 66 की नाप करने के लिये सीमावर्ती खेतों व मेड़ों का सहारा लिया गया। खसरा नम्बर 220 के पश्चिमी तरफ इसके खसरा नम्बर 239 नक्शे के अनुसार नदी की स्थिति में विभिन्नता पायी गयी। खसरा नम्बर 738 में पाये गये अवैध अतिक्रमणकर्ताओं में मोहनलाल पिता अमीरे सोंधिया का 10x5 वर्गफिट में सेप्टिक टैंक, लालू पिता स्वामी शरण चिकवा 10x5 पर सेप्टिक टैंक व शौंचालय, रामाधार पिता शिवपति सोंधिया 10x10 पर शौंचालय व सेप्टिक टैंक, बिमला पति मुन्ना द्विवेदी 10x5, 20x5 शौंचालय व सेप्टिक टैंक तथा बाउंड्री, गोपाल पिता अतुषण साकेत 33x10 पर बाउंड्री, संतोष पिता सुखलाल जायसवाल 13x10 पर मकान का अंश भाग, अशोक पिता सुखलाल जायसवाल 13x10 पर मकान का अंश भाग, राजा पिता सुखलाल जायसवाल 13x10 पर मकान का अंश भाग, रविशंकर पिता सुखलाल जायसवाल 13x10 पर मकान का अंश भाग, कुंवारे पिता धुरउ साकेत 25x25 पर मकान, हल्के सोनी 10x5 में दीवार, संजय पिता भगवत चौरसिया निवासी डैनिहा 5x20 पर मकान का अंश भाग, बबुलेश पिता सोनई भुजवा 15x20 में सीढ़ी, टैंक व शौंचालय, दीपू पिता सोनई भुजवा 15x20 में टैंक, शौंचालय, बाउंड्री, संतोष पिता सोनई भुजवा 25x20 में शौंचालय, बाउंड्री, रजनी पति छिनानंद केवट 30x20 में पिलर, शौंचालय, बाउंड्री, शीला पति हीरा पनिका 25x15 में शौंचालय, बाउंड्री, गोपालशरण सिंह पिता अवधशरण सिंह 100x5 पर बाउंड्री, संजय पिता राजू भारती 10x25 में मकान का अंश भाग व पिलर तथा खसरा नम्बर 648 में लालू पिता रामलाल केवट 10x6 टीनशेड, रमेश पिता रामलाल केवट 10x6 में टीनशेड से अतिक्रामक पाये गये। उधर हिरन नदी के कोटहा के लिये गठित टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों की सूची के साथ अपना प्रतिवेदन मंगलवार को तहसीलदार गोपदबनास को सौंपी गई। हिरन नदी के अतिक्रमणकर्ताओं की सूची तहसीलदार गोपद बनास के न्यायालय में प्रस्तुत होने के बाद इनके हटाने की कार्यवाही प्रचलन में आएगी। उधर शहर वासियों का कहना है कि सीमांकन के दौरान चिन्हित किए गए अतिक्रमणों को जल्द हटाकर हिरन नदी का सौंदर्यीकरण किया जाए।

### विशेष अनुमति के बिना नहीं बन सकते मकान

मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 के अनुसार विशेष अनुमति के बिना नदी-नाले में मकान नहीं बन सकते हैं। भू-राजस्व संहिता के अनुसार नदी या नाले के किनारे के क्षेत्र को नदी तल या नाले तल के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। ऐसे में उनके किनारे के क्षेत्र में भवन निर्माण का प्रतिबंध हो सकते हैं या निर्माण के लिए विशेष अनुमति की आवश्यकता होती है। यह सुनिश्चित करने का अधिकार सरकार को है। ऐसे में निर्माण के पहले संबंधित विभाग से अनुमति जरूरी है। यदि कोई बिना अनुमति निर्माण करता है तो उसे कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। उधर जानकारों का कहना है कि सीधी शहर के हिरन नदी में मकान बनाने के लिए संबंधितों द्वारा कोई विशेष अनुमति नहीं ली गई है। यहां तक कि उनके द्वारा भवन निर्माण की अनुमति के दौरान भी स्पष्ट रूप से यह प्रदर्शित नहीं किया गया कि वह नदी के अंदर अथवा उसके तट की भूमि में मकान का निर्माण करा रहे हैं। यदि कहीं प्रशासनिक स्तर पर यह जानकारी सामने आई कि उनके द्वारा हिरन नदी के तट पर मकान बनाने के लिए मंजूरी ली जा रही है तो उसको भी सौदेबाजी करके दबाने का काम किया गया है। हिरन नदी के अंदर एवं तटों पर बने दर्जनों मकानों को देखकर प्रथम दृष्टया ही लोग हैरत में पड़ जाते हैं कि आखिर जिम्मेदार विभागों का अमला यहां मकान बनाने से रोंकने के लिए कोई कोई कार्यवाही क्यों नहीं किया। वर्तमान स्थिति यह है कि यदि तेज बारिश हो जाए तो हिरन नदी के अंदर एवं उसके तटों में बने मकान पानी के अंदर आ जाएंगे। यदि इस तरह कभी अतिवृष्टि हुई तो उस दौरान यहां रहने वाले लोग खतरे में रहेंगे।

# सीधी जिले के छेड़छाड़ मामले को राज्य मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया




## पुलिस अधीक्षक से मांगा गया कार्यावाही प्रतिवेदन

**जागरण, सीधी**

मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल ने सीधी जिले के छेड़छाड़ मामले को संज्ञान में लिया है। आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने विगत दिवसों में समाचार पत्रों में प्रकाशित सीधी के छेड़छाड़ मामले पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सीधी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है। दरअसल भाजपा से निष्काशित नेता सुरेश सिंह द्वारा प्रेस कार्यालय के अंदर कार्यरत युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया था। नेता की उक्त पूरी कारगुजारी कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में कैद है। घटना के बाद इसकी शिकायत पीड़िता द्वारा सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह से भी की गई थी। घटना के सामने आने के बाद सुरेश सिंह को भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद से हटाने के साथ ही पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी तत्काल प्रभाव से निष्काशित कर दिया गया। पीड़िता द्वारा घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाना सीधी में की गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी सुरेश सिंह के विरुद्ध धारा 74, 75, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है। उधर आरोपी द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए जिला न्यायालय सीधी में अग्रिम जमानत के लिए लगाया गया आवेदन खारिच हो चुका है। अब उसके हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत के लिए प्रयास करने की खबरें हैं।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## सरस्वती विद्यालय मड़रिया में सम्मान समारोह आयोजित



**जागरण, सीधी।** सरस्वती उच्च. माध्य. विद्यालय मड़रिया सीधी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आज विद्यालय में अपनी 58 वर्ष की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर चुके आचार्य केपी यादव एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती श्यामकली नापित का विदाई समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केपी यादव एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्यामकली नापित रहीं तथा साथ में विद्यालय के अध्यक्ष विजय सिंह परिहार, व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त, प्राचार्य राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य रामशिरोमणि शर्मा एवं पाली प्रभारी श्रीमती साधना खरे मंचासीन रहे। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के व्यवस्थापक, अध्यक्ष तथा प्राचार्य के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल तथा अंग वस्त्र उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के आचार्य राकेश प्रसाद मिश्रा, रामायण सिंह, भागीरथी सिंह आदि के द्वारा इनके महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। केपी यादव ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निष्पादन करने का प्रयास किया। जिसके कारण सभी स्टाफ में स्नेह भाजन बना। प्राचार्य ने कहा कि आपकी कमी को पूरा करना असंभव है। जो कि हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने उनके अगली पाली के जीवन को सुख के साथ व्यतीत होने की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में अध्यक्ष ने कहा कि आप सब का सरल स्वभाव, कर्तव्य के प्रति कर्मठता, विद्यालय के अनुशासन का पालन आदि एक आचार्य के सभी गुणों से भरपूर होते हुए अपने विद्यालय में अपनी सेवाएं दीं। इसके लिए अपने विद्यालय व समिति की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य बृहस्पति प्रसाद मिश्रा और आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य दिवाकर प्रसाद द्विवेदी, छविराज सिंह, कप्तान सिंह, अमृत लाल सोनी, राजेश शुक्ला, श्रीमती संगीता सिंह, सुमन मिश्रा एवं अन्य सभी आचार्य और दीदियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## टाटा कॉलेज के छात्रों ने अयोध्या का किया शैक्षणिक भ्रमण



**जागरण, सीधी।** टाटा कॉलेज जमोड़ी खुर्द सीधी के शिक्षा विभाग द्वारा बीएड एवं डीएलएड के छात्र/छात्राओं का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण किया, जिसमें छात्र/छात्राओं ने अयोध्या का पूर्ण भ्रमण किया जिसमें वहां के ऐतिहासिक धार्मिक स्थानों के बारे में जानकारी एकत्रित किया और इसके साथ ही राम लला जन्मभूमि के दर्शन किया। यह महाविद्यालय का दूसरा शैक्षणिक भ्रमण था, जिसमें यह टूर छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण था। टूर के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट कार्य को भी पूर्ण किया। यह टूर शिक्षा विभाग के श्रीमती प्राची तिवारी मैम के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय से शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष अंकुश सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य राघवेन्द्र द्विवेदी एवं टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह भी शामिल रहे।

## चुरहट विधायक ने डॉ.अम्बेडकर की मूर्ति का किया अनावरण



**जागरण, सेमरिया।** ग्राम पंचायत पोड़ी कथारिहा में आयोजित समारोह में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री विधायक प्रतिनिधि, दिनेश गुप्ता मंडलम अध्यक्ष बढ़ौरा, सरपंच सुनीता रामदास साकेत, भूतपूर्व सरपंच छोटेलाल साकेत, विवेक कोल, समाजसेवी सुरेश कुमार चौधरी, अरूण साकेत पीएनबी कियोस्क संचालक सेमरिया, सूरज कंप्यूटर सेमरिया, मनोज मोबाइल सेमरिया, रामनाथ साहू विनोद साकेत और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस समारोह में ग्रामवासियों की भारी संख्या में उपस्थिति थी। जिनमें रामचरण साकेत, विकाश साकेत, प्रिन्स साकेत, नीरज साकेत, विमलेश साकेत, बसंत विकाश साकेत, रामायण साकेत, जोखई साकेत, रामदास साकेत, ओंकार साकेत, राजबहोर साकेत, पिंकू साकेत और एडवोकेट अजय भारती, एडवोकेट सूरज साकेत जैसे प्रमुख लोग शामिल थे। डॉ. भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति अनावरण समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत पोड़ी कथारिहा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो समाज में समानता और न्याय के प्रतीक के रूप में कार्य करेगा। इस समारोह ने ग्रामवासियों को एकजुट करने और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के अंत में ग्राम पंचायत पोड़ी कथारिहा की ओर से सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का विनोद साकेत कियोस्क संचालक सेमरिया ने आभार व्यक्त किये।


RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# उपाध्यक्ष कक्ष आवंटन मामला, न्यायालय ने सीएमओ को सौंपी जिम्मेवारी

## दिनोदिन गहराती जा रही सीधी नगर परिषद् की राजनीति




**जागरण, सीधी**

नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह द्वारा कक्ष खाली कराए जाने के विरोध में उच्च न्यायालय जबलपुर में एक याचिका दायर की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह साफ कर दिया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सीधी याचिकाकर्ता के सुविधाजनक कार्य व्यवस्था को देखते हुए कक्ष आवंटन किया जाए। हालांकि उच्च न्यायालय के उक्त आदेश पर उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह ने सीएमओ को पत्र लिखकर आदेश का हवाला देते हुए बैठने एवं कार्य करने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सुविधाजनक कक्ष आवंटित को लेकर मांग उठाई है। बता दें कि नगर पालिका परिषद सीधी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के बीच बनी अनबन की स्थिति से एक तरफ जहां नगर का विकास प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी तरफ राजनीति भी दिनोदिन गहराती जा रही है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह के कक्ष क्रमांक 26 को 24 फरवरी 2025 को अध्यक्ष सहित पार्षद व अन्य लोगों की मौजूदगी में ताला तोड़कर कक्ष खाली करा दिया गया था। जिसके विरोध में श्री सिंह ने उच्च न्यायालय एवं थाना सिटी कोतवाली तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही की मांग की थी। इसी मामले में उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश जबलपुर के डब्ल्यूपी नंबर 13590/2025 में पारित निर्णय आदेश दिनांक 22 अप्रैल 2025 के अनुसार उच्च न्यायालय ने यह साफ कर दिया है कि प्रशासनिक आदेश में हस्तक्षेप यह न्यायालय नहीं कर सकता है लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को याचिकाकर्ता के मांग अनुसार सुविधाजनक कार्यव्यवस्था करनी चाहिए। उच्च न्यायालय द्वारा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए पारित निर्णय में यह पाया गया है कि नगर पालिका द्वारा यह बताया गया है कि कक्ष क्रमांक 26 को जिला शहरीय विकास प्राधिकरण कार्यालय के लिए आवंटित किया गया था। अगर इसी आदेश के अनुसार एवं न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के आधार पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित की जाती है तो एक बार फिर अध्यक्ष का कक्ष भी खाली हो सकता है। कारण कि उपाध्यक्ष का कक्ष खाली कराकर अध्यक्ष ने उक्त कक्ष को अपना कक्ष बना लिया था। लेकिन अब उसमें शहरीय विकास प्राधिकरण कार्यालय संचालन के लिए आवंटित की बात सामने आई है। उक्त बातों का उल्लेख उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा पारित निर्णय की कांपी में पाया गया है।

## दिनदहाड़े मारपीट कर 3 बाइक सवारों से लूट



**जागरण, सीधी।** शहर के समीपी टर्री क्षेत्र में मंगलवार दोपहर 3 बाईक सवारों के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए 4 अज्ञात लोगों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब 3 बजे उस समय हुई जब करण पाल निवासी ग्राम महाराजपुर, बृजवासी पाल ग्राम खजुरी और राजेंद्र पाल तीनों बाइक से महाराजपुर से सीधी की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे टर्री के पास पहुंचे अचानक चार अज्ञात हमलावरों ने उनकी बाइक को रोका और मारपीट शुरू कर दी। घायल राजेंद्र पाल ने बताया कि हमलावरों ने पहले तीनों को पीटा, फिर उनके पास रखी नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए। घटना के बाद चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। मारपीट में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। विशेषकर सिर और हाथों में चोटें हैं। घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल पुलिस चौकी में पदस्थ आरपी मांझी ने बताया कि घायल अवस्था में तीनों युवक अस्पताल लाए गए हैं। उनकी शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पीएचई सीधी ईई टीएस बरकड़े निलंबित

**जागरण, सीधी।** जिले में जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं में भारी गड़बड़ियों की गूंज अब शासन के गलियारों तक पहुंच गई है। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीधी के कार्यपालन यंत्री त्रिलोक सिंह बरकड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल 22 अप्रैल 2025 को जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा बैठक में खुलासा हुआ कि सीधी जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं। हर घर जल योजना में स्थल निरीक्षण एवं अनुमोदन प्रक्रिया में अनियमितता, अपारदर्शिता और लापरवाही उजागर हुई। रिपोर्ट ने शासन को झकझोर कर रख दिया। राज्य शासन के आदेश मे साफ लिखा है कि बरकड़े द्वारा की गई लापरवाही योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावित कर रही थी, जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही थी। इसी आधार पर उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। यह आदेश राज्य शासन द्वारा जारी किया गया है, अपर सचिव अभिषेक सिंह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आदेश में उल्लिखित है कि निलंबन अवधि में उन्हें जल जीवन मिशन, जबलपुर परिक्षेत्र कार्यालय से संबद्ध किया गया है और उन्हें मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनता परेशान प्रशासन सुस्त और सरकार बेपरवाह: पंकज

**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने सीधी जिले के ग्रामीण इलाकों में गहरा, जल संकट को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि गांव वाले पानी की कमी से परेशान हैं और प्रशासन मौन। जब प्रशासन को पता है कि हर साल पानी का स्तर नीचे जाने पर जल संकट गहरा जाता है तो जनवरी माह से ही कार्ययोजना क्यों तैयार नहीं की गई। उन्होंने शासन प्रशासन की लापरवाही पर आश्चर्य व्यक्त किया है और न केवल सीधी ग्रामीण बल्कि शहरी इलाके के लिये तत्काल पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने का प्रशासन से आग्रह किया है। पंकज ने कहा कि सीधी जिले में हैण्ड पम्प की संख्या लगभग इक्कीस हजार छः सौ के करीब है कुछ बोर सुख गए है कुछ का जल स्तर गिर गया है कुछ मरम्मत योग्य है पर मरम्मत करने वाले कर्मचारी की संख्या बहुत कम है नियमानुसार एक मैकेनिक को अधिकतम 60 हैण्डपम्प की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए लेकिन इसके उलट एक मैकेनिक को तीन सौ हैंडपम्प के मरम्मत कि जिम्मेदारी दी गई है यह शासन की घोर लापरवाही का नमूना है। वर्षों से पीएचई में पद खाली पड़े हैं लेकिन शासन-प्रशासन को कोई चिन्ता नहीं है। उन्हें पानी की कमी का एहसास ही नहीं है क्योंकि उनके घरों में तो भरपूर पानी आ रहा है। आम आदमी परेशान है। उन्हें पानी के लिये दरबदर भटकना पड़ रहा है। अकेले सीधी जिले में अधिकारी, कर्मचारी, लिपिक और मैकेनिक के कई पद वर्षों से रिक्त हैं। उपयंत्री के आधे पद खाली पड़े हैं। यह सोचने की बात है कि बिना स्टाफ और संसाधन के काम कैसे होगा।




# पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर किया गया सघन गश्त पैदल मार्च



**जागरण, कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर ग्राम सिहुड़ी में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गांव में छापामार कार्रवाई और सघन गश्त पैदल मार्च कर यहां अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगों के ठिकानों व अड्डों में सघन तलाशी की गई।

आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग ने यह कार्रवाई कलेक्टर श्री यादव के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में किया है। कलेक्टर को सिहुड़ी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने यहां अवैध शराब की बिक्री होने की जानकारी दी थी। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने ऐसे तत्वों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से अवैध मदिरा विक्रय किये जाने वाले व्यक्तियो की पतासाजी किये जाने पर सिहुड़ी के ग्रामवासियो द्वारा बताया गया कि पूर्व में आबकारी एवं पुलिस थाना बाकल के बलों के द्वारा जब से धरपकड़ अभियान चलाया गया है तब से ग्राम में अवैध मदिरा का विक्रय बन्द है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बाकल प्रतीक्षा सिंह चंन्देल, आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, केशव प्रसाद उइके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, के.के.पटेल एवं मोना दुबे आबकारी आरक्षक, राजेश गौटिया, राम सिंह तथा होम गार्ड सैनिक उमेश मिश्रा एवं पुलिस थाना बाकल स्टाफ का योगदान रहा।

## सोशल मीडिया पर पहलगाम हमले में भाजपा का हाथ होने जैसे आरोप लगाते हुए फेसबुक पर किया पोस्ट!

**छतरपुर।** देश में पहलगाम आतंकी हमले के मामले में छतरपुर में एक कोचिंग संचालिका स्मिता जैन के द्वारा एक आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी का पहलगाम आतंकी हमले में हाथ होने की बात कहते हुए एक आपत्तिजनक पोस्ट अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट डाली गई जैसे ही भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी को इस पोस्ट के बारे में जानकारी लगी तो भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज द्विवेदी अपने कार्यकर्ताओं के साथ थाना सिटी कोतवाली में जाकर स्मिता जैन के खिलाफ एफआईआर की मांग को लेकर जांच कर स्मिता जैन के ऊपर एफ आई आर करवाने के लिए आवेदन सोपा गया थाना कोतवाली टीआई अरविंद सिंह दांगी ने आवेदन ले लिया।

# चित्रगुप्त प्रगटोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

## चार मई को निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा

**छतरपुर।** तीन दिवसीय चित्रगुप्त प्रगटोत्सव को लेकर कायस्थ समाज पिछले एक महीने से युद्ध स्तर पर तैयारियों मै जुटा हैं 7 इस विशाल धार्मिक आयोजन के लिए रविवार को श्री चित्रगुप्त मंदिर मै ट्रष्ट एवं कायस्थ हितकारणी सभा की संयुक्त बैठक जाने माने सर्जन डॉ एमपीएन खरे की विशेष उपस्थित मैं आयोजित की गई 7वैठक मैं श्री चित्रगुप्त मंदिर ट्रष्ट के अध्यक्ष डॉ राजेश खरे, पूर्व अध्यक्ष सुरेश वावू खरे, कायस्थ हितकारणी सभा एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो एचएन खरे विशेष रूप से उपस्थित थे 7 वैठक का संचालन नितिन खरे ने किया।

प्रचार प्रसार समिति के प्रमुख प्रतीक खरे ने प्रेस को दी गई जानकारी मैं वताया की वैठक मैं शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया 7 वैठक मैं तय हुआ की शोभायात्रा के दौरान बाध्य यंत्रो और डीजे इत्यादि की ध्वनियो का उपयोग ध्वनि प्रदूषण को ध्यान मै रखते हुए किया जाएगा 7 शोभायात्रा मैं शामिल सभी महिलाये वा पुरुष निर्धारित ड्रेस कोड मैं होंगे 7 यात्रा के दौरान होने वाले स्वागत मैं सड़को पर कचरा ना फैले इस वात का भी विशेष ख्याल रखा जावेगा 7 वैठक मैं तय किया गया की यात्रा के कारण आम नागरिको को यातायात की असुविधा ना हो इसके लिए चौपाटी के पास अस्थाई पार्किंग बनाई जायेगी जहाँ कायस्थ समाज के लोग अपने अपने दो पहिया वा चार पहिया वाहनो को पार्क करगे 7 सुरक्षा की दृस्टि से यहाँ प्राइवेट सुरक्षा गार्ड भी तैनात किये जायेगे जो वाहनो की सुरक्षा के साथ ही वाहनो को सलीके से पार्क करवाने मैं मदद करेंगे।

**वृंदावन के कलाकार देंगे प्रस्तुति :** समाज ने इस साल श्री चित्रगुप्त प्रगटोत्सव पर तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया हैं जिसमे 2 मई को भगवान चित्रगुप्त की स्थापना के साथ ही बच्चों की प्रतियोगिताये आयोजित होंगी, तीन मई को साम 7 बजे से सांस्कृतीक कार्यक्रम, प्रतिभाओ एवं वुजुर्गो का सम्मान होगा साथ ही श्री वृंदावन से विशेष आग्रह पर आये कलाकार अपनी बेहतरीन मनमोहक प्रस्तुति देंगे 7 वृंदावन वन से आये यह कलाकार शोभायात्रा के दौरान चल समारोह मै भी अपनी प्रस्तुति देंगे जो ख़ास आकर्षण का केंद्र होगी। वैठक मै एपी खरे, शंकरशरण खरे, अवनीद्र खरे, प्रियंक श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, पंकज खरे, संजय खरे, प्रमेश भटनगर, आनंद खरे, शुभम खरे, श्रेय सिन्हा, स्मिता खरे, प्राची खरे, शुभा खरे, पदमा खरे, नीरजा खरे, मधु खरे, आकांछा निगम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# निगमायुक्त ने आयोजित की विभागीय समीक्षा बैठक

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को निगम की समस्त शाखाओं के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से टीएल एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले नगर निगम से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। आयुक्त श्री दुबे ने टीएल एवं जनसुनवाई के लंबित एक-एक प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-16-25** **दिनांक: 25.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम:** प्रोविशन आफ एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड इम्प्रूवमेंट इन झाँसी-परौना सेक्शन (8 यार्ड)।

| | |
|---|---|
| **कार्य लागत लगभग :** ₹ 18217878.28 | **धरोहर राशि :** ₹ 241100.00 |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil | **निविदा खुलने की तिथि:** 19.05.2025 Time 15.00 |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 12 माह

निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **730/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## नाम सुधार सूचना

मैं ज्योति तिवारी पति श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी पाण्डेय टोला रीवा (म.प्र.) की हूं। कथन करता हूं कि हमारे पासपोर्ट में भूलवस मेरा नाम ज्योति मिश्रा पिता सतीष मिश्रा पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी लिख गया है। जबकि हमारे आधार कार्ड में मेरा नाम ज्योति तिवारी पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी लिखा है जो सही व सत्य है। अत: मेरे पासपोर्ट व सभी दस्तावेजों में ज्योति तिवारी पति वीरेन्द्र कुमार तिवारी दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- ज्योति तिवारी

## उत्तर मध्य रेलवे

**L. No.: JHS-ELG-W-T-01-2025-26** **दिनांक: 23.04.2025**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-01-2025-26, **कार्य का विवरण:** झांसी मंडल में ट्रांसफार्मर ओवरहालिंग और मरम्मत कार्य का प्रावधान।

| | |
|---|---|
| **निविदा राशि:** ₹ 18,42,780.00/- मात्र | **बयाना राशि:** ₹ 36,900/- मात्र |
| **कार्य समापन अवधि:** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथि:** 16.05.2025 (15:00 बजे तक) |

निविदाकार निविदा दिनांक **16.05.2025** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **732/25 (MG)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## पश्चिम मध्य रेल

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करता है।

**यूनिट के अनुसार आई डी, स्थान, श्रेणी, सांकेतिक लाइसेंस फीस (लागू जीएसटी को छोड़कर), बयाना राशि जमा और निविदा फॉर्म शुल्क (जीएसटी सहित) का विवरण**

| NIT No. | कार्य का नाम | यूनिट क्र. | प्लेट फॉर्म | सांकेतिक लाइसेंस फीस प्रति वर्ष | 5 वर्षों के लिए अनुबंध की कुल राशि | ईएमडी (कुल मूल्य का 5%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28–2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-1 | 1 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 29–2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-4 | 2/3 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 30–2025 | जबलपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | JBP-MP-8 | 6 | 1046100 | 5439720 | 280000 |
| 31–2025 | कटनी स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KTE-MP-3 | 3/4 | 368449 | 1915935 | 100000 |
| 32–2025 | मैहर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MYR-MP-4 | 2/3 | 174746 | 908679 | 50000 |
| 33–2025 | सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | STA-MP-1 | 1 | 1100001 | 5720005 | 290000 |
| 34–2025 | सागर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | SGO-MP-2 | 1 | 213962 | 1112602 | 60000 |
| 35–2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-1 | 1/2 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 36–2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-3 | 3 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 37–2025 | पिपरिया स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | PPI-MP-4 | 3 | 436777 | 2271240 | 120000 |
| 38–2025 | दमोह स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | DMO-MP-1 | 1 | 185101 | 962525 | 50000 |
| 39–2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-1 | 1 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 40–2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-2 | 1 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 41–2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-3 | 2 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 42–2025 | रीवा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | REWA-MP-4 | 2 | 157918 | 821174 | 50000 |
| 43–2025 | मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MML-MP-2 | 2/3 | 66000 | 343200 | 20000 |
| 44–2025 | मदनमहल स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | MML-MP-3 | 4 | 66000 | 343200 | 20000 |
| 46–2025 | नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | NU-MP-2 | 2 | 243100 | 1264120 | 70000 |
| 47–2025 | गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | GAR-MP-1 | 1 | 248685 | 1293162 | 70000 |
| 48–2025 | गाडरवारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | GAR-MP-2 | 2 | 248685 | 1293162 | 70000 |
| 49–2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-2 | 2/3 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 50–2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-3 | 4/5 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 51–2025 | कटनी मुड़वारा स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | KMZ-MP-1 | 1 | 893199 | 4644635 | 240000 |
| 52–2025 | सतना स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | STA-MP-4 | 2/3 | 1100001 | 5720005 | 290000 |
| 53–2025 | नरसिंहपुर स्टेशन पर मिल्क पार्लर का ठेका | NU-MP-1 | 1 | 243100 | 1264120 | 70000 |

**निविदा फॉर्म शुल्क:** ₹3540. ई–निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई–निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दिनांक 19.05.2025 को 15:30 बजे खुलेगी। रेल प्रशासन को बिना कोई कारण बताएं किसी भी निविदा का स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.

फोन नं0 07652–245167 ईमेल– dfotnshahd-mp@gov.in

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | निविदा प्रारंभ | निविदा समाप्ति | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत सामग्री | 19.04.2025 | 10.05.2025 | 12000/- | 1000/- |

निविदा क्रमांक MPFD_2025_417716_1 विद्युत सामग्री की आपूर्ती हेतु प्रकाशित की गयी है विस्तृत विवरण एमपी ई टेन्डर से प्राप्त करे।

G-12143/25

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उत्तर शहडोल

## पुलिस अधीक्षक,विशेष पुलिस स्थापना, लोक आयुक्त कार्यालय, रीवा संभाग,रीवा (म.प्र.)

E-mail :- sperwa@gmail.com & Phone/Fax :- 07662-256569

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, रीवा संभाग रीवा में एक चार पहिया वाहन डीजल/पेट्रोल (ए.सी.) मासिक किराये पर रूपये 10 लाख तक के वाहन लगाए जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं पंजीकृत ट्रेवल्स से आमंत्रित की जाती है। संबंधित फर्म अथवा व्यवस्थापक कार्यालयीन समय में कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, शिल्पी प्लाजा, "बी" ब्लाक तृतीय तल रीवा संभाग रीवा में निर्धारित शुल्क रूपये 250/– जमा कर निविदा की शर्त एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 05.05.2025 से 09.05.2025 तक प्राप्त कर सकते है। संबंधित फर्म/निविदाकार को निविदा शीलबंद लिफाफे में दिनांक 19.05.2025 को शायं 5:00 बजे तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक, विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त कार्यालय, शिल्पी प्लाजा "बी" ब्लाक तृतीय तल रीवा संभाग, रीवा में जमा करना अनिवार्य होगा। दिनांक 19.05.2025 को शायं 5:00 बजे के पश्चात् प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त निविदाये दिनांक 21.05.2025 को शायं 03:00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जावेगी। संबंधित निविदाकार चाहे तो स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

G-12168/25

पुलिस अधीक्षक
विशेष पुलिस स्थापना, (लोकायुक्त)
रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

**//निविदा सूचना//**

**क्रमांक 458/ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025** **रीवा, दिनांक 20-02-2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) 1070.85 वर्गमीटर के 30 वर्षीय अंतरण हेतु आरक्षित मूल्य (प्रीमियम) तथा अचल सम्पत्ति का वार्षिक पट्टा-भाटक पर म0प्र0 नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016, संशोधित नियम 2021 एवं संशोधित नियम 2023 के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल **www.mptenders.gov.in** में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निबिदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_404262_2 29.04.2025 [SECOND CALL] 458/20.02.2025 | नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित प्रमोटर बिल्डर्स गंगोत्री कालोनी योजना क्र.08 (शिल्पी कुंज) में भूतल में निर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स की ऊपरी छत (प्रथम तल) के 30 वर्षीय लीज पर अंतरण किए जाने बावत्। | ₹28900000/- | ₹15000/- ₹144500/- | 16.05.2025 18:00 बजे तक। |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in** की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

निविदा सू0क्रं0 01/2025–26/लेखा/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/2025 मऊगंज, दि0 25.04.2025

**ई–टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(1) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक **01.09.2023** से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों जिनके पास स्वयं के स्वामित्व की ड्रिलिंग मशीन उपलब्ध हो, निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **29.04.2025** डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि **29.04.2025** टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि **13.05.2025** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक **29.04.2025** एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि **13.05.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक **15.05.2025** को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाऐं, निर्धारित तिथि दिनांक **15.05.2025** को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :–

मऊगंज जिले के खण्ड मऊगंज के अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्डों में फास्ट ड्रिलिंग मशीन से 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे सफल नलकूपों के खनन संबंधित सम्पूर्ण कार्य।

| ई– टेण्डर नं0 | विकास खण्ड का नाम | समूह में नलकूपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_PHED_419189_1 | मऊगंज (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419190_1 | मऊगंज (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419196_1 | मऊगंज (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419198_1 | हनुमना (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419199_1 | हनुमना (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419200_1 | हनुमना (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419201_1 | त्यौंथर (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419203_1 | त्यौंथर (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419220_1 | त्यौंथर (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419222_1 | नईगढ़ी (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419223_1 | नईगढ़ी (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_419225_1 | नईगढ़ी (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ली जा सकती है। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

G-12174/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड,
मऊगंज जिला मऊगन (म0प्र0)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवें।

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा0 रीवा (म.प्र.)

जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone 07662 251335

क्रमांक/भण्डार/ 3579 रीवा दिनांक 22.04.25
प्रति,

**ई-निविदा सूचना**

वनमण्डल रीवा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में लगने वाली भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा एम0पी0 टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 23.04.2025 | Time 02:00 PM |
| Bid Submission Start Date - | 23.04.2025 | Time 02:30 PM |
| Bid Submission Closing Date - | 05.05.2025 | Time 03.00 PM |
| Bid Opening Date - | 06.05.2025 | Time 04:00 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

G-12183/25

(लोकेश निरापुरे भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक–1 रीवा

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक 02/ब.ले.लि./निविदा/2025–2026** **रीवा, दिनांक 24/04/2025**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र–अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1– अमानत राशि 2– निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1– निविदा आमंत्रण क्र. 2– कार्यावधि सहित/छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 419003 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य सर्किट हाउस रीवा का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 419006 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य डी टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 419007 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य ई टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 419008 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य एफ टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 419009 | एस.आर./ए.आर./एम.ओ.डब्ल्यू./जी.एम. एवं अन्य डिपाजिट कार्य जी–एच एवं आई टाईप बगलों का मरम्मत कार्य उपसंभाग क्रमांक–1 रीवा | 16.95 | 1- 33900.00 2- 2000.00 | 1– प्रथम आमंत्रण 2– 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 419012 | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कर्मचारी संघ ऑफिस कोठी कम्पाउण्ड रीवा का मरम्मत कार्य | 3.84 | 1- 7680.00 2- 2000.00 | 1– द्वितीय आमंत्रण 2– 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | कुल योग | 88.59 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 13/05/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपराक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-12166/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक–1 रीवा

लेकसिटी हॉस्पिटल
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
ReSurge
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत नि:शुल्क किए जा रहे हैं

ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है
कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:– बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

लोन
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क – 8962086944

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 135 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर।** मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 135 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकुंतला बढ़ोलिया पति रमेश कुमार बढ़ोलिया उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड क्र.5 गोविन्द गढ़ तह. हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) प्रभात सिंह तिवारी पिता स्व. नारेन्द्र सिंह तिवारी का पक्का मकान जो वार्ड क्र.2 बेला रोड में स्थित है, मकान नं. 98 जिसका रकवा 169702 वर्ग मीटर मेरे द्वारा जरिए रजिस्ट्री क्रय किया गया है। मेरे द्वारा कब्जा दखल प्राप्त कर लिया गया है उक्त मकान और भूमि अगर किसी व्यक्ति द्वारा क्रय–विक्रय किया जाता है तो गैर कानूनी होगी। सूचना प्रकाशन के बाद यदि कोई उक्त मकान को क्रय करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचनाकर्ता
श्रीमती शकुन्तला बढ़ोलिया
गोविन्दगढ़ जिला रीवा (म.प्र.)
मो.: 9893251681

RN-80584

# कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं



## कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में प्रकाश गुप्ता निवासी वार्ड नं. 14 दुर्गा कालोनी सोहागपुर ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि वार्ड नं. 14 दुर्गा कालोनी सोहागपुर में नाले के ऊपर सड़क निर्माण होने जाने के कारण पानी निकासी नहीं हो पा रहा है। जिससे पानी सड़क में बहता रहता है। सड़क में आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है तथा बरसात का पानी घरों में भर जाता है। उनका कहना था कि वार्ड नं. 14 दुर्गा कालोनी सोहागपुर में नाली का निर्माण कराया जाए। जिससे पानी का निकास हो सके। जिस पर कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारी शहडोल की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अहिमर्दन प्रसाद शुक्ला ग्राम बरकछ तहसील जयसिंहनगर ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उन्होनें अपना डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील जयसिंहनगर में आवेदन किया था। लेकिन अभी तक उनके नाम से डिजिटल प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। उनका कहना था कि उनका डिजिटल प्रमाण पत्र बनवा दिया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई




**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में इन्द्रवती यादव पति स्व0 श्री सीताशरण यादव ग्राम पोस्ट नेउसा, जनपद पंचायत पाली जिला उमरिया ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति स्व0 श्री सीताशरण यादव की मुत्यु दुर्घटना के कारण 5 फरवरी 2025 को हो गई थी। उन्होनें मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि हेतु कई बार आवेदन किया है। लेकिन अभी तक उनकों उनके पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली सहायता राशि का लाभ नहीं दिलाया गया है। उनका कहना था कि उनको सहायता राशि का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में सूरज बाई ग्राम पंचायत पड़मनिया जिला अनूपपुर ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति स्वर्गीय श्री देवी सिंह की मृत्यु 16 जून 2022 को हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद विधवा पेंशन हेतु उन्होनें कई बार ग्राम पंचायत में आवेदन किया है। आवेदन करने के बाद भी उन्हें विधवा पेंशन का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। उनका कहना था कि उन्हें विधवा पेंशन दिलाया जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# भगवान परशुराम प्रकटोत्सव पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम



**जागरण मंडला।** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर इस वर्ष दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरूआत आज मंगलवार को भव्य वाहन रैली के साथ होगी। वाहन रैली आज सुबह 9 बजे उपनगर महाराजपुर के बजरंग चौराहा से निकाली जाएगी, जो शहर भ्रमण करते हुए मंडला शहर के सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में समापन होगी। बुधवार 30 अप्रैल को सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में विप्र बच्चों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम :** भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर इस वर्ष दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की शुरूआत आज मंगलवार को भव्य वाहन रैली के साथ होगी। वाहन रैली आज सुबह 9 बजे उपनगर महाराजपुर के बजरंग चौराहा से निकाली जाएगी, जो शहर भ्रमण करते हुए मंडला शहर के सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर में समापन होगी। बुधवार 30 अप्रैल को सिंहवाहिनी वार्ड के नावघाट स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में विप्र बच्चों का जनेऊ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**विप्र बालकों को होगा उपनयन संस्कार :** माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष आकाश दीक्षित ने बताया भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल को विप्र बालकों का जनेऊ संस्कार प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। इसके बाद भगवान परशुराम की आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी। माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा मंडला के अध्यक्ष पं. आकाश दीक्षित, सचिव पं. अशोक दुबे कुररिया उपाध्यक्ष पं. प्रशांत बाजपेयी कोषाध्यक्ष पं. ऋषि तिवारी, भगवान परशुराम मंदिर के पुजारी पं. संतोष शुक्ला ने इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**परशुराम जयंती आज, 30 को अक्षय तृतीया :** वरदान आश्रम के यज्ञाचार्य नीलू महाराज ने बताया कि इस वर्ष परशुराम जयंती 29 अप्रैल को मनाई जाएगी, जबकि अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को मनाई जाएगी। वैसे तो परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया एक ही दिन मनाई जाती हैं, लेकिन इस वर्ष तिथियों में अंतर है।

परशुराम जयंती 29 तारीख को प्रदोष काल के कारण है, जबकि तृतीया तिथि 29 तारीख को रात 8 बजे शुरू होती है और 30 तारीख को पूरे दिन सूर्योदय से लेकर शाम 5.49 बजे तक रहती है, इस कारण अक्षय तृतीया 30 तारीख बुधवार को मनाई जाएगी। नीलू महाराज ने सभी परशुराम उपासकों से आग्रह किया है कि वे मंगलवार को रात 8 बजे परशुराम जी की अभिषेक, अर्चना, पूजन और हवन करें और अपने ईष्ट देवता का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 58 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 58 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिसमें छात्रवृत्ति न मिलने से परेशान एक छात्र जगदीश प्रसाद महोबे ने वर्ष 2021.22 की स्कॉलरशिप दिलवाने की मांग की, जिससे वह शिक्षा ऋण चुका सके। वहीं ग्राम खमरिया टिकरा टोला के ग्रामीणों ने रास्ते में अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए कहा कि इससे आपात सेवाओं और आवागमन में भारी समस्या हो रही है। आवेदिका श्रीमती प्रियंका यादव ने आवेदन प्रस्तुत कर पिछले एक वर्ष से वेतन न मिलने के कारण उत्पन्न आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए जल्द वेतन भुगतान की मांग की। वहीं अनुकम्पा नियुक्ति में विलंब को लेकर भी एक आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें जगदीश प्रसाद महोबे ने अपने पिता की सेवा के दौरान मृत्यु उपरांत नियुक्ति की मांग की। ग्राम डुंगरिया के ग्रामीणों ने विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली खंभे व ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई जनसुनवाई

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भी आज जनसुनवाई आयोजित की गई। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई 15 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया, जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव नहीं था, उसके लिए आवेदकों को समय-सीमा दे दी गई है। ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित होने से आवेदकों को दूर-दराज क्षेत्रों से जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ता, इससे उनके समय और खर्च दोनों की बचत होती है। पंचायतों में प्राप्त आवेदनों को आवश्यकता अनुसार कार्यवाही हेतु उच्च स्तर पर भी भेजा जाता है।

# बाल विवाह रोकने चलाया जा रहा जागरुकता अभियान



## जिला तथा ब्लॉक स्तर पर बनाये गए कंट्रोल रूम

**जागरण मंडला।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर स्तरीय, आंगनवाड़ियों पर एवं घर-घर जाकर लोगों को बाल विवाह रोकने हेतु जागरुक किया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियां एवं अभियान चलाये जा रहे हैं जिसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा जागरुता अभियान के चलते लोगों को बाल विवाह न करने हेतु समझाईश दी गई। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही सामूहिक विवाह स्थल में वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण अधिकारी/कर्मचारी के माध्यम से जन्म प्रमाण-पत्र, स्कूल की अंकसूची, आंगनवाड़ी केन्द्र का रिकॉर्ड जांच कर विवाह को रोका जा रहा है। इसके अलावा जन सामान्य को बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही जनसामान्य से सूचना प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम कार्यालय वन स्टॉप सेंटर जिला मण्डला दूरभाष 07642-252699, प्रभारी अधिकारी मधुलिका उपाध्याय प्रभारी प्रशासक मो.न. 9131670364 है। साथ ही कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मण्डला अनूप कुमार नामदेव, परियोजना अधिकारी मो.नं. 9977094310. कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना नैनपुर रेखा सैयाम, परियोजना अधिकारी मो.नं. 8103890508, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मवई ओमकार सिंह मसराम, परियोजना अधिकारी मा.न. 8939888724. कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना विछिप्या श्री विनोद वाहते, परियोजना अधिकारी मो.न. 7999913778, कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना घुघरी श्री श्याम सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी मो.न. 6260610481 कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना मोहगांव अनूप कुमार नामदेव, प्रभारी परियोजना अधिकारी मो.नं. 9977094310 कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना निवास दीपशिखा विश्वकर्मा, परियोजना अधिकारी मो.नं. 7771895281 कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना बीजाडांडी मनीषा तिवारी, परियोजना अधिकारी मो. 7415222031 तथा कार्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणगंज संजीव मोहर परियोजना अधिकारी मो.नं. 9424788160 पर संपर्क करने हेतु जनसामान्य से अपील की गई कि बाल विवाह का अंदेशा होने पर उक्त दिये गये नंबरों पर सूचित किया जाए।

# ग्राम सूरजपुरा में नरवई प्रबंधन को लेकर जागरुकता चौपाल आयोजित

## कलेक्टर डिंडोरी के निर्देश पर किसानों को दी गई वैकल्पिक उपायों की जानकारी



**जागरण डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने एवं किसानों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम सूरजपुरा, विकासखंड शाहपुरा में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके विकल्पों की जानकारी दी गई। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रॉ रीपर यंत्र के माध्यम से हार्वेस्टर से कटाई के बाद भूसा तैयार किया जा सकता है। साथ ही मूंग जैसी फसलों की बुवाई के लिए हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान नरवाई के वैकल्पिक उपयोगों पर भी प्रकाश डाला गया, जिनमें पेलेट बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में उपयोग, पैकेजिंग उद्योग, इको फ्रेंडली मूर्तियां और दीपक निर्माण शामिल हैं। किसानों को यह भी बताया गया कि वे नरवाई से जैविक खाद बनाकर न केवल रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम कर सकते हैं, बल्कि मिट्टी की सेहत भी सुधार सकते हैं।चौपाल कार्यक्रम में सहायक कृषि यंत्री पामेश भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गुमान सिंह चौहान, कृषि विस्तार अधिकारी साक्षी बिरला सहित ग्राम के अनेक कृषक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई न जलाकर पर्यावरण और कृषि दोनों की रक्षा करें।

# एसडीएम नैनपुर कार्यालय में शिकायत पेटी



**जागरण मंडला।** कलेक्टर मंडला सोमेश मिश्रा जी के निर्देश पर एसडीएम नैनपुर आशुतोष महादेव ठाकुर ने अनुभाग नैनपुर में नया अभिनव प्रयोग किया है जिस में जो नागरिक कोई सुझाव या शिकायत सार्वजनिक रूप से भी नहीं कर सकता वो इस सुझाव शिकायत पेटी पर अपनी बात लिख कर दे सकता है उस से उसका समय भी बचेगा और विलंब भी नही होगा हर शुक्रवार को पेटी खोली जाएगी और इस से संबंधित को क्या कार्य वाही की गई इस से भी अवगत कराया जायेगा इससे विभाग में पारदर्शिता सुचिता और दर्शिता आयेगी इसी तरह का अभिनव प्रयोग जनपद कार्य लय,और नगर पालिका परिषद नैनपुर में आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए गए है अन्य कार्य लय में भी यह व्यवस्था लागू की जा रही है लोगों में त्वरित इसकी प्रति क्रिया भी देखने को मिली और सभी ने इस अभिनव शुरुआत की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की है

# जिले के ग्रामीणों का उत्साह, जल स्रोतों की सफाई में निभाई अहम भूमिका

**जागरण डिंडौरी।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। जन अभियान परिषद की टीम के साथ ग्राम केवलारी, करेगांव, मनकी और धुर्वे टोला आदि गांव में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने-अपने गांवों में जल स्रोतों की सफाई एवं संवर्धन का कार्य पूरी निष्ठा और उत्साह से किया। अभियान के तहत तालाबों, हैंडपंपों के चारों ओर की गंदगी हटाई गई, कुओं की सफाई की गई और जल स्रोतों के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रमदान करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। जन अभियान परिषद के द्वारा बताया गया कि यह अभियान न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि इससे ग्रामीणों में जागरूकता भी बढ़ रही है। ग्रामीणों को जल संचयन, वर्षा जल संग्रहण तथा पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामवासियों और विद्यार्थियों की सहभागिता ने यह साबित कर दिया कि जब समाज साथ आता है, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव संभव हैं।



संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# चीन द्वारा पाकिस्तान का बचाव उचित नहीं

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के अपराधियों को न्याय दिलाने की बात कही है। चीन, पाकिस्तान को बचाने की कोशिश कर रहा है। अतीत में पाकिस्तान आतंकवाद के मसले पर सुधर नहीं पाया है। चीन आतंकवाद पर पाकिस्तान का बचाव कर रहा है। इस समय एनएससी का यह बयान 2019 के पुलवामा हमले से भी कमजोर माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अपने बयान में पहलगाम के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही है, लेकिन स्टेटमेंट देखकर लगता है कि इससे बात नहीं बनेगी। दरअसल, जब तक स्थायी सदस्य के रूप में चीन आतंक को सहारा देने वाले पाकिस्तान को बचाता रहेगा, तब तक किसी तरह के बदलाव की उम्मीद करना बेमानी है।

पहलगाम पर एनएससी के बयान की भाषा बेहद कमजोर रही, 2019 के पुलवामा अटैक के बाद आए बयान से भी कमजोर। तब सभी देशों से भारत सरकार के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने का आह्वान किया गया था। इस बार की अपील सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने की है। भारत सरकार शब्द होने से पाकिस्तान पर ज्यादा दबाव पड़ता। लेकिन, उसे बचाने के लिए एक बार फिर चीन आगे आ गया। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत ने कम से कम इतना तो सिखा दिया है, लेकिन चीन का रवैया भी कम सवालों के घेरे में नहीं। दुर्भाग्य से उसकी आतंकवाद को लेकर कोई एक नीति नहीं है। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें

> चीन की आतंकवाद को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। भारत को चीन के साथ इस मुद्दे पर स्पष्ट बात करनी चाहिए।

आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। उसने अपने शिनच्यांग प्रांत को दुनिया की सबसे बड़ी जेल में तब्दील कर रखा है। चीनी संस्कृति का ज्ञान देने के नाम पर वीगर मुस्लिमों को डिटेंशन कैंपों में रखा जाता है। इसके खिलाफ कई मानवाधिकार संगठन आवाज उठा चुके हैं, लेकिन चीन का कहना है कि उसकी लड़ाई आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया बदल जाता है।

भारत-चीन के रिश्ते उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं और इसकी बुनियाद में सीमा विवाद है। पाकिस्तान को वह भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। हालांकि नई दिल्ली को अब इस बारे में स्पष्ट बात करनी चाहिए। एक तरफ कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने जा रही है, जो रिश्तों में बेहतरी दिखाती है और दूसरी ओर पाकिस्तान का बचाव। लिहाजा चीन दोहरी चाल नहीं चल सकता। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी।

# बुनियादी ढांचे के बिना संभव नहीं सिंधु का पानी रोक पाना

सिंधु जल संधि



> सिंधु जल संधि स्थगित करने का असली प्रभाव तभी पड़ेगा, जब हम नदियों की धारा मोड़ सकेंगे या बड़े बांध बना कर उनकी जलधारा को नियंत्रित कर सकेंगे। ऐसे में, वहां के बड़े-बड़े शहरों की जलापूर्ति बाधित हो जायेगी। सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के सीमित असर ही दिखेंगे। मसलन, पश्चिम की ओर बहने वाली तीन नदियों का पानी पाकिस्तान की ओर जाने से रोकने के लिए हमें बुनियादी ढांचे का निर्माण करना होगा, जिसमें समय लगेगा।

विवेक शुक्ला

सिंधु जल संधि पर 19 सितंबर, 1960 को कराची में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किये थे। विश्व बैंक ने उस संधि में मध्यस्थ की भूमिका निभायी थी। उस संधि की जड़ें भारत के विभाजन में थीं, जिसने नदियों को भी विभाजित कर दिया था, जो दोनों नवगठित देशों के लिए जीवन रेखा थीं।

सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित करके भारत ने पाकिस्तान के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है। भारत ने इतना कठोर कदम 1965, 1971 के युद्धों और कारगिल के समय भी नहीं उठाया था, पर 2016 में उरी आतंकी हमले के बाद देश में इस संधि की समीक्षा करने या इसे रद्द करने की मांग उठी थी। तब भारत ने कहा था कि 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते' और संधि के तहत अपने अधिकारों का पूरी तरह से उपयोग करने का इरादा जताया था, जिसमें पश्चिमी नदियों पर जलविद्युत क्षमता का विकास और पूर्वी नदियों के पानी का अधिकतम उपयोग शामिल है।

पाकिस्तान एक शुष्क देश है, जहां पानी की उपलब्धता सीमित है। संधि के तहत पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों, सिंधु, झेलम और चिनाब का उपयोग करने का अधिकार मिला था। ये नदियां पाकिस्तान में बहने वाले कुल पानी का करीब 80 फीसदी हिस्सा हैं। पाकिस्तान की अधिकांश आबादी और खेती इन्हीं नदियों के पानी पर निर्भर है। उसकी अर्थव्यवस्था काफी हद तक कृषि पर आधारित है और 90 फीसदी कृषि सिंचाई पर निर्भर है और सिंचाई का अधिकांश पानी सिंधु, झेलम और चिनाब से आता है। संधि में छह नदियों को दो समूहों में विभाजित किया किया था। पूर्वी नदियों में सतलुज, ब्यास और रावी, जबकि पश्चिमी नदियों में सिंधु, झेलम और चिनाब हैं।

पाकिस्तान में गेहूं, चावल, कपास और गन्ना जैसी फसलें सिंधु, झेलम और चिनाब के पानी से सिंचित होती हैं। अब संधि के स्थगित होने से पाकिस्तान की खाद्य सुरक्षा और कृषि निर्यात गंभीर रूप से खतरे में पड़ जायेंगे। पाकिस्तान के लिए पेयजल और अन्य घरेलू जरूरतों का मुख्य स्रोत यही नदियां हैं। वह अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए इन नदियों पर बने बांधों से जलविद्युत उत्पन्न करता है। मंगला और तरबेला जैसे बड़े बांध इन्हीं पश्चिमी नदियों पर स्थित हैं। उसके दो बड़े प्रांतों-पंजाब और सिंध के बीच इन दिनों पानी के बंटवारे को लेकर खूब विवाद चल रहा है। सिंध का दावा है कि पंजाब उसके हिस्से का पानी उसे नहीं देता।

विभाजन के बाद नदियों के उद्गम स्थल और प्रमुख नहरों के हेडवर्क्स भारत में आ गये, जबकि पाकिस्तान का एक बड़ा कृषि क्षेत्र इन नदियों के पानी पर निर्भर था। हेडवर्क्स दरअसल नदी के किनारे या उसके प्रवाह की शुरुआत में बनाया गया इंजीनियरिंग ढांचा होता है, जो जल नियंत्रण, प्रवाह प्रबंधन और खेती के लिए पानी की आपूर्ति आदि सुनिश्चित करता है।उदाहरण के लिए, भाखड़ा बांध (सतलुज नदी पर) का हेडवर्क पानी को सिंचाई नहरों में डायवर्ट करता है, तो गंगा नहर का हेडवर्क हरिद्वार में गंगा नदी से पानी को नहर में ले जाता है। कूटनीतिक मामलों के जानकार मानते हैं कि सिंधु जल संधि पाकिस्तान की जल सुरक्षा, कृषि, अर्थव्यवस्था, ऊर्जा उत्पादन और लाखों लोगों के जीवनयापन के लिए बेहद खास है। इसके बिना पाकिस्तान को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा, जिसका उसके अस्तित्व पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है।

अब संधि स्थगित होने पर भारत इन नदियों के पानी का प्रवाह रोक सकता है, जिससे पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में, जो उसके मुख्य कृषि क्षेत्र हैं, सिंचाई के लिए पानी की भारी किल्लत होगी। इससे पानी पर निर्भर गेहूं, चावल, कपास और गन्ने का उत्पादन प्रभावित होगा, अनाज और अन्य खाद्य पदार्थों की कमी होगी, कीमतें आसमान छूने लगेंगी तथा बड़ी आबादी के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो जायेगा। इससे कपड़ा और चीनी जैसे उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा तथा पशुधन के लिए पीने के पानी और चारे की उपलब्धता पर संकट पैदा होगा। कूटनीति और जल वितरण संबंधी मामलों के जानकार राजकमल गोस्वामी कहते हैं कि सिंधु जल संधि पर भारत का फैसला पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के बराबर है, बशर्ते भारत इसे लागू कर सके।

सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के सीमित असर ही दिखेंगे। मसलन, पश्चिम की ओर बहने वाली तीन नदियों का पानी पाकिस्तान की ओर जाने से रोकने के लिए हमें बुनियादी ढांचे का निर्माण करना होगा, जिसमें समय लगेगा। पर सिंधु जल समझौते को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का फैसला बहुत महत्वपूर्ण है।

इसके प्रभाव विस्मयकारी होंगे। ग्रामीण समुदायों, जहां पाकिस्तान की 68 फीसद आबादी रहती है, खेती योग्य भूमि बंजर होने पर बड़े पैमाने पर विस्थापन का सामना करना पड़ेगा। लाहौर और कराची जैसे शहरी केंद्र, जो पहले से ही जनसंख्या वृद्धि से तनावग्रस्त हैं, जलवायु शरणार्थियों के आगमन से बुनियादी ढांचे पर दबाव और सामाजिक अशांति पैदा कर सकते हैं। पाकिस्तान के ऊर्जा क्षेत्र को भी झटका लगेगा, क्योंकि हाइड्रोपावर संयंत्र, जो 30 फीसदी बिजली की आपूर्ति करते हैं, रुक जाएंगे। बिजली कटौती से उद्योग ठप हो जाएंगे, जिससे एक देश में आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा जो पहले से ही कर्ज और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है।

पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल ने चेतावनी दी है कि सिंधु जल संधि को समाप्त करना परमाणु हमले से भी अधिक खतरनाक होगा। यह देश की खाद्य उगाने की क्षमता को खत्म कर देगा। पर सोशल मीडिया पोस्ट बढ़ते हुए घबराहट को दर्शाते हैं। यूजर्स संधि छोड़ने पर पाकिस्तान को गिरवी घर के रूप में वर्णित करते हैं, यह अनुमान लगाते हुए कि सिंधु के पानी के बिना देश रेगिस्तान बन सकता है।

भारत पश्चिमी नदियों को रोककर पानी को हथियार बनाने की क्षमता रखता है। लेकिन उसकी अपनी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता पाकिस्तान में आपदा को बढ़ा सकती है। भारत के पास सिंधु, झेलम और चिनाब के विशाल जल को कुछ दिनों से अधिक समय तक संग्रहित करने के लिए पर्याप्त बड़े जलाशय नहीं हैं।

हम पाकिस्तान की ओर बहने वाले पानी के बहाव को नियंत्रित तो कर ही सकते हैं।इसके तहत जब पानी की जरूरत न हो, तब पानी छोड़ने का, और जब जरूरत हो, तो पानी की आपूर्ति रोकने का काम कर सकते हैं। इस फैसले से हमारी सरकार ने यह तो जता ही दिया है कि आतंकी हमले के खिलाफ वह कितनी गंभीर है.

चूंकि यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी, ऐसे में, इसके स्थगित होने से पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक में भारत के खिलाफ शिकायत दर्ज करेगा। पाकिस्तान में भुखमरी फैलेगी तो कई मानवाधिकार संगठन आगे आयेंगे और भारत पर कूटनीतिक दबाव बढ़ेगा। पर अब जब निर्णय ले लिया, तो कदम पीछे नहीं हटाना है। पाकिस्तान का पानी बंद करना युद्ध छेड़ने से कम नहीं है और उसकी प्रतिक्रिया भी उसी तरह की होगी। पहलगाम के प्रतिकार में भारत सरकार का यह कदम सही दिशा में उठाया गया कदम है जिसकी चोट बहुत गहरी और नाकाबिले बर्दाश्त होगी।

# श्रद्धा, परंपरा और उमंग से भरपूर भव्य सांस्कृतिक आयोजन

चिथैरे उत्सव



> दक्षिण भारत के सबसे भव्य सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल मदुरै का चिथैरे उत्सव, मीनाक्षी और सुंदरेश के दिव्य विवाह का प्रतीक है। अप्रैल-मई में आयोजित यह उत्सव रथ यात्राओं, धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजीव हो उठता है। श्रद्धा, परंपरा और उमंग का यह मेल देश-विदेश के हजारों भक्तों को मदुरै खींच लाता है।

धीरज बसाक

अगर तमिलनाडु के किसी प्रतिनिधि सांस्कृतिक उत्सव की बात करें तो निश्चित रूप से वह मदुरै का चिथैरे उत्सव है। आमतौर पर अप्रैल और मई महीनों के बीच मनाया जाने वाला यह उत्सव मीनाक्षी मंदिर में आयोजित होता है और यह देवी मीनाक्षी और भगवान सुंदरेश्वर के विवाह का भव्य प्रतीक है, जिसमें पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा की ही तरह की भव्य रथ यात्रा निकलती है। इस उत्सव में कई दिनों तक समा बांध देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होते हैं। भगवान शिव-पार्वती के इस विवाह उत्सव में भगवान विष्णु के कल्लाझगर (अलागर) अवतार की भी कुछ झांकियां प्रस्तुत की जाती हैं, खासकर उनकी वैगई नदी में प्रवेश की घटनाओं को।

इस साल मदुरै का यह चिथैरे उत्सव 29 अप्रैल से शुरू होकर 12 मई तक चलेगा। सबसे पहले दिन यानी 29 अप्रैल को उत्सवों का आरंभ करने के लिए ध्वजारोहण या कोडियत्रम होगा, जो कि मीनाक्षी मंदिर में उत्सवों के शुरुआत का प्रतीक होता है। इसके तहत ध्वज फहराया जाता है। इसके बाद 6 मई को देवी मीनाक्षी का राज्याभिषेक होता है, जिसे पट्टाभिषेकम कहा जाता है। इस दिन उन्हें विधिवत मदुरै की रानी के रूप में अभिषेकित किया जाता है। 8 मई को मीनाक्षी (देवी पार्वती का एक रूप) और सुंदरेश्वर (भगवान शिव) का दिव्य विवाह सम्पन्न होता है, जिसे थिरूकलायनम कहते हैं। इसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इसके बाद 9 मई को रथ यात्रा या थेरोट्टम शुरू होती है, जिसमें देवी और भगवान के विशाल रथों को भक्तगण वैसे ही खींचते हैं जैसे पुरी में भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के रथ खींचे जाते हैं। इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए सिर्फ तमिलनाडु से ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं और रथ खींचते हैं।

अंतिम दिन यानी 12 मई को कल्लाझगर यानी भगवान विष्णु का वैगई नदी में प्रवेश होता है। इसी के साथ ही सालभर से इंतजार किये जा रहे मदुरै के चिथैरे उत्सव का समापन होता है। उत्तर भारत के लोगों को इस महत्वपूर्ण उत्सव को उसी तरह के उत्सव के रूप में लेना चाहिए, जिस तरह पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलती है या कई जगहों में गंगा दशहरा के दिन विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां निकलती हैं। चिथैरे उत्सव उसी प्रकार का एक भव्य आयोजन है, जिसमें धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक सहभागिता का संगम होता है। इस उत्सव में अगर आप देश के किसी भी हिस्से से भाग लेने के लिए मदुरै जाना चाहते हैं तो उत्सव के बहुत पहले ही अग्रिम बुकिंग करा ले। इस उत्सव में अच्छी तरह से भाग लेना चाहते हैं तो मीनाक्षी मंदिर, वैगई नदी के आसपास या अलागर कोविल के पास के होटलों को चुनें, वहां से हर दिन उत्सव में भाग लेने के लिए बहुत आसानी से पहुंचा जा सकता है, वरना इस शहर में उत्सव के पखवाड़े में इस कद्र भीड़ होती है कि पैर पर पैर पड़ता है। आमतौर पर यहां मार्च के आखिरी सप्ताह और अप्रैल के पहले सप्ताह के बीच 90 प्रतिशत से ज्यादा आवास की बुकिंग हो जाती है। यहां होटलों के अलावा होम स्टे और बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस बने हुए हैं। जहां तक मदुरै पहुंचने की बात है तो यह देश के कई बड़े शहरों मसलन चेन्नई, बंगलुरु और दिल्ली से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ है। रेलमार्ग से भी यह देश के प्रमुख शहरों से सीधे जुड़ा है, जबकि चेन्नई से मदुरै तक कार या बस से भी बहुत आसानी से यात्रा की जा सकती है। चूंकि अप्रैल और मई के महीनों में यहां काफी ज्यादा गर्मी पड़ती है। इसलिए अगर ठंडी जगहों से आ रहे हों तो इधर बहुत कपड़े लेकर न आए, आमतौर पर 40 डिग्री या इससे ज्यादा तापमान रहता है। ऐसे में सूती कपड़े, सनस्क्रीन, पानी की बोतल और प्राथमिक चिकित्सा किट का साथ होना जरूरी होता है। एक अच्छा-सा रेन कोट और छाता होना भी जरूरी है।

यहां आपको धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान में सीधे सरीक होने का रोमांचक अनुभव तो मिलता ही है, साथ में यहां कई तरह के व्यंजन और पेय पदार्थ भी खाने पीने को मिलते हैं। जिगरथंडा एक स्थानीय ठंडा पेय है, जो यहां खूब पीया जाता है। साथ ही दक्षिण भारत के कुछ मशहूर व्यंजन जैसे इडियप्पम और परोट्टा का भी यहां आनंद ले सकते हैं। साथ ही यहां के स्थानीय बाजार पुथु मंडपम और ईस्ट मासी स्ट्रीट पर खरीदारी कर सकते हैं।

प्रसंगवश

# आरकेएमपी स्टेशन पर सिपाही की पिटाई एक चेतावनी

अजीत सिंह

भोपाल के रानी कमलापति (आरकेएमपी)रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार रात हुई घटना ने न केवल कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई हैं, बल्कि समाज में तेजी से फैल रहे सांप्रदायिक विद्वेष को भी उजागर किया है। कुछ गुंडों द्वारा ड्यूटी पर तैनात एक जीआरपी जवान के साथ मारपीट करना और उसे उसकी धार्मिक पहचान के कारण जलील करना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। इस घटना का वायरल वीडियो, जिसमें गुंडे पुलिसकर्मी को बेरहमी से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं, इस घृणित कृत्य का पुख्ता प्रमाण है। इससे भी अधिक भयावह यह है कि जब एक अन्य पुलिसकर्मी हस्तक्षेप करने की कोशिश करता है, तो एक बदमाश उसे स्पष्ट रूप से हिंदू भाई कहकर बीच में न आने की धमकी देता है। यह घटना न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने पर एक सीधा प्रहार है, जो धर्म के नाम पर विभाजन और घृणा फैलाने की कोशिश करता है। दरअसल, यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। पहला, सवाल तो यह है कि सार्वजनिक स्थान पर, जहां कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है, इस प्रकार की गुंडागर्दी कैसे हो सकती है? यह दर्शाता है कि अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं है और वे खुलेआम हिंसा करने और धार्मिक विद्वेष फैलाने का साहस रखते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इन गुंडों में इतनी सांप्रदायिक घृणा कहां से आई कि वे एक पुलिसकर्मी को सिर्फ इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि वह एक विशेष धर्म का पालन करता है? यह हमारी शिक्षा प्रणाली, सामाजिक मूल्यों और राजनीतिक डिस्कोर्स पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

पुलिस विभाग और प्रशासन के लिए यह घटना एक कड़ी चुनौती है। उन्हें न केवल इन अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा सुनिश्चित करनी चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। इसके लिए रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता है। साथ ही, पुलिसकर्मियों को सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और सभी नागरिकों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। हालांकि, केवल कानून और व्यवस्था के माध्यम से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। हमें समाज के स्तर पर भी इस सांप्रदायिक मानसिकता से लड़ना होगा। परिवारों, स्कूलों और समुदायों को मिलकर युवाओं को सहिष्णुता, सम्मान और विविधता के मूल्यों को सिखाना होगा। धार्मिक नेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों को आगे आकर शांति और सद्भाव का संदेश देना होगा। मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी जिम्मेदारी से काम करना होगा और ऐसी सामग्री को प्रसारित करने से बचना होगा जो धार्मिक विद्वेष को बढ़ावा दे सकती है।

> यह घटना न केवल एक व्यक्ति पर हमला है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने पर एक सीधा प्रहार है, जो धर्म के नाम पर विभाजन और घृणा फैलाने की कोशिश करता है।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा प्राप्त है, चाहे उनकी धार्मिक पहचान कुछ भी हो। किसी को भी धर्म के नाम पर भेदभाव करने, हिंसा करने या अपमानित करने का कोई अधिकार नहीं है। रानी कमलापति स्टेशन की घटना एकचेतावनी है कि यदि हमने इस सांप्रदायिक जहर को समय रहते नहीं रोका, तो यह हमारे समाज की नींव को कमजोर कर देगा।

हमें इस घटना को एक वेक-अप कॉल के रूप में लेना होगा और एकजुट होकर सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ खड़ा होना होगा। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे और जहां धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न हो। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम अपने देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को बनाए रखें और एक शांतिपूर्ण और समावेशी भविष्य का निर्माण करें। इस घटना के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

## ॥गीता॥



**श्लोक :** परान्नं च परद्रव्यं तथैव च प्रतिग्रहम्।
परस्त्रीं परनिन्दां च मनसा अपि विवर्जयेत।।

**भावार्थ :**
**श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं-**
पराया अन्न, पराया धन, दान, पराई स्त्री और दूसरे की निंदा, इनकी इच्छा मनुष्य को कभी नहीं करनी चाहिए।

जीवन दर्शन

# कर्तव्य मार्ग दिखाने का रास्ता मात्र है धर्म

धर्म क्या है! यह व्यक्ति को उसका कर्तव्य मार्ग दिखाने का रास्ता मात्र है। यही बात श्रीमदभगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने हजारों साल पहले कही थी। जाति या वर्ण व्यवस्था केवल व्यक्ति के कर्म के अनुसार थी। भारत के संविधान में सभी धर्मों को बराबर का दर्जा दिया गया है, परन्तु धर्म और जाति की राजनीति देश के आजाद होते ही शुरू हो गई थी। किसी भी आवेदन के फार्म में आपको विवरण देना होगा। अगर सभी समान हैं तो इसकी आवश्यकता ही क्यों?

लोगों के दिमाग में जातिवाद की गहरी जड़ों को एक उदाहरण से समझिए, अध्यापक का स्कूल में प्रथम दिन था। बातों ही बातों में पहचान लिया कि सबसे आगे बैठी लड़की सबसे तेज है। पूछा बेटा, आपका क्या नाम है? लड़की बोली, जी सर, मेरा नाम जूही है। अध्यापक ने फिर पूछा, पूरा नाम बताओ बेटा? लड़की ने फिर कहा, जी सर, मेरा पूरा नाम जूही ही है। अध्यापक ने सवाल बदल दिया, अच्छा पापा का नाम बताओ? लड़की ने जवाब दिया- जी सर,



मेरे पापा का नाम है शमशेर। अध्यापक ने फिर पूछा, पापा का पूरा नाम बताओ? लड़की ने जवाब दिया, मेरे पापा का पूरा नाम शमशेर ही है, सर जी। अब अध्यापक बोले, अच्छा अपनी मां का पूरा नाम बताओ? लड़की ने जवाब दिया, मेरी मां का पूरा नाम है निशा। अध्यापक के पसीने छूट चुके थे। क्योंकि लड़की के बायोडाटा में जो चीज वह ढूंढ़ रहे थे, वह नहीं मिल रही थी। उसने आखिरी पैंतरा आजमाया और पूछा, अच्छा तुम कितने भाई बहन हो? लड़की बोली, सर जी, मैं अकेली हूं। अध्यापक निर्णायक सवाल पर आ गए- बेटे, तुम्हारी धर्म और जाति क्या है? लड़की ने इस सीधे से सवाल का भी सीधा-सा जवाब दिया, बोली, सर, मैं एक विद्यार्थी हूं, यही मेरी जाति है, और ज्ञान प्राप्त करना ही मेरा धर्म है। आप मेरे पैरेंट्स की जाति और धर्म जानना चाहेंगे। मेरे पापा का धर्म है मुझे पढ़ाना, मेरी मम्मी की जरूरतों को पूरा करना और मेरी मम्मी का धर्म है, मेरी देखभाल और मेरे पापा की जरूरतों को पूरा करना। अध्यापक के होश उड़ गये। सर, मैं विज्ञान की छात्रा हूं। साइंटिस्ट बनना चाहती हूं। जब अपनी पढ़ाई पूरी कर लूंगी और अपने मां-बाप के सपनों को पूरा कर लूंगी, तब कभी फुर्सत में सभी धर्मों का अध्ययन करूंगी। जो भी धर्म विज्ञान की कसौटी पर खरा उतरेगा, उसे अपना लूंगी। अध्यापक ने बड़ी हिम्मत कर जातीयता के चश्मे को हटाया और बोला, बेटे मानवतावादी बनकर, इस जाति के बीज को खत्म करने की कोशिश करें, तभी देश और समाज प्रगति कर सकेगा।

महेश यादव

## संक्षिप्त खबरें

### भाजयुमो नेता से मारपीट करने के मामले में पुलिसकर्मी सस्पेंड



**जागरण, जबलपुर।** भाजयुमो नेता को थाने में बंद कर बेरहमी से पीटने के मामले में एसपी संपत उपाध्याय ने प्रधान आरक्षक जयशंकर चौहान और आरक्षक अजय बघेल को सस्पेंड कर दिया है। भाजयुमो नेताओं ने पिटाई के आरोप तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा पर भी लगाए थे। दरअसल वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार रात को बाइक से जा रहे भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के मंडल मंत्री पवन शर्मा और मीडिया प्रभारी समर्थ केशरी को पुलिस ने रोका, जहां चालान को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद मौके पर तैनात प्रधान आरक्षक जयशंकर चौहान और आरक्षक अजय बघेल की युवा मोर्चा के नेताओं से बहस होने लगी। आरोप है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने पवन और समर्थ को थाने ले जाकर, टीआई की मौजूदगी में डंडे से तब तक पीटा जब तक कि उसका हाथ नहीं टूट गया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने भी माना कि दो दिन पहले जो घटना हुई है, वह पुलिस के लिए निंदनीय थी।

### डिप्टी सीएम की नहीं की अगवानी, नोटिस जारी



**जागरण, दतिया।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के आगमन के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन देखने को मिला है। 19 अप्रैल 2025 को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद उपाध्याय को रेलवे स्टेशन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल की अगवानी की जिम्मेदारी दी गई थी। विभाग ने उन्हें वाट्सऐप और मोबाइल पर इसकी सूचना भी भेजी थी। इसके बावजूद जिला कार्यक्रम अधिकारी स्टेशन नहीं पहुंचे। इस लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता माना गया है और उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

### मरणोपरांत होगा सम्मान

**विसं भोपाल।** प्रदेश सरकार मंदसौर जिले में हुई दुर्घटना के पीड़ितों को बचाने का प्रयास करते अपनी जान गंवाने वाले स्व. मनोहर सिंह का मरणोपरांत सम्मानन करेगी। उनके परिजन को शासकीय नौकरी भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मंदसौर में हुई दुर्घटना में स्वयं की जान की परवाह न करते हुए 4 लोगों के प्राणों की रक्षा कर मिसाल कायम की कि आज भी मानवता जिंदा है।

# अपने साहब के बॉस बन रहे सिफारिशी अधिकारी

## कनिष्ठ अफसरों को सुपरसीड करने से सरकार नाराज, सभी विभागों से मांगी जानकारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कई विभागों में वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ अधिकारियों को उच्च पदों का प्रभार देने से सरकार खफा है। शिकायतों के बाद सभी विभागों से ऐसे कनिष्ठ अधिकारियों की सूची शासन ने मांगी है। ऐसा माना जा रहा है कि सरकार पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान इस तरह के प्रभार को खत्म कर सकती है। गौरतलब है कि प्रदेश में कई वर्षों से अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति रुकी हुई है, जबकि हर साल सेवानिवृत्ति की वजह से पद खाली हो रहे हैं। ऐसे में इन खाली पदों पर सक्षम अधिकारियों को प्रभार दिए गए हैं, जिससे सरकारी विभागों का काम चल रहा है। लेकिन इसकी आड़ में कई कनिष्ठ अधिकारियों को अपने से वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी के बावजूद बड़े पदों पर बैठा दिया गया। बताया गया है कि ऐसे कई अधिकारी वरिष्ठ अफसरों के करीबी या उनके इशारे पर काम करने वाले हैं, तो कुछ राजनीतिक सिफारिशी भी हैं, जो अपने विभाग प्रमुखों को फोन कराकर मालदार प्रभार पर बैठ गए हैं। जानकारों की मानें तो इसकी भनक लगते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित कर ऐसे कनिष्ठ अधिकारियों की सूची तैयार कराने को कहा है, जो सीनियर अफसर होने के बाद भी उनके बॉस बनकर बैठे हुए हैं।



### जल्द हटाए जाएंगे ऐसे अधिकारी

सूत्रों की मानें तो ऐसे अधिकारियों को जल्द हटाकर उन्हें मूल पद पर बैठाया जाएगा और उनके स्थान पर पात्र अधिकारियों को प्रभार दिया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर तैयारी की जा रही है। जल्द ही शासन इस संबंध में विभाग प्रमुखों को निर्देश देकर वरिष्ठ अधिकारियों को उनका हक दिलाने का काम करेगा। इसी तरह शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्यो को भी मूल विभाग में वापस किया जाएगा।

### इन विभागों में उपकृत किए गए हैं कनिष्ठ अधिकारी

- लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभागः विभाग के उपखंड भोपाल में पदस्थ सब इंजीनियर संजय सक्सेना को सहायक यंत्री का प्रभार दिया गया है, जबकि पहले से ही नियमित सब इंजीनियर वहां पदस्थ हैं, जिन्हें इस पद पर पदस्थ किया जा सकता था। जानकारों का कहना है कि संजय सक्सेना कार्यभारित सब इंजीनियर हैं, इसलिए नियमानुसार वे इस पद की पात्रता नहीं रखते। कहा जा रहा है कि पिछले 20 साल से एक ही जगह पदस्थ सक्सेना अपने वरिष्ठ अधिकारियों के कृपा पात्र हैं, जिससे उनके पास कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। इस संबंध में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट तौर पर जवाब नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि पदों की कमी की वजह से प्रभार दिया जा रहा है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि पीएचई में पूरे प्रदेश भर में ऐसे एक दर्जन से अधिक कनिष्ठ अधिकारी हैं, जिन्हें वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के बाद भी बड़ी कुर्सियों (सुपरसीड) पर बैठा गया है।
- जल संसाधन विभागः यहां पर पूनम चंद ग्वालवंशी को सेंट्रल मैकेनिकल यूनिट का प्रभारी संचालक बना दिया गया, जबकि यूनिट में एचएस ठाकुर पहले से ही पदस्थ हैं, जिनका वर्तमान पद एक्जीक्यूटिव इंजीनियर है और उन्हें संचालक बनाकर ईई के ऊपर बैठा दिया गया।
- मप्र औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभागः यहां कई पदों पर प्रतिनियुक्ति के जरिए ऐसे अधिकारियों को पदस्थ किया गया है, जिससे मूल कैडर के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं मिल पा रही है। बताया गया है कि निगम में ऐसे 8 से 10 अधिकारी हैं, जिनकी वजह से मूल कैडर के अधिकारियों की उपेक्षा हो रही है। यह सभी अधिकारी एमएसएमई के हैं, जो वर्षो से प्रतिनियुक्ति पर एमपीआईडी में पदस्थ हैं।
- लोकनिर्माण विभागः इस विभाग में ऐसे एक दर्जन अधिकारी बताए जा रहे हैं, जिन्हें वरिष्ठों के स्थान पर प्रभार दिया गया है। इनमें से कुछ अधिकारी तो वर्षो से एक ही सीट पर बैठे हुए हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग के कई शिक्षक, व्याख्याता या तो दूसरे विभागों में पदस्थ हैं या फिर सरकार के मंत्रियों के निजी स्टाफ में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

# भाजपा ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी को कथित एनकाउंटर मामले में घेरा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को एक कथित एनकाउंटर मामले को लेकर घेरा है। उन्होंने जो खुद हत्या जैसे गंभीर आरोपों से घिरे हो,वो मध्यप्रदेश में न्याय की बात कैसे कर सकते हैं।

**प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने लगाए आरोप**

अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मध्यप्रदेश के कांग्रेस प्रभारी व राजस्थान के बायतू से विधायक हरीश चौधरी और उनके भाई पर गंभीर आरोप है। राजस्थान के बाड़मेर में कमलेश प्रजापति एनकाउंटर मामले में न्यायालय ने हरीश चौधरी, उनके भाई मनीष चौधरी और तत्कालीन आईजी नवज्योति गोगाई की संदिग्ध भूमिका की जांच के आदेश दिए हैं। मृतक की पत्नी जसोदा ने उन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की गई। विधायक की संदिग्ध भूमिका को नहीं देखा गया और सीसीटीबी फुटेज तक डिलीट कर दिए गए। अग्रवाल ने अपने एक्स पर आगे लिखा कि क्या सत्ता का दुरुपयोग कर कांग्रेस ने एक पीड़ित की जान ली है? क्या कांग्रेस की तत्कालीन गहलोत सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग कर पीड़ित की आवाज दबाने की कोशिश की? अग्रवाल ने अपनी पोस्ट के साथ एक पत्र भी टैग किया है, जो 16 अप्रैल 2025 का है।

# भाजपा ने सप्रे को बनाया स्थाई सदस्य, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

## कांग्रेस ने सवाल उठाया तो जिलाध्यक्ष ने दूसरी सूची कर दी जारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के मंच पर दिखने वालीं बीना विधायक निर्मला सप्रे को भाजपा ने नगर मंडल की कार्यसमिति में स्थाई आमंत्रित सदस्य बना दिया। जिसे लेकर कांग्रेस ने विधायक का इस्तीफा मांगा, तो जिलाध्यक्ष ने उनके बिना नाम वाली दूसरी सूची जारी कर दी। उल्लेखनीय है कि भाजपा के सागर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी मंडल कार्यसमिति की घोषणा की। इसमें विधायक निर्मला सप्रे को बीना नगर मंडल की कार्यसमिति का स्थाई आमंत्रित सदस्य बना दिया। यह सूची जैसे ही सामने आई वैसी ही कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्ष से निर्मला सप्रे से तत्काल इस्तीफा लेने की बात कही। मामला तूल पकड़ते ही प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के बाद सागर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने दूसरी सूची जारी कर दी, जिसमें निर्मला सप्रे का नाम नहीं था। इस बारे में तिवारी ने सफाई दी कि सप्रे को सदस्य नहीं बनाया गया है। गलती से नाम आया होगा, उसमें सुधार कर नई सूची बनाकर डाली गई है।



### भाजपा का नाम झूठी पार्टी हो : कटारे

इधर, सूची सामने आते ही उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने एक्स पर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी का नाम भारतीय झूठी पार्टी होना चाहिए। उन्होंने सूची को टैग करते हुए लिखा कि मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष लगातार कहते रहे हैं कि निर्मला सप्रे ने बीजेपी ज्वाइन नहीं की और अब कार्यकारणी ने उन्हें स्थायी आमंत्रित सदस्य भी बना दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि बाह रे बीजेपी। गजब का हुनुर है सफेद झूठ बोलने का न नीयत साफ, न बात साफ। जिसे शामिल करते है उसे नकारते भी रहे-जनता को इतना भी मूर्ख मत समझिए।

# अब मैं मंच पर नहीं नीचे बैठूंगा: दिग्विजय सिंह

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में दिग्गज नेता हुए शामिल



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** ग्वालियर में संविधान बचाओ रैली में शामिल होने पहुंचे राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने एलान कर दिया कि अब वो कांग्रेस या किसी मंच पर नहीं बैठेंगे। कांग्रेस में अब मंच की लड़ाई समाप्त होनी चाहिए। दरअसल रैली के दौरान मंच पर बैठने को लेकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच विवाद हो गया था। दरअसल रैली को संबोधित करने के लिए जैसे ही दिग्विजय सिंह खड़े हुए तो उनके सामने वाली कुर्सियां खाली दिखीं। जिससे सिंह नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि आज के बाद वो कभी भी मंच पर नहीं बैठेंगे और जब मुझे बोलने के लिए बुलाया जाएगा तभी मैं मंच पर जाऊंगा और भाषण देकर फिर से नीचे बैठ जाऊंगा। ग्वालियर पहुंचे दिग्विजय सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए अपने अनुज लक्ष्मण सिंह द्वारा उमर अब्दुला को लेकर की गई टिप्पणी को आपत्तिजनक बताया। सिंह ने कहा कि कश्मीर घाटी आज देश के साथ है तो यह पंडित जवाहर लाल नेहरू और शेख अब्दुला की दोस्ती और विश्वास की वजह से है। फारुख अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला भारत के प्रति समर्पित हैं। इसी तरह राहुल गांधी जो कहते हैं सोच समझकर कहते हैं। इसलिए लक्ष्मण सिंह का जो बयान मीडिया में आया है, वह उचित नहीं है। उन्होंने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा एजेंसियों और सुरक्षा बलों की चूक पर सवाल भी खड़े किए। उन्होंने सवाल किया कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि हमने आतंकवाद खत्म कर दिया, तो यह हमला क्या है।

### रैली में ये बोले नेता

**संविधान को खत्म करने की सोच के खिलाफ लड़ाईः जीतू**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम ग्वालियर की ऐतिहासिक धरती से एक नई लड़ाई शुरू कर रहे हैं। यह सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि उस सोच के खिलाफ है जो संविधान को कमजोर करना चाहती है। कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं लड़ रही, बल्कि उस संविधान की रक्षा के लिए खड़ी है, जो गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और महिलाओं को उनके अधिकार दिलाता है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी निशाना साधा।

**सामाजिक जागरुकता को लेकर रैलीः हरीश चौधरी**

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि संविधान हमें बोलने, जीने और चुनाव लड़ने का अधिकार देता है। आज हर अधिकार पर हमला हो रहा है। यह रैली केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता की शुरुआत है।

**आदिवासियों पर अत्याचार करते हैं भाजपा नेताः श्रीनेत**

कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत ने शासन की विफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा 30,000 से अधिक सरकारी पद खाली हैं ताकि एससी, एसटी और ओबीसी युवाओं को आरक्षण न देना पड़े। ठेके और आउटसोर्सिंग के जरिए नियुक्तियां की जा रही हैं। मध्यप्रदेश में बीजेपी नेता आदिवासियों पर अत्याचार करते हैं और दलित युवकों पर गोली चलाई जाती है।

**ये रैली नहीं नागरिक आंदोलन हैः सिंघार**


नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रैली को नागरिक आंदोलन करार देते हुए कहा, संविधान आपको बराबरी, नौकरी और आरक्षण का अधिकार देता है। लेकिन बीजेपी सरकारें कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए आपके संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही हैं। 70 से अधिक युवा स्टार्टअप बंद हो गए हैं, लाखों सरकारी पद खाली हैं, क्योंकि आरक्षण देना पड़ सकता है। दतिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एफआईआर दर्ज की जाती है।

# विधायक मसूद को धमकी पर सियासत तेज

## कांग्रेस बोली-रामेश्वर के साथ आरोपी का फोटो, भाजपा ने किया पलटवार



आरिफ मसूद



रामेश्वर शर्मा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में मसूद को जान से मारने की धमकी ने सियासी रूप लेना शुरू कर दिया है। कांग्रेस इसे भोपाल मध्य क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद से जोड़कर देख रही है। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, तो कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोलते हुए इसे चिंताजनक बताया है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। कांग्रेस ने कहा कि आरोपी का फोटो भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ है। उनके नेताओं के खिलाफ षडयंत्र हो रहे हैं। टैपिंग के कई इनपुट मिले हैं, जल्द ही इसका खुलासा करेंगे। इस पर भाजपा ने कांग्रेस से कहा कि वह सबूत पेश करे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरिफ मसूद को मिली धमकी को चिंताजनक बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को धमकाना सीधे लोकतंत्र पर हमला है। जिसकी निंदा होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। मध्यप्रदेश में डर और नफरत की राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस प्रवक्ता स्वदेश शर्मा ने भी इस मामले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि मसूद सहित कई जनप्रतिनिधियों को सरे आम धमकी देना सरकार की मंशा को प्रदर्शित करता है। कांग्रेस के पास ऐसे बहुत सारे इनपुट हैं, जो सरकार की साजिश को खोलेंगे। हम जल्द ही इसका खुलासा करेंगे। इस पर भाजपा प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस को अपने प्रचार प्रसार के लिए इस तरह की हल्की बात नहीं करनी चाहिए। यदि कांग्रेस के पास किसी तरह का सबूत है तो उसे राज्य सरकार, पुलिस विभाग को देना चाहिए। यदि यह नहीं करना चाहती तो कांग्रेस को सार्वजनिक तौर पर मीडिया के सामने उसे रखना चाहिए। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं करेगी, वह तो केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर रही है। बताया जा रहा है कि आरिफ मसूद को धमकी देने के आरोपी की सोशल मीडिया डीपी पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ फोटो लगी है। यह सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहा है। हालांकि धमकी में सिर्फ मसूद शब्द ही लिखा है। मसूद कौन है, इसका उल्लेख नहीं किया गया है। मामला सामने आने पर विधायक मसूद के समर्थकों द्वारा शाहजहांनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# अतिथि शिक्षक 6600 की घूस लेते गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने सोमवार को बड़वानी जिले की ठीकरी ब्लॉक के मदरानिया गांव में पदस्थ अतिथि शिक्षक हीरालाल गुप्ता को 6,600 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। हीरालाल ने संजय वर्मा नाम के शिक्षक से एरियर और लंबित भत्तों के भुगतान के एवज में घूस की डिमांड की थी। जानकारी के अनुसार संजय वर्मा शासकीय विद्यालय मोरीपुरा में प्राथमिक शिक्षक हैं और उनका जनवरी 2020 से अक्टूबर 2024 तक के वेतन विसंगति के अंतर की एरियर राशि 1 लाख 33 हजार 805 रुपए का भुगतान होना था। वर्मा ने इस एरियर राशि के भुगतान के संबंध में संकुल केंद्र मदरानिया स्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक हीरालाल गुप्ता से संपर्क किया, जिसने भुगतान करने के एवज में उनसे 5 प्रतिशत के हिसाब से 6600 रुपए की रिश्वत मांगी थी। हैरानी की बात ये है कि शिक्षा विभाग में अतिथि शिक्षक के अस्थायी पद पर कार्यरत हीरालाल को यहां लेखापाल जैसे महत्वपूर्ण पद का प्रभार सौंपा हुआ था।



**स्कूल के मेन गेट पर दबोचा, अफसरों की मिलीभगत की भी जांच :** योजना के अनुसार संजय वर्मा ने हीरालाल गुप्ता को स्कूल के गेट पर बुलाया। यहां गुप्ता ने जैसे ही रिश्वत की रकम ली, वैसे ही लोकायुक्त दल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। अब लोकायुक्त पुलिस इस मामले में शिक्षा विभाग के अफसरों की भूमिका भी पता लगा रही है। पुलिस इन सवालों के जवाब खोज रही है कि आखिर एक अतिथि विद्वान को लेखापाल का प्रभार किसके कहने पर सौंपा गया और इस अतिथि शिक्षक के इस घूसखोरी के खेल में शिक्षा विभाग के कौन से अफसर शामिल थे।

# एएनएम व फीमेल हेल्थ वर्कर की भर्तियों के लिए अहर्ताओं में संशोधन उचित

## हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण आदेश, संशोधन बैकडेट से लागू नहीं होगा

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने एएनएम व फीमेल हेल्थ वर्कर की भर्तियों के लिए अहर्ताओं में किए संशोधन को उचित करार दिया। हालांकि कोर्ट ने यह भी साफ किया कि ये संशोधन बैकडेट से लागू नहीं होगा। उक्त संशोधन को चुनौती देते हुए चार हजार से अधिक उम्मीदवारों ने याचिकाएं दायर की थीं। जिन पर सुनवाई पूरी होने के साथ ही दो अप्रैल को आदेश सुरक्षित कर लिया गया था। सोमवार को आदेश सुनाया गया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डयाल, राजेश दुबे, वृंदावन तिवारी व मनोज कुशवाहा सहित अन्य ने पक्ष रखा गया। उन्होंने दलील दी कि मप्र कर्मचारी चयन आयोग ने एएनएम, फीमेल हेल्थ वर्कर व अन्य पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। उक्त पदों की योग्यता को लेकर दो फरवरी, 2019 में संशोधन किए गए। इनमें 10 वीं के स्थान पर फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलाजी के साथ 12वीं परीक्षा उत्तर्ण करना, 18 माह की जगह 24 माह का नर्सिंग प्रशिक्षण की योग्यता रखी गई। कई याचिकाओं में इन संशोधन को चुनौती दी गई। इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने ये संशोधन 2012-13 में कर दिए थे। कोर्ट ने निर्देश दिए कि भर्ती के लिए वे उम्मीदवार पात्र होंगे जिन्होंने 10वीं के बाद एएनएम प्रशिक्षण हेतु सत्र 2012-13 के पूर्व प्रवेश कर लिया हो। उसके बाद प्रवेश लेने वाले पात्र नहीं होंगे। वे उम्मीदवार भी पात्र होंगे जिन्होंने वर्ष 2012-13 के पूर्व 18 माह का नर्सिंग प्रशिक्षण हेतु कालेज में प्रवेश लिया हो या योग्यता अर्जित कर ली हो। इस तिथि के बाद 24 माह का प्रशिक्षण लेने वाले ही पात्र होंगे। जहां तक फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी का संबंध है जिनके पास सत्र 2018-19 के पूर्व कक्षा 12वीं की योग्यता प्राप्त है चाहे किसी भी विषय से हों, वे सभी नर्सिंग चयन में पात्र होंगे।



**बैठक** | सीएम ने मंत्रालय में की उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा

# सकारात्मक प्रयासों के कारण चीता प्रोजेक्ट सफलः मुख्यमंत्री

**विंस भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि कूनों में पांच नन्हें मेहमानों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह वन विभाग की टीम के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम है। सीएम ने कहा कि रविवार को मध्यप्रदेश के चीता परिवार में पुनः वृद्धि हुई है। जितने चीते अफ्रीका से लाए गए थे, उससे ज्यादा चीतों का जन्म मध्यप्रदेश में हो चुका है। यह चीता प्राजेक्ट के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है, हम निरंतर इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब मध्यप्रदेश में पहला चीता छोड़ा था, तब से लेकर आज तक कूनों में चीतों में निरन्तर वृद्धि हो रही है। राज्य सरकार सभी वन्य जीवों और उनके परिवार वृद्धि के लिए उपयुक्त ईको-सिस्टम विकसित करने का प्रयास कर रही है। इससे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी और पर्यटन भी बढ़ेगा। प्रदेश सरकार के प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि चीते को भी एशिया में पुनर्स्थापित किया जा सकता है।





### हर संभाग में लगेंगे कृषि मेले

मुख्यमंत्री ने कहा है किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। मध्यप्रदेश कृषि आधारित प्रदेश है, यहां कृषि विकास दर भी बहुत अच्छी है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के साथ-साथ हम कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मेले प्रत्येक संभाग में कृषि मेले लगाए जाएंगे। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से होने वाले यह आयोजन उन्नत कृषि तकनीकों,खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों और कृषि में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित होंगे।

### राज्य का हर कोना औद्योगिक उन्नति से जुड़े

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में उच्च-स्तरीय बैठक में उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 में प्रस्तावित कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे प्रयास होने चाहिए जिससे राज्य का हर कोना औद्योगिक उन्नति की धारा से जुड़ सके। सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वित प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन क्षेत्रों की ओर भी विशेष ध्यान दे, जहाँ औद्योगिक गतिविधियां अपेक्षाकृत धीमी रही हैं। प्रदेश के सक्रिय औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग करते हुए अन्य क्षेत्रों में भी औद्योगिक वातावरण का विस्तार किया जाए। नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कृषकों के हित में डिजाइन किया जाए, ताकि सौर ऊर्जा उनकी आय में वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सके। उद्योग एवं रोजगार वर्ष में स्टार्ट-अप प्रोत्साहन, एमएसएमई विकास, निर्यात संवर्धन, कौशल उन्नयन, रोजगार मेले, निवेश संवर्धन सम्मेलन जैसे सभी प्रमुख कार्यक्रम निर्धारित वार्षिक कैलेंडर के अनुसार संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक गतिविधियों का केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि उनके ठोस परिणाम सुनिश्चित करना विभागों की जिम्मेदारी होगी। इसके लिए विभागीय समन्वय को बेहतर बनाया जाए और कार्यक्रमों की गुणवत्ता तथा समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### 30 अप्रैल को श्रमिक परिवारों को मिलेगी राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उपस्थित रहेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### तबादला नीति पर...

पर विभाग जो भी तबादले करेगा, उसकी सूची अपने पोर्टल पर डालनी होगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने विभागों से कहा है कि अगर वे चाहते हैं तो अपनी खुद की तबादला नीति बना सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग से नीति को स्वीकृत कराना होगा। उन्होंने बताया कि नई नीति में जो प्रस्ताव लाए गए हैं, उसमें विभागों में पदवार तबादलों का प्रतिशत भी तय किया गया है। इसके अनुसार 200 संवर्ग के पद होने पर 20 प्रतिशत स्थानांतरण किए जा सकेंगे। 201 से 1 हजार तक संवर्ग पद होने पर 15 फीसदी, 1001 से 2 हजार तक 10 प्रतिशत और 2001 से अधिक संवर्ग पद होने पर 5 प्रतिशत ही तबादले होंगे। स्वैच्छिक तबादले भी तय प्रतिशत में ही शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा- किसानों के मामले में कहा कि सरकार किसानों के साथ है और वह किसी भी मामले में उन्हें दंडित नहीं करना चाहती, लेकिन पर्यावरण को नुकसान से बचाने के लिए कैबिनेट ने तय किया कि यदि कोई किसान नरवाई या पराली जलाता है, तो उन्हें एक साल तक किसान सम्मान निधि नहीं दी जाएगी और एमएसपी पर उनकी फसल भी नहीं खरीदी जाएगी।

### थाने में घुसकर ...

आवाज आई। प्रिंस बाहर आया और देखा कि एक नकाबपोश युवक खड़ा है। प्रिंस के बाहर आते ही युवक ने कट्टे से उस पर फायर कर दिया। थाना परिसर में पुलिसकर्मी पर हमले की जानकारी मिलते ही एसपी आशुतोष गुप्ता और अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। सीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें रवाना कर दी हैं। कुछ संदेहियों को भी हिरासत में लिया है। हालांकि गोली मारने वाला युवक मुंह बांधे था। घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार को घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि सतना जिले के जैतवारा थाने में घुसकर बदमाशों ने आरक्षक प्रिंस गर्ग को गोली मार दी। मप्र की जनता भगवान भरोसे ही है।

### उज्जैन में जैन ...

देर रात 1.30 बजे उन्हें मोबाइल पर कॉल किया। चौरसिया ने कहा कि आपके स्थानक में जो साध्वी ठहरी हैं, उन्होंने बगीचे के बाहर पानी फेंका है। विनीत ने उन्हें समझाया कि आगे से ऐसा नहीं होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव और उज्जैन एसपी को घटना की जानकारी दे दी गई है। वहीं, जैन समाज के लोग घटना के विरोध में बुधवार को बड़े प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-फ्रांस के बीच 26 राफेल विमानों का करार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने नौसेना की समुद्री फायर-पावर को बढ़ाने के लिए फ्रांस से 26 अति आधुनिक राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का समझौता किया है। भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच हुए अंतर-सरकारी समझौते के तहत 26 समुद्री राफेल जेट की खरीद पर करीब 64000 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसमें 22 राफेल जेट सिंगल सीटर और चार ट्विन-सीटर होंगे। भारत-फ्रांस के बीच हुए इस रक्षा खरीद समझौते की शर्तों के अनुसार भारतीय नौसेना को राफेल नौसैनिक लड़ाकू विमानों की आपूर्ति तीन साल बाद यानी 2028 से शुरू होगी और अगले तीन सालों में सभी विमानों की आपूर्ति की जाएगी। इस हिसाब से फ्रांस वर्ष 2030 तक नौसेना को सभी 26 लड़ाकू राफेल जेट की आपूर्ति कर देगा। भारत की ओर से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में बम विस्फोट, 7 मरे

**पेशावर, जेएनएन।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शांति समिति के कार्यालय में सोमवार को हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम विस्फोट दक्षिण वजीरिस्तान जिले के मुख्यालय वाना में एक स्थानीय शांति समिति के कार्यालय में हुआ। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, विस्फोट के बाद 16 घायल लोगों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से सात की मौत हो गई। अभी तक किसी भी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट इतना भीषण था कि इसने शांति समिति के कार्यालय की इमारत को नष्ट कर दिया और कई लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर बचाव दल और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को मलबे से निकालने का अभियान शुरू किया। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### द. अफ्रीका के नाइजर में 5 भारतीयों का अपहरण

**रांची, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीकी देश नाइजर में पांच भारतीय प्रवासियों का अपहरण करने का मामला सामने आया है। अपहृत सभी झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर के रहने वाले हैं और काम करने के लिए नाइजर गए थे। सूचना के अनुसार, हथियार के बल पर पांचों का अपहरण किया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की जानकारी केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को दी है और आग्रह किया कि नाइजर में फंसे लोगों की सहायता की जाए। झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से काम की तलाश में लोग विदेश जाते हैं। गिरिडीह जिले के बगोदर से यह लोग भी बीते साल जनवरी में नाइजर गए थे। वहां 25 अप्रैल को केपीटीएल कंपनी के ट्रांसमिशन लाइन के कार्य के दौरान हथियारबंद समूह ने हमला किया और पांच लोगों का अपहरण कर लिया।

### डिटेंशन सेंटर पर अमेरिकी हमला, 68 की मौत

**सना, जेएनएन।** यमन के उत्तरी प्रांत सादा में सोमवार को अमेरिकी हमले में 68 लोगों की मौत हो गई है। ये हमला अफ्रीकी प्रवासियों को रखने वाले एक डिटेंशन सेंटर पर किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस जेल में 115 कैदी थे, जिनमें से 47 घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इनमें से ज्यादातर की हालत गंभीर बताई जा रही है। यमन की अल मसीरा टीवी ने इस हमले की जो फुटेज जारी की है, उसमें सादा में डिटेंशन सेंटर पर बमबारी के बाद मलबे में पड़े कई शव दिखाई दे रहे हैं। सादा के जनरल रिपब्लिकन अस्पताल ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि दर्जनों लोगों की मौत हुई है और कम से कम 50 घायल लोग अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। फिलहाल इस हमले को लेकर अमेरिकी सेना की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हमले की खबर सामने आने से पहले एक बयान जारी कर कहा था कि वे अपने एयरस्ट्राइक मिशन के बारे में कोई जानकारी साझा नहीं करेंगे।

उच्च स्तरीय बैठकों का दौर तेज, सीमा पर पाकिस्तान लगातार कर रहा सीजफायर का उल्लंघन और जुटा रहा सैन्य उपकरण

# लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा बने नए नॉर्दन कमांडर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठकों का दौर जारी है। इस बीच भारतीय सेना के उप प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को उधमपुर स्थित सेना के उत्तरी कमान का नया कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। सरकार ने सोमवार को उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी। यह कमान जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्रों में पाकिस्तान और चीन के खिलाफ समस्त सैन्य अभियानों का नेतृत्व करती है। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा हाल ही में पहलगाम हमले के बाद सेना प्रमुख के साथ श्रीनगर भी गए थे।

**चीन के बाद तुर्की ने भेजा हथियारों का जखीरा:** इधर तुर्की ने पाकिस्तान को हथियारों का जखीरा भेजा है। दावा किया गया है कि तुर्की से हथियारों का जखीरा लेकर कार्गो फ्लाइट्स इस्लामाबाद पहुंचे। ये वही तुर्की है जहां भूकंप आने के बाद सबसे पहले मदद पहुंचाने वालों में भारत था, लेकिन तुर्की ने सबसे पहले भारत का खून बहाने के लिए हथियारों का जखीरा पाकिस्तान भेज दिया है। तुर्की एयरफोर्स का सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान रविवार को कराची पहुंचा, जिसमें हथियार हैं। अपुष्ट सूत्रों के मुताबिक तुर्की से 6 सी-130 कार्गो लड़ाकू विमान पाक पहुंचे हैं। कराची के अलावा, 6 सी-130 विमान कथित तौर पर इस्लामाबाद में एक सैन्य अड्डे पर उतरे हैं। तुर्की और पाक दोनों ने हथियारों के ट्रांसफर की पुष्टि की है।

नई दिल्ली में रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने सोमवार को मीटिंग की। पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में मीटिंग करीब एक घंटे चली। इस दौरान विपक्षी दलों के नेता भी शामिल हुए। उधर, बैसरन घाटी से मिले हथियार पाक आर्मी स्टॉक या तालिबान से जुड़े हैं। टीआरएफ के फंडिंग स्रोतों में 60 फीसदी राशि क्रिप्टोकरेंसी से भेजी जा रही है।



### आईएसआई की गतिविधियां इंटरसेप्ट

पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई एलओसी के पार 5 लॉन्चपैड्स पर निगरानी कर रही है। 2 मुजफ्फराबाद और 3 नीलम घाटी के पास हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने कम्युनिकेशन रिपोर्ट्स और सैटेलाइट इमेजिंग से यह पुष्टि की। पाक ने पुराने आतंकी ट्रेनिंग कैंपों को 'डिसमेंटल' दिखाया है, लेकिन ये अभी भी छोटे-छोटे कैंप चल रहे हैं, जो सैटेलाइट से पकड़ना मुश्किल है।

### पहलगाम अटैक के बाद पुलवामा की ओर भागे आतंकी

एजेंसियों की शुरुआती जांच, खुफिया इनपुट के मुताबिक, हमले से पांच दिन पहले बैसरन एरिया में चीन में बना अज्ञात डीजेआई ड्रोन उड़ता देखा गया था। घोड़ेवालों से रेकी करवाने का शक भी है। अनुमान है कि हथियारों की खेप भी ड्रोन से घाटी में पहुंचाई गई। हमले के बाद आतंकी बैसरन से आरू-नगबल के ऊपरी घने इलाकों की ओर बढ़े,जहां से सीधा नगबल नाला, पश्चिम की तरफ खिरम, श्रीशैलम के इलाकों तक जाया जा सकता है।

### पाक की कैद में जवान की पत्नी फिरोजपुर पहुंची



**कोलकाता।** अनजाने में सीमा पार करने के बाद पाक रेंजर्स द्वारा हिरासत में लिए गए बीएसफ जवान पूर्णम साहू की पत्नी पति को वापस लाने के प्रयासों के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी लेने पश्चिम बंगाल के रिसड़ा स्थित घर से सोमवार को पंजाब के फिरोजपुर के लिए रवाना हुईं। रजनी ने कहा,यदि बीएसएफ शिविर के अधिकारियों से बातचीत के दौरान उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली तो वह केंद्रीय गृह मंत्रालय व अन्य सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करने फिरोजपुर से दिल्ली जाएंगी। गर्भवती महिला, उनका बेटा और तीन अन्य रिश्तेदार चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरने के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित फिरोजपुर जाएंगे। रजनी ने कहा, मैं बता नहीं सकती कि मैं कितने तनाव में हूं, क्योंकि बीएसएफ अधिकारी मुझे केवल चिंता न करने के लिए कह रहे हैं। कोई स्पष्टता नहीं है।

### 17 पाक यू-ट्यूब चैनल बैन

पहलगाम हमले की रिपोर्टिंग को लेकर केंद्र ने 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी, जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार के मुताबिक, ये चैनल भारत के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं। केंद्र ने बीबीसी को भी चेतावनी दी है। हमले की रिपोर्टिंग के दौरान बीबीसी ने आतंकियों को उग्रवादी बता था।

**15 ठिकानों पर रेड:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 से ज्यादा जगहों पर एक साथ छापेमारी की है। ये छापेमारी पीओके से गतिविधियां चला रहे आतंकियों के घर पर हो रही है।

**स्पेशल सत्र बुलाने की मांग:** सीपीएम सांसद पी संतोष कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को चिट्ठी लिखी है। इसमें संतोष ने हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। आरजेडी के मनोज झा ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है।

**पाक को ग्रे लिस्ट में डालें: ओवैसी:** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान भारत में हिंदू मुस्लिम के बीच झगड़े कराना चाहते हैं। हम सरकार से मांग करेंगे कि पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालें।

**खाली कराए आतंकी लॉन्च पैड:** पीओके में आतंकियों के कैंप खाली करवाए जा रहे हैं। यहां 7 से ज्यादा आंतकी लॉन्च पैड से आतंकियों को पाक आर्मी की शरण में रहने का आदेश दिया है। 7 लॉन्च पैड लीपा, जुरा, आदि से आतंकियों को हटाया गया है।

**एलओसी पर जवाबी कार्रवाई:** पाकिस्तान लगातार एलओसी पर युद्धविराम का उल्लंघन कर रहा है। हालांकि, भारतीय सेना की ओर से उसे गोलीबारी का कड़ा जवाब भी दिया जा रहा है। यह लगातार चौथा दिन है जब सीमा पर फायरिंग हुई है।

**1000 भारतीय लौटे:** बीते 6 दिन में एक हजार भारतीय वाघा बॉर्डर से पाक से भारत लौट चुके हैं। हमले के बाद पाकिस्तान गए भारतीयों को यात्रा समय को कम करने के लिए कहा गया था। 28 अप्रैल तक 800 पाकिस्तानी भारत से जा चुके हैं।

अफसरों ने दी राहत, बिना पत्नी के लौटा शख्स

## लौट रहे पाकिस्तानी, 3 साल के बच्चे से अलग होने पर रोई सना



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया। इस फैसले से देशभर में कई परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अपनों से बिछड़ने का दर्द ऐसा कि एक मां को अपने 3 साल के बच्चे को पाकिस्तान भेजना पड़ा। वहीं 35 साल से भारत में रहने वाली एक महिला को अब अपने परिवार बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

- **बिना इलाज लौटने पर मजबूर:** पाक के हैदराबाद से दो बच्चों का इलाज कराने आए एक व्यक्ति को बिना इलाज लौटना पड़ रहा है। व्यक्ति के 9 और 7 साल के दो बच्चे हैं, जो जन्मजात दिल की बीमारी से पीड़ित हैं। उन्हें दिल्ली के अस्पताल में सर्जरी कराने का समय मिला था, लेकिन परिवार को बिना इलाज लौटना पड़ा।
- **मां के साथ बेटियां आईं, बिना मां लौटना पड़ा:** कराची से 11 साल की जैनब और 8 साल की जेनिश मां के साथ दिल्ली नानी से मिलने आई थीं, लेकिन बच्चों को पाक वापस भेजा जा रहा है, जबकि उनकी मां भारतीय होने के चलते भारत में रुकने को मजबूर हैं। जैनब ने रोते हुए कहा, मां को छोड़कर जाना बहुत मुश्किल है।

### मायके लाए, सिर्फ बच्चों के साथ लौटे

मोहम्मद इरफान, पत्नी नबीला और बच्चों के साथ भारत आए थे। अब बच्चों के साथ लौट रहे हैं, पत्नी को छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, आतंकियों ने परिवार बर्बाद कर दिया। हमारी मदद करें। बच्चे मां के बिना नहीं रह सकते।

**35 साल से रहीं सरदा भी लौटेंगी:** ओडिशा में रहने वाली सरदा बाई 35 सालों से भारत में रह रही थीं, अब वापस पाक भेजी जा रही हैं। सरदा बाई ने भारतीय हिंदू से शादी की थी। उनके बेटे और बेटी भारतीय हैं। उनके पास वोटर आईडी जैसे कई दस्तावेज हैं, लेकिन उन्हें कभी भारतीय नागरिकता नहीं मिली।

सोमवार को अहम सुनवाई और सुप्रीम कोर्ट के जरूरी फैसले

## शरिया कोर्ट, कोर्ट ऑफ काजी आदि की कोई कानूनी मान्यता नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि 'कोर्ट ऑफ काजी', 'कोर्ट ऑफ (दारुल काजा) कजीयत' 'शरिया कोर्ट' आदि चाहे जो भी नाम हो, कानून में कोई मान्यता नहीं है और उनके द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश कानून में लागू करने योग्य नहीं है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला की खंडपीठ ने विश्व लोचन मदान बनाम भारत संघ मामले में 2014 के फैसले का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि शरीयत अदालतों और फतवों को कानूनी मान्यता नहीं है।

खंडपीठ एक महिला की अपील पर फैसला कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें परिवार अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था कि उसे इस आधार पर गुजारा भत्ता नहीं दिया जाए कि विवाद का कारण वही है। फैमिली कोर्ट ने इस तरह के निष्कर्ष निकालने के लिए काजी की अदालत के समक्ष दायर समझौता विलेख पर भरोसा किया था। कोर्ट ऑफ काजी, कोर्ट ऑफ (दारुल काजा) काजीयत, शरिया कोर्ट वगैरह चाहे किसी भी नाम से स्टाइल किया गया हो, कानून में कोई मान्यता नहीं है। जैसा कि विश्व लोचन मदन (सुप्रा) में उल्लेख किया गया है, ऐसे निकायों द्वारा कोई भी घोषणा/निर्णय, चाहे वह किसी भी नाम से लेबल किया गया हो, किसी पर भी बाध्यकारी नहीं है।



### संभल विवाद पर सुनवाई टली

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद के मामले में एएसआई की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए सोमवार को और मोहलत मांगे जाने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई पांच मई तक के लिए टाल दी। सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा।

शाही ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि विवाद

### हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह और कृष्ण जन्मभूमि विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा, हिन्दू पक्ष को मूल याचिका में संशोधन की अनुमति देना उचित था और एएसआई को पक्षकार बनाने का निर्णय प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है। यह मामला मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ा है, जहां हिन्दू पक्ष ने दावा किया है कि विवादित स्थल एक प्राचीन संरक्षित स्मारक है, जिसे 1920 में संयुक्त प्रांत के उप राज्यपाल द्वारा अधिसूचित किया गया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा, यह स्पष्ट है कि हिन्दू वादियों को दावे में संशोधन की अनुमति मिलनी चाहिए।

### वक्फ कानून को चुनौती देने वाली नई याचिका अस्वीकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, वह इस मुद्दे पर सैकड़ों याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकता। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना,न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सैयद अलो अकबर के वकील से कहा कि वह लंबित पांच मामलों में हस्तक्षेप आवेदन दायर करें, जिन पर अंतरिम आदेश पारित करने के लिए 5 मई को सुनवाई होगी। आप इसे वापस लें। हमने 17 अप्रैल को एक आदेश पारित किया था, जिसमें कहा गया था कि केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। सीजेआई ने कहा, यदि याचिकाकर्ता को सलाह दी जाती है तो वह लंबित याचिकाओं में आवेदन दायर कर सकता है।

### इलाबादिया को लौटाया जाएगा पासपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को महाराष्ट्र साइबर क्राइम ब्यूरो से पासपोर्ट वापस करने का आदेश दिया, ताकि वह विदेश यात्रा कर सकें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता (रणवीर इलाहाबादिया) की याचिका स्वीकार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के बाद पारित किया, जिसमें उन्होंने इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड में उनके और अन्य लोगों द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के लिए देश भर में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की थी।

### 12 नहीं अतिक्रमण रोकने 5-6 फीट दीवार ही काफी

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से कहा कि गिर स्थित सोमनाथ मंदिर के पास विध्वंस स्थल पर अतिक्रमण रोकने के लिए बनाई दीवार पांच से छह फीट ऊंची होनी चाहिए। गुजरात सरकार ने पीठ को सूचित किया था कि वह अतिक्रमण रोकने के लिए एक दीवार बनवा रही है। याचिकाकर्ता के दावे का विरोध करते हुए गुजरात का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, अधिकारी हमेशा परिसर की दीवार बनाकर सरकारी भूमि की रक्षा कर सकते हैं।

## अभिनेता धर्मेंद्र का वर्कआउट फैंस बोले- शेर पानी में है



**नई दिल्ली, जेएनएन।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ८९ की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं और पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट देते रहते हैं। वह वर्कआउट करते नजर आते हैं, इस बार स्विमिंग पूल में वर्कआउट करते वीडियो शेयर किया है, जिस पर उनके फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। बेटे बॉबी देओल ने भी पापा की वीडियो पर कमेंट किया है। उन्होंने ढेर सारी हार्ट इमोजी पोस्ट की। एक ने लिखा-धर्मेंद्र सर के लिए रिस्पेक्ट। बहुत ही अच्छे इंसान हैं। एक ने लिखा-आपको ऐसे फिट देखकर बहुत अच्छा लगता है। दूसरे ने लिखा-राम राम सर जी को मोटिवेट कर रहे हैं। एक अन्य ने लिखा-शेर आज पानी में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो धर्मेंद्र आखिरी बार तेरी आंखों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। उनके पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स हैं। खास बात है कि धर्मेंद्र आज भी एक्टिंग की दुनिया में एक्टिव हैं, वो अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में फैंस को सोशल मीडिया पर जानकारी भी देते रहते हैं। वो सोशल मीडिया पर फैंस के साथ अपने पुराने किस्से शेयर करते रहते हैं, जिनके बारे में जानकर फैंस खुश रहते हैं।

## पतंजलि विवि और तकनीकी विवि के बीच एमओयू से उद्यमिता को मिलेगी नई उड़ान

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार और वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून के बीच सोमवार को शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर पतंजलि विवि के कुलपति आचार्य बालकृष्ण एवं उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने समझौते पर हस्ताक्षर करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस समझौते के तहत योग विज्ञान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी के एकीकरण के मााध्यम से कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा दियाा जाएगा। विशेष रूप से, पतंजलि विवि द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए अनुसंधान कार्यों को किसाानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तराखंड तकनीकी विवि से संबद्ध महााविद्याालय परिसरों में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। इस समझौते के अंतर्गत अकादमिक, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सहयोग, कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा प्रौद्योगिकी नवाचाार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर बल दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित समुदायों के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे।



## खरगे ने साधा पीएम पर निशाना, बोले सर्वदलीय बैठक में नहीं आए

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा, देश की बदकिस्मती है कि जब देश के स्वाभिमान को धक्का पहुंचा हो, उस वक्त आप बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे। सर्वदलीय बैठक में सब दलों के नेता आए, लेकिन दुख है कि पीएम मोदी उस बैठक में नहीं आए। बिहार दूर था क्या? सर्वदलीय बैठक में पीएम आते और योजना बताते। हमसे क्या मदद चाहिए। खड़गे सोमवार को जयपुर के रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पहले पुलवामा में हुआ, अब पहलगाम में हुआ, यह चूक कहां हुई, यह पूछने का हिंदुस्तानी को अधिकार है। मोदीजी आपने वादे किए थे उनका क्या हुआ? एक के बदले 100 सिर कब आएंगे।



### पार्टी लाइन से हटकर न बोलें

कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले पर पार्टी नेताओं को ताकीद दी है कि पार्टी लाइन से हटकर बयान न दें। इससे पहले कई नेताओं के बयानों से किनारा किया। इनमें सिद्धारमैया, आरबी तिम्मापुर, विजय वडेट्टीवार, मणिशंकर अय्यर आदि शामिल हैं।

हाहाकार | ट्रेन और फ्लाइट सर्विसेज बंद, मैड्रिड ओपन सस्पेंड, सबवे नेटवर्क, फोन लाइन प्रभावित

## अंधेरे में यूरोप, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल में ब्लैकआउट

**पेरिस, जेएनएन।** यूरोप के तीन देशों फ्रांस, स्पेन और पुर्तगाल में ब्लैक आउट के कारण हाहाकार मचा हुआ है। लाखों घर अंधेरे में डूबे हुए हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि इन देशों में ट्रेन और फ्लाइट सर्विसेज बंद हो गई हैं। इसके अलावा मैड्रिड ओपन को सस्पेंड कर दिया गया है। व्यापक ब्लैकआउट ने सबवे नेटवर्क, फोन लाइन, ट्रैफिक लाइट, एटीएम मशीन और बहुत कुछ बाधित कर दिया। मैड्रिड के बाराजस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बिजली नहीं थी और ब्लैकआउट के कारण मोबाइल कम्युनिकेशन भी प्रभावित हुआ है। स्पेन के प्रधानमंत्री और ऊर्जा मंत्री मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए स्पेनिश ग्रिड ऑपरेटर



रेड इलेक्ट्रिका का दौरा करने वाले हैं।

**जेनरेटर के भरोसे लिस्बन हवाई अड्डा:** पावर आउटेज के बाद लिस्बन हवाई अड्डा बैक-अप जनरेटर पर चल रहा था, जबकि स्पेन में 46 हवाई अड्डों का प्रबंधन करने वाली एईएनए ने देश भर में उड़ानों में देरी की सूचना दी है। स्पेन की बिजली नेटवर्क वेबसाइट पर एक ग्राफ में दोपहर करीब 12.15 बजे मांग में 27,500 मेगावाट से लगभग 15,000 मेगावाट तक की भारी गिरावट दिखाई गई। टीएपी एयर पुर्तगाल ने अपने यात्रियों को चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्हें अगले नोटिस तक हवाई अड्डों की यात्रा न करने का आग्रह किया गया है। अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान में, एयरलाइन ने कहा कि इसकी कुछ सेवाएं सामान्य रूप से संचालित नहीं हो रही हैं और यात्रियों से आगे के अपडेट के लिए प्रतीक्षा करने का अनुरोध किया है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे उड़ान कार्यक्रम और संचालन के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए बने रहें।

### स्पेन और पुर्तगाल में आपातकालीन बैठक

अधिकारी घटना के कम से कम एक घंटे बाद तक आउटेज का कारण निर्धारित करने में असमर्थ थे। अधिकारियों के अनुसार, संभावित साइबर हमले से इंकार नहीं किया गया है, लेकिन जांच अभी भी जारी है। जवाब में, स्थिति को प्रबंधित करने के लिए स्पेन में एक संकट समिति की स्थापना की गई है, जैसा कि मामले से परिचित स्रोतों द्वारा बताया गया है। व्यापक बिजली आउटेज के जवाब में, स्पेनिश और पुर्तगाली दोनों सरकारों ने आपातकालीन कैबिनेट बैठकें कीं।

## दवा व दिनचर्या में बदलाव से होगा मोटापे का इलाज



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** शासकीय होम्योपैथी अस्पताल नेहरू नगर में अब महिलाओं के मोटापे का इलाज भी आसानी से मिल सकेगा। सोमवार को यहां विशेष उपचार केंद्र की शुरूआत की गई। होम्योपैथी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ जूही गुप्ता ने बताया कि केंद्र में प्रातः 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक सेवाएं उपलब्ध हैं। मोटापे को लेकर विशेष उपचार के लिए प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ डॉ प्रिया कुलदीप एवं दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जाट की सेवाओं की उपलब्धता होंगी। अपाइंटमेंट के लिए मोबाइल नंबर 9202663862 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रथम आओ-प्रथम पाओ के आधार पर अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। हर दिन अधिकतम 12 अपॉइंटमेंट ही दिए जा रहे हैं।

### हार्मोन्स जनित बीमारियों का मिलेगा इलाज

डॉ जूही गुप्ता ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं में हार्मोन्स के बदलाव के कारण जीवन के विभिन्न पड़ावों में मोटापे की समस्या, व्यापक एवं उग्र रूप धारण कर रही है। विशेषकर कामकाजी महिलाओं में यह समस्या नित नए स्वरूप लेती जा रही है और साथ में जोड़ों में दर्द, कार्य करने की अनिच्छा, घबराहट जैसे कई अन्य लक्षण भी उत्पन्न कर रही है। भविष्य में यह समस्या शरीर में गंभीर संतुलन और बड़ी बीमारियों को जन्म देने का कारक बनती है। केंद्रीय मंत्रालय के निर्देशानुसार होम्योपैथी विधा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से मोटापे की समस्या के संपूर्ण निदान के लिए उक्त स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ उपचार की सुविधा उपलब्ध है। दवाओं के अतिरिक्त दिनचर्या, आहार, प्रत्याहार मालिश, हाइड्रोथेरेपी, वाष्प स्नान के माध्यम से उक्त विशेष उपचार कार्यक्रम को स्वरूप दिया गया है।

# मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

## आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाजर्ब (लाठी-डण्डा) जब्त

जागरण, पन्ना

पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा के थाना पवई के अप.क्र. 162/25 धारा 296,115(2),118(1), 333,109,351(3),3(5) बीएनएस के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।

मामले में फरियादी संतोष विश्वकर्मा द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 08/04/25 को रात्रि में मैं अपने परिवार के साथ घर में था । तभी पुराने विवाद को लेकर मेरे मोहल्ले में रहने वाले मुकेश बाल्मीकि, किशन वाल्मीकि व अन्य सात लोगों ने मिलकर घातक हथियारों से फरियादी




संतोष विश्वकर्मा और उसकी परिजनों के साथ घर में घुसकर मारपीट की जिससे फरियादी और उसके परिजनों को सिर, हाथ एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहाँ से भाग गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना पवई में अपराध क्रमांक 162/25 धारा 296,115(2),118(1), 333,109,351(3),3(5) बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही – थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार एक पुलिस टीम का गठन पवई थाना स्तर पर किया गया । मामले में गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये । पुलिस टीम द्वारा मामले में अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपी मुकेश वाल्मीकि को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा फरार चल रहे अन्य आरोपी अनुराग उर्फ दुर्गा बाल्मीकि, विशाल झंझोट, तेजू वाल्मीकि, अभिषेक उर्फ अब्बू वाल्मीकि ,किशन वाल्मीकि और साहिल वाल्मीकि को आज दिनांक को पवई के पास पतने नदी के किनारे तरफ झाड़ियाँ में छिपा होना पाए जाने पर उन्हें घेराबंदी की जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । सभी से अलग अलग पूँछताछ करने के बाद आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त किए गए हथियार जिसमें एक 12 बोर का कट्टा, एक लोहे का सरिया, खून लगा हुआ डंडा लोहे की गुप्ति को जप्त किया गया है। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेंद्र त्रिवेदी, प्र.आर. गणेश सिंह, अंजनी तिवारी, नागेंद्र सिंह , रामलखन सिंह, आरक्षक महेश चौहान,सैनिक पूरन सिंह एवं अन्य पुलिस स्टाफ सहित पुलिस सायबर सेल टीम की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

## शासन संधारित मंदिरों की 10 एकड़ से अधिक संलग्न कृषि भूमि की लगेगी बोली

**पन्ना।** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार 10 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले शासन संधारित मंदिरों की कृषि भूमि की नीलामी की कार्यवाही की जाना है। जारी निर्देशों के तहत 10 एकड़ से होने वाली आय का उपयोग पुजारी स्वयं के लिए कर सकेंगे तथा शेष कृषि भूमि के संबंध में जिला कलेक्टर को सूचित कर पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए कृषि प्रयोजन के लिए एक वर्ष के लिए भूमि की बोली लगाई जा सकेगी। इससे प्राप्त आय मंदिर के खाते में जमा कराई जाएगी।

उक्त निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार न्यायालय सिमरिया द्वारा पांच मंदिरों की भूमि को बोली के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए कृषि कार्य हेतु ठेके पर दिया जाएगा। तहसील कार्यालय सिमरिया में आगामी एक मई को श्री रामजानकी मंदिर अम्हा स्थित भूमि ग्राम पगरी कुल भूमि किता 24 कुल रकवा 10.33 हेक्टेयर तथा श्री जगदीश स्वामी जू सिमरिया स्थित भूमि ग्राम टहनगा कुल भूमि किता 26 कुल रकवा 34.47 हेक्टेयर की बोली लगाई जाएगी। इसी तरह आगामी 5 मई को रामजानकी रमण जू बनौली स्थित भूमि ग्राम बनौली कुल भूमि किता 17 कुल रकवा 6.61 हेक्टेयर, श्री रामजानकी मंदिर झिराटा स्थित भूमि ग्राम गनयारी कुल भूमि किता 18 कुल रकवा 11.78 हेक्टेयर तथा श्री भुवनेश्वर नाथ अम्हा स्थित भूमि ग्राम हीरापुर कुल भूमि किता 28 कुल रकवा 11.88 हेक्टेयर की बोली लगाई जाएगी। बोली का समय सुबह 11 बजे से निर्धारित है। इच्छुकजन विस्तृत शर्तों और अधिक जानकारी के लिए सिमरिया तहसीलदार कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# इलाज के अभाव में 14 वर्षीय बालिका की मौत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप



**पवई।** (प्रतिनिधि) । पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज में लापरवाही के चलते मंगलवार को एक 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान गुड़मनिया निवासी उत्तम चौधरी की पुत्री प्रियंका चौधरी के रूप में हुई है। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, जिससे बच्ची की जान चली गई।

जानकारी के अनुसार, प्रियंका को सोमवार रात अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। तबीयत बिगड़ने पर उसे मंगलवार सुबह करीब 9 बजे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने महज एक इंजेक्शन व ड्रिप लगाकर कुछ दवाएं लिख दीं और फिर कार्यालय में चले गए। जब परिजन दवाएं लेकर लौटे, तब तक प्रियंका की हालत और भी गंभीर हो चुकी थी।

परिजनों के अनुसार, बच्ची को तेज हांफी आ रही थी, जिसे देख वे तत्काल डॉक्टर के पास पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने स्टाफ की कमी का हवाला देते हुए जांच से मना कर दिया। परिजनों के कई बार आग्रह करने के बाद जब डॉक्टर वार्ड में पहुंचे, तब तक प्रियंका दम तोड़ चुकी थी। प्रियंका के नाना और अन्य परिजनों का कहना है कि यदि डॉक्टर समय पर गंभीरता दिखाते और उच्च केंद्र रेफर करते, तो शायद प्रियंका की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोगों ने स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए है।

# आरसेटी में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** जन अभियान परिषद विकासखंड पन्ना द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर साप्ताहिक पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक अरविन्द कुमार गुप्ता द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के विशिष्ट योगदान व संविधान की विशेषता के संबंध में जानकारी दी गई। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद कुमार शुक्ला ने संस्थान में नियमित रूप से संचालित प्रशिक्षण को लाभकारी बताया और स्वरोजगार से आजीविका अर्जन की बात कही। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक आनंद पांडेय ने डॉ. अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके प्रेरणादायी जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता अखिलेश श्रीवास द्वारा किया गया।

# बनौली में सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे संबोधित

### कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

**पन्ना।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 30 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से पवई विकासखण्ड के ग्राम बनौली, कुआंताल धाम में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर वर-वधू को आशीर्वाद देंगे।



कलेक्टर सुरेश कुमार ने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम के दृष्टिगत आज बनौली पहुंचकर अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पवई विधायक प्रहलाद लोधी के साथ बनौली में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर गर्मी के मौसम में सभी समुचित प्रबंध तथा मेडिकल टीम की तैनाती, पार्किंग व पेयजल व्यवस्था इत्यादि के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलेक्टर द्वारा मोहन्द्रा कस्बे का भ्रमण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण हटाने के निर्देश गए। साथ ही सड़क किनारे स्थापित अस्थायी गुमटियों को चिन्हांकित स्थान पर शिफ्ट कराने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम समीक्षा जैन एवं तहसीलदार प्रीति पंथी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह पर रोकथाम संबंधी निर्देश प्रसारित किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया पर वृहद स्तर पर सामूहिक विवाह संपन्न होते हैं। इस दौरान विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की संभावना होती है। इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी, जनपद पंचायत सीईओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी को ग्रामों में समूह चर्चा एवं रैलियों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन, शपथ तथा कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी व संदेशों का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हेल्पलाइन नम्बर 181, 1098 एवं 100 तथा बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने संबंधी व्यवस्था के व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिला कलेक्टर ने बाल विवाह रोकथाम अभियान में वैवाहिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों एवं समूह का सहयोग प्राप्त करने सहित समस्त पंच-सरपंच, सचिव को सामूहिक विवाह आयोजनों के दौरान सजग रहने, इसके लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला के आयोजन, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता की मदद से 18 वर्ष से कम आयु की अविवाहित किशोरियों की जानकारी एकत्र कर ऐसे परिवारों की विशेष निगरानी और उन्हें बाल विवाह न करने के संबंध में समझाईश देने के लिए भी कहा है।

# वनमण्डल दक्षिण पन्ना में संपन्न हुई एक दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना, दर्ज हुए 4 विभिन्न प्रजातियों के 575 गिद्ध...

**जागरण, पवई।** वनमण्डल दक्षिण पन्ना में गिद्धों के संरक्षण और संवर्धन के दृष्टिकोण से वनमण्डल में स्थाई रूप से रहने वाले गिद्धों की संख्या के आकलन के लिए ग्रीष्मकालीन गणना आज दिनांक 29/04/2025 को सभी परिक्षेत्रों में की गई।

गणना सभी परिक्षेत्रों पवई, रैपुरा, मोहन्द्रा, कल्दा और सलेहा में संपन्न हुई। गिद्धों के विशेष आवास और बड़ी संख्या के लिए प्रदेश में पहचान प्राप्त करने वाले परिक्षेत्र पवई में इस गिद्ध गणना में 4 प्रजाति लांग विल्ड, व्हाइट बैक्ड, इजिप्शियन और रेड हेडेड गिद्ध 483 की संख्या में दर्ज हुए। ग्रीष्मकाल में 3 प्रजातियां जो कि प्रवास पर आतीं हैं, हिमालयन, यूरेशियन तथा सिनेरियस हैं वापिस चली जाती हैं अतः इन प्रजातियों के गिद्ध नहीं देखने को मिले।

वनमण्डल में चल रहे लगातार संरक्षण के उपायों से गिद्धों की संख्या में विगत वर्षों में अच्छी वृद्धि देखने को मिली है।

उक्ताशय की जानकारी नितेश पटेल बनपरिक्षेत्र अधिकारी पवई द्वारा दी गई ।11

18 से 45 वर्ष के युवा ले सकते हैं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ पन्ना 7 मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है। 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियां स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें रिटेल ट्रेड एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए 50 हजार रूपए से 25 लाख रूपए तक तथा विनिर्माण श्रेणी की इकाई स्थापना के लिए 50 हजार रूपए से 50 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजनांतर्गत तीन प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज अनुदान भी सात वर्ष के लिए तथा प्रचलित दर से गारंटी शुल्क भी शासन द्वारा देय है। न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण युवा स्वयं का व्यापार, व्यवसाय, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की इकाई प्रारंभ करने के लिए योजना में ऋण प्राप्त कर सकते हैं। योजना में ऋण के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, पन्ना में संपर्क किया जा सकता है। आवेदक के पास पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची, कोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र इत्यादि होना आवश्यक है।

पात्र परियोजनाएं

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत व्यापार व व्यवसाय क्षेत्र में किराना, जनरल स्टोर, मोबाइल शॉप, अपेरल शॉप, फुटवियर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, बुटिक, दुग्ध व्यवसाय, खाद्य पदार्थ विक्रय, अनाज विक्रय, सब्जी व्यवसाय इत्यादि शामिल है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में कस्टम हायरिंग, परिवहन सेवा, रेस्टोरेंट, आईटी सर्विसेज, कंसलटेंसी, होटल, लैब, हॉस्टल, कॉलेज, स्कूल, नर्सरी, फोटोकॉपी व कम्प्यूटर सेंटर, टेलरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग व सर्विसिंग, अपेरल डिजाईनिंग, आर्किटेक्ट सेवा, सेन्टिग कार्य, टेन्ट हाउस, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, जूता मरम्मत, सभी प्रकार की छोटी एवं बड़ी गाड़ी इत्यादि का कार्य किया जा सकता है, जबकि विनिर्माण एवं उद्योग क्षेत्र के तहत खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, मसाला उद्योग, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल उपकरण, आईटी उपकरण, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल एप्लायनसेंस, पेय पदार्थ व बेवरेज, पैकेज्ड फूड, रेडीमेड वस्त्र निर्माण की इकाई स्थापित कर सकते हैं।

## जनसुनवाई में हुई 23 आवेदनों पर कार्यवाही

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 23 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर के.एस. गौतम द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टेऊट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र एवं जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम ने उत्तर प्रदेश से 310 पाव शराब तस्करी करते व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पन्ना जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सघन अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करतल से मोटर साइकिल से अवैध रूप से 310 पाव मस्तीह देशी शराब मसाला का अवैध परिवहन करते हुए एक आरोपी को आबकारी विभाग की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद के करतल गांव से इचौलिया की तरफ शराब अवैध रूप से लेकर आने के दौरान पकड़ा गया। आबकारी टीम द्वारा रोककर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम सुरेश राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम लामी थाना धरमपुर तहसील अजयगढ़ बताया। मोटरसाइकिल पर रखे सामान की विधिवत तलाशी लेने पर उत्तर प्रदेश में विक्रय हेतु निर्धारित मस्तीह देशी शराब मसाला के पैक वाले 310 पाव जिसकी कुल मात्रा 62 बल्क लीटर कीमती 23 हजार 250 रुपए बरामद हुए। आरोपी के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं था। इस पर शराब और मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अपराध में आरोपी को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला पन्ना के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पन्ना भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में मध्य प्रदेश की तुलना में शराब सस्ती है। इसलिए प्रायः यूपी की सीमा से लगे क्षेत्रों में चोरी-छिपे उत्तर प्रदेश की शराब दुकानों से शराब खरीदकर मध्य प्रदेश के गांवों में तस्करी की जाती है। आरोपी सुरेश ने बताया कि वैवाहिक सीजन होने के कारण वह उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की करतल शराब दुकान से शराब लेकर अवैध रूप से अपने गांव लामी जा रहा था।

## पुलिस ने चोरी की घटना 24 घंटे के अंदर किया खुलासा, सट्टा में रुपए हारने के बाद की चोरी, चोर हुआ गिरफ्तार

**टीकमगढ़।** पलेरा पुलिस ने एक मकान से चोरी करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कंट्रोल रूम में आज मंगलवार को जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम इस चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए डेढ़ लाख रुपए जप्त कर लिए हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह सट्टा में रुपए हार गया था, जिससे उसने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आपको बता दें कि फरियादी के मकान से 26 अप्रैल की रात को चोरी हो गई थी। फरियादी के परिजन शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे और इसी दौरान चोर ने मौके का फायदा उठाकर मकान से चोरी कर ली थी। इस मामले के खुलासे में जतारा एसडीओपी ने बताया है कि 27 अप्रैल को फरियादी शहादत खान उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12 चूड़ी मार्केट पलेरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें फरियादी किराने का व्यवसाय करता है। 26 अप्रैल को उनकी पत्नी व बच्चे घर का ताला लगा कर पलेरा में शादी में खाना खाने रात 8 बजे चले गये थे व रात 8.45 बजे घर वापस आकर बाहर का ताला खोला तो दरवाजा की कुंदी अन्दर से बंद थी, तो पत्नी ने फरियादी को सूचना दी। फरियादी घर पहुँचा और बड़े भाई के घर से चढ़कर अपने छत से अन्दर जाकर दरवाजा खोला तो देखा कि अंदर के कमरे के ताले का कुन्दा टूटा था और लोहे की टंकी के ताले का कुंदा टूटा पड़ा था। वहीं हरे रंग के थैला में रखे ?1,50,000 नही मिले। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शराब दुकान पर शराब लेने को लेकर पुलिस की गुंडागर्दी दुकानदार को दी धमकी

**जागरण, पलेरा।** पलेरा थाना में हक्रू नगर रक्षा समिति के जवान का एक गुंडागर्दी का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह शराब दुकान दारु को धमकाते हुए नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं कि बाहर आ जाओ मैं तुमको देख लूंगा यह हक्रू पलेरा थाने में पदस्थ है जिसका नाम विशाल प्रजापति है यह शराब लेने के लिए नगर में स्थित दुकान पर गया था जहां शराब लेने पर नगर रक्षा समिति के सदस्य विशाल प्रजापति गुंडागर्दी करते हुए नजर आए जहां एक और पुलिस जीरो टॉलरेंस का दावा करती है तो



वहीं दूसरी ओर पुलिस के संरक्षण में पल रहे गुंडो से स्थानीय लोग सहित व्यापारी भी काफी परेशान है ऐसी गुंडागर्दी से लोगों में भय का माहौल है वही गुप्त सूत्रों ने बताया है कि यह हक्रू वाहन चेकिंग में भी लोगों को काफी परेशान करता है और अपनी दबंगई दिखाता है जिससे स्थानीय लोग भी परेशान है स्थानीय लोगों ने कहा है कि ऐसे लोग पुलिस की छवि भी खराब कर रहे हैं लोगों ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से मांग की है कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए और इन्हें नगर रक्षा समिति के सदस्य से मुक्त करना चाहिए ताकि यह पुलिस की छवि धूमिल ना कर सके

पुलिस विशाल प्रजापति का भाई राहुल खिलाता है क्रिकेट सट्टा पलेरा थाने में पुलिस विशाल प्रजापति का भाई क्रिकेट आईपीएल का सट्टा भी खिला रहा है जिससे स्थानीय लोगों के द्वारा चर्चाएं की जा रही है कि पुलिस के संरक्षण में यह कृत्य हो रहे हैं जिससे पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि कहीं यह कारोबार पुलिस के संरक्षण में तो नहीं हो रहे हैं जहां भाई की थाने में पैठ होने के कारण दूसरा भाई नंबर 2 के अवैध कारोबारों को जमकर कर रहा है वहीं उक्त नंबर दो के कारोबारों में हक्रू विशाल प्रजापति का भी कहीं ना कहीं हाथ है जिस कारण से यह है नंबर दो के काम कर रहे हैं और एक भाई जमकर दुकानों पर गुंडागर्दी कर रहा है लोगों में चर्चा है कि इन्हीं के यहां से कई पुलिसकर्मियों को खाने का टिफिन भी जाता है जिस कारण से उन पुलिसकर्मियों का संरक्षण प्राप्त है लेकिन पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई भी करना लाजमी है नहीं तो पुलिस की छवि निरंतर धूमल हो रही है।

वीडियो वायरल होने के बाद नगर के लोगों में आक्रोश की कार्रवाई की मांग

वीडियो वायरल होने के बाद नगर के लोगों में व्यापक रूप से आक्रोश है नगर के लोगों ने मांग की है की दुकानों पर जाकर गुंडागर्दी करने वाले ऐसे पुलिस हक्रू पर आला अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करना चाहिए नहीं तो यह निरंतर अवैध कारोबार करते रहेंगे और पुलिस की छवि धूमल होती रहेगी जहां एक ओर ईमानदार पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडललोई निरंतर अपराधों पर अंकुश लगा रहे हैं तो दूसरी ओर ऐसे पुलिस हक्रू उनकी छवि धूमल कर रहे हैं वहीं पलेरा थाने में पदस्थ ईमानदार टीआई निरीक्षक मनीष मिश्रा निरंतर अपराधों को कम करने का सतत प्रयास कर रहे हैं और घटनाओं में तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही कर मामलों का खुलासा भी शीघ्रता से करते हैं और अपनी ईमानदारी का परिचय देते हैं तो वहीं दूसरी ओर उनके थाने में पदस्थ हक्रू के द्वारा ईमानदार थाना टीआई मनीष मिश्रा की छवि भी धूमिल की जा रही है।

# सब्जी उत्पादन से बढ़ी कृषक वीरेन्द्र की आय



**पन्ना।** पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 25 निवासी कृषक वीरेन्द्र बढ़ई उद्यानिकी फसलों का उत्पादन कर बढ़िया आय अर्जित कर रहे हैं। 61 साल के वीरेन्द्र ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ड्रिप एवं मल्चिंग योजना का लाभ प्राप्त कर 2.5 एकड़ भूमि पर सब्जी उत्पादन प्रारंभ किया और नवीन तकनीक एवं नवाचार के जरिए कार्य में सफलता प्राप्त की। कृषक वीरेन्द्र कम पानी के वाबजूद प्याज, पत्ता गोभी, लौकी, टमाटर, करेला, बैंगन, कद्दू और खीरा इत्यादि का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में विक्रय कर रहे हैं। उचित तरीके से पैदावार वाली गुणवत्तायुक्त सब्जी की निरंतर मांग होने से केवल सब्जी उत्पादन से ही 2 से 2.5 लाख रूपए वार्षिक आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। वर्तमान में अच्छी फसल और मुनाफा होने के कारण वे आजीविका के लिए पूरी तरह से सब्जी उत्पादन पर ही निर्भर हैं।

# रश्मिता झा आईआरएस एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी एनटीपीसी लिमिटेड का एनटीपीसी विंध्याचल में दौरा






**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती रश्मिता झा आईआरएस ने एनटीपीसी विंध्याचल का दौरा किया। यह यात्रा पारदर्शिता सतत विकास और परिचालन उत्कृष्टता को और सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सर्वप्रथम कार्यक्रम शुरुआत एनटीपीसी विंध्याचल के सूर्य भवन गेस्ट हाउस में वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्टेशन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके पश्चात श्रीमती झा ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की जिसमें विंध्याचल परियोजना की प्रमुख उपलब्धियों एवं प्रचालन से जुड़ी जानकारियाँ प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्य फणि कुमार सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा त्रिलोक सिंह महाप्रबंधक आर एल आई डी.के. अग्रवाल महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम एवं राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्षों व एसएमसी सदस्यों ने भी बैठक में भाग लिया।

अपने संबोधन में श्रीमती झा ने सक्रिय सतर्कता नैतिक आचरण एवं एसओपी के माध्यम से पारदर्शिता को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर ऋषि कपूरए अपर महाप्रबंधक सतर्कता द्वारा केस स्टडीज़ पर आधारित एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई जिसके बाद ईआईसी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक रचनात्मक संवाद हुआ। इस अवसर पर श्रीमती झा ने श्रम की रोशनी शीर्षक से एक लघु वीडियो का विमोचन भी किया जो संविदा श्रमिकों के समग्र विकास और कल्याण हेतु स्टेशन द्वारा की गई पहलों को दर्शाता है। उन्होंने टीम विंध्याचल के प्रयासों की सराहना की और सतत विकास नवाचार और ईमानदारी पर केंद्रित इन पहलों को जारी रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा सम्मान समारोह और संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। ऐसी उच्चस्तरीय यात्रां एनटीपीसी विंध्याचल की उत्कृष्टता नैतिक शासन और सतर्कता.संस्कृति को और सुदृढ़ करती हैं।

## सूखे कुए में उतरते समय होने वाली दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु एडवाईजारी जारी

**जागरण बैढ़न।** क्षेत्रिय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जानकारी देते हुयें अवगत कराया है कि प्रदेश के कई स्थानों में सूखे कुएं में उतरने से नागरिकों के मौत संबंधित दुर्घटनाएं को मध्य नजर रखते हुए मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय भोपाल द्वारा सूखे कुएं में उतरने के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी तथा कण में उतरने से होने वाली कई तरह की दुर्घटनाओं के संबंध में जन जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के अनुसार सूखे कुएं में उतरने से कई तरह की दुर्घटना हो सकती हैं जिनमें सूखे कुएं में उतरने से जहरीली गैस जिनमे कार्बन मोनोक्साईड मिथेल कार्बन डाई आक्साईड आदि गैसो के सम्पर्क में आने से बेहोसी घुटन एवं मृत्यु होने की संभावनाए अक्सीजन की कमी एवं पानी का अचानक भर जना जैसी घटनायें शामिल है जारी निर्देश अनुसार कुए में उतरने से पहले लालटेन के माध्यम से कुए के अंदर स्थित गैस का जायजा ले यदि लालटेन बुझ जाता है तो इसका मतलब है कि कुए में आक्सीजन की कमी या जहरीली गैस हो सकती है। बिना उचित प्रशिक्षण एवं सुरंक्षित उपकरणो के कुए में उतरने का प्रयास न करे तत्काल मदद के लिए आपातकालीन सेवाओं को सूचित करे। कुए के आस पास के क्षेत्र को खाली कराए ताकि अन्य लोग खतरे में न पड़े। दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को सुरंक्षित रूप से कुए से बाहर निकालने के लिए उचित तकनीको का उपयोग करे। साथ ही तत्काल ही प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करे। बचाव के दौरान ध्यान रखे कि इस कार्य में समय लगता है अपनी जान जोखिम में न डाले। सूखे कुए में दुर्घटना होने पर सबसे पहले आपातकाली सेवाओं को बुलाए प्रशिक्षित बचाव दल की प्रतिक्षा करना सबसे उचित कदम है। अपनी सुरंक्षा को प्राथमिकता देना और बचाव दल के निर्देशो का पालन करना महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सुरंक्षित रूप से बचाया जा सके।

## जयप्रकाश शाह बने भाजपा मंडल महामंत्री, शुभचिंतकों ने दी बधाईयां



**जागरण बैढ़न।** भाजपासंगठन महामंत्री हीतानंद शर्मा संभागीय संगठन प्रभारी रणवीर सिंह रावत एवं जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी की सहमति एवं जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के अनुमोदन के पश्चात मंडल अध्यक्ष बैढ़न सौरव गुप्ता ने अपनी कार्यकारीणी घोषित कर दी है इस घोषित कार्यकारणी के अनुसार मंडल में कई लोगों को पद से सुशोभित किया गया है जहां इस घोषित कार्यकारणी के अनुसार बैढ़न मंडल में जयप्रकाश शाह को भाजपा मंडल के महामंत्री पद से नवाजा गया है बता दें कि लंबे अरसे से जयप्रकाश शाह पार्टी में रहकर संगठन के प्रति अपनी कार्यवाहियों का बखूबी निर्वहन करते आ रहे हैं जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह सहित समस्त वरिष्ठों ने जयप्रकाश शाह के नवीन पद भाजपा मंडल महामंत्री रूप में उनको शुभकामनाएं दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ संगठन के दायित्व को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं जयप्रकाश शाह के इस नियुक्ति पर उनके चाहने वालों में खुशी की लहर व्याप्त है ।

## ग्राम पंचायत विन्दुल के विनियाव नदी में किया गया बोरी बंधान

**जागरण बैढ़न।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बिन्दूल में आज विनियाव नदी में 200 बोरी बांध किया गया जनपद पंचायत सीईओ अजित वर्मा जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा उप संचालक उद्यान एच एल निमोरिया खंड पंचायत अधिकारी बृजेंन्द्र तिवारी उपयंत्री अवधेश शर्मा सरपंच श्रीमती देवी नामांकुर संस्था कर्मभूमि फाउंडेशन रामसूरत विश्वकर्मा ग्राम रोजगार सहायक मुकेश कुमार वियार परामर्शदाता अभिषेक कुमार उपाध्याय धर्मेन्द्र सिंह सुश्री सीमा भारती सुश्री अस्मिता गुप्ता प्रस्फुटन समिति से रामचन्द्र यादव आजीविका मिशन से समूह की दीदियां आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। वही जिला प्रशासन एवं म प्र जन अभियान परिषद सिंगरौली के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत अमहरा में तालाब का जीणोद्धार एवं साफ सफाई जल संरक्षण हेतु शपथ जन जागरूकता चौपाल रैली का आयोजन किया गया वही अभियान के दौरान अजगुढ तथा चतरी में भी सामूहिक श्रमदान के माध्यम से बोरी बंधान किया गया। जिसमें विजय जैसल एडीईओ जोर सिंह इंजीनियर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव राधिका प्रसाद पाण्डेय रोजगार सहायक लालचंद शाह नवांकुर संस्था पिछड़ा वर्ग विश्वकर्मा समाज कल्याण संगठन समिति से कार्यक्रम समन्वयक जग प्रसाद विश्वकर्मा गांव के वरिष्ठ जन शत्रुघ्न लाल बैस आंगनबाड़ी एवं ग्रामीण महिलाएं तथा कई अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन : उतकृष्ट कार्य करने वालों का नाम जल पुरस्कार के लिए होगा प्रस्तावित

**जागरण बैढ़न।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इस अभियान में खेत तालाब अमृत सरोवर मनरेगा के पुराने कार्य डगवेल रिचार्ज रूफवाटर हार्वेस्टिंग बोरी बंधान एवं अन्य जल प्रबंधन के कार्य लक्षित हैं । उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लक्षित कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों जैसे सहायक सचिव सचिव सरपंच उपयंत्री एवं अन्य को लक्षित कार्यों एवं संख्याओं को आधार मानकर एवं नेतृत्व करने की क्षमता तथा कार्य के लिए प्रतिबद्धता को मद्देनजर रखते हुए उनके नाम को जल पुरस्कार योजना के लिए प्रस्तावित किया जायेगा। जिसमें निर्धारित मानकों में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने वाले पदाधिकारी को अभियान के पश्चात् नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा । इस पुरस्कार में कार्य अवधि 30 मार्च से लेकर 30 जून तक होगी।

## एनसीएल ने देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित 20 क्यूबिक मीटर इलेक्ट्रिक रोप शॉवल को निगाही में किया नियोजित

### एनसीएल का मेक इन इंडिया के साथ आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम




**जागरण सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने निगाही परियोजना में 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की इलेक्ट्रिक रोप शॉवल का उद्घाटन किया। देश की पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित इस 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की इलेक्ट्रिक रोप शॉवल की आपूर्ति भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत विजन के अनुरूप सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बीएमएल द्वारा की गई है। एनसीएल की निगाही परियोजना में आयोजित उद्घाटन समारोह में कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी एम प्रसाद बीईएमएल के सीएमडी शांतनु रॉय सीआईएल के निदेशक एचआर विनय रंजन सीआईएल के निदेशक तकनीकी अच्युत घटक वीसी के माध्यम से जुड़े। इस अवसर एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम निदेशक एचआर मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी/संचालन जितेंद्र मलिक निगाही तथा एनसीएल मुख्यालय के अधिकारीगण श्रम संघ प्रतिनिधि व कर्मचारीगण कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। 4.45 मिलियन क्यूबिक मीटर की वार्षिक उत्पादन क्षमता रखने वाली यह पर्यावरण अनुकूल मशीन ऑल.इलेक्ट्रिक पावरट्रेन से सुसज्जित है जो शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करती है। इस मशीन में बेहतर दक्षता और नियंत्रण के लिए उन्नत आईजीबीटी.आधारित एसी ड्राइव तकनीक है। साथ ही यह मशीन ऑपरेटर की सहूलियत हेतु पूरी तरह से वातानुकूलित आरायमदायक केबिन व नवीनतम उन्नत सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है । पिछले वर्षों में एनसीएल ने ड्रैगलाइन 20 क्यूबिक मीटर क्षमता के शॉवेल और 190 टन क्षमता के डंपर और कई नए उपकरणों के अपने बेड़े में शामिल कर भविष्य की नीव मजबूत की है । इस नई इलेक्ट्रिक रोप शॉवेल की तैनाती से एनसीएल की उत्पादन क्षमताओं को और मजबूत मिलेगी व उच्च उत्पादकता एवं सुरक्षा सुनिश्चित होगी।





# पिता का सपना पूरा करने क्रिकेटर बने वैभव



**जयपुर, जेएनएन।** विशेषणों की बौछार-शानदार, अविश्वसनीय, दूसरी दुनिया जैसी, बेमिसाल, असाधारण। लेकिन इसके बावजूद क्रिकेट जगत उस नजारे के लिए शायद तैयार नहीं था, जो सोमवार रात जयपुर में आईपीएल 2025 के दौरान देखने को मिला। एक 14 साल का बच्चा, जिनके सामने अनुभवी अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज खड़े थे, ऐसा प्रदर्शन कर गया कि खुद इयान बिशप कह उठे, इसमें लॉजिक ढूंढना मुश्किल है। अगर आपने मिस कर दिया हो, तो ये रहे बुनियादी तथ्यः बिहार के वैभव सूर्यवंशी, जिनकी उम्र आईपीएल 2025 शुरू होने के बाद 14 साल हुई, ने राशिद खान, सिराज, इशांत शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, करीम जनत और आर साई किशोर जैसे गेंदबाजों (जिनके पास कुल मिलाकर 694 अंतरराष्ट्रीय मैचों का अनुभव है) को 38 गेंदों में 101 रन ठोक दिए। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक था। पटना से करीब 100 किमी दूर समस्तीपुर के रहने वाले वैभव तीन भाईयों में से एक हैं, एक भाई उनसे बड़े हैं और दूसरा भाई उनसे छोटा है। हालांकि क्रिकेट का शौक दोनों भाईयों को नहीं है, लेकिन उनके खून में क्रिकेट उनके पिता संजीव सूर्यवंशी की देन है। वैभव ने बताया कि पिता जी क्रिकेट खेलते थे, लेकिन वह इस स्तर तक नहीं पहुंच पाए थे। इसलिए उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। जब मुझे क्रिकेट का शौक हुआ, तो शुरुआत में मेरे कोच वही थे, समस्तीपुर में ही वह मुझे सिखाते थे। जब भी जरूरत होती थी तो वह गाड़ी से मुझे क्रिकेट के लिए पटना भी ले जाते थे, वह अपना काम छोड़कर मेरे साथ ही रहते थे। लेकिन फिर बाद में समस्तीपुर में सहूलियत की कमी होने की वजह से उन्होंने मुझे पटना भेज दिया, जहां कोच मानस झा सर और रॉबिन सिंह सर के अंदर मेरा खेल और निखर गया।

## वैभव सूर्यवंशी की पारी दूसरी दुनिया वाली थी

वैभव की पारी कई लोगों के लिए आश्चर्य की बात रही होगी, लेकिन राजस्थान के बैटिंग कोच विक्रम राठौर के लिए नहीं, जो 1.1 करोड़ रुपए में खरीदे गए इस खिलाड़ी को पिछले कुछ महीनों से बहुत करीब से देख रहे थे। हमने उसे नेट्स में पिछले कुछ महीनों से देखा है। हमें पता था कि वह क्या कर सकता है और कैसे-कैसे शॉट्स उसके पास हैं, लेकिन ऐसे माहौल में, इतनी भीड़ के सामने, इस तरह की गेंदबाजी के खिलाफ यह करना - यह वाकई खास था। राठौड़ ने कहा, उन्हें हमने पहली बार करीब चार महीने पहले देखा, जब वह ट्रायल के लिए आए था। तभी हमें अंदाजा हो गया था कि उनके पास कुछ बेहद खास है। अब उसे निखारना और इस स्तर तक लाना हमारी जिम्मेदारी थी। श्रेय उन्हें जाता है कि उन्होंने अपना संयम बनाए रखा। वह जमीन से जुड़े हैं और उन्होंने दिखा दिया कि वह क्या कर सकते हैं। इयान बिशप कहते हैं, आजकल ज्यादातर फ्रेंचाइजियां युवा खिलाड़ियों को खुलकर खेलने का मौका दे रही हैं, उन्हें बेखौफ रहने को कहा जा रहा है। यह भारतीय क्रिकेट में बड़ा बदलाव है, जैसा हमने यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों के साथ देखा। यह बड़ा कल्चरल शिफ्ट है। पहले की पीढ़ी में कहा जाता था, ठीक से खेलो, दो बार फेल हुए तो बाहर! अब चीजें बदल रही हैं। आईपीएल 2025 के दौरान इसी कल्चर ने हमें प्रियांश आर्य, शेख रशीद, आयुष म्हात्रे और अब सूर्यवंशी जैसे भविष्य के सितारे दिए हैं। मुझे परवाह नहीं गुजरात ने गेंदबाजी में क्या किया, लेकिन यह बच्चा सिर्फ 14 साल का है! जो भी गेंदबाजी उनके सामने की गई, उन्होंने उसे ध्वस्त कर दिया। आप उसका श्रेय उनसे नहीं छीन सकते। अब देखना यह होगा कि अगली बार विपक्ष कैसे उन्हें चुनौती देता है और वह उसका कैसे सामना करते हैं। मैं चाहता हूं कि हम उसकी तारीफ में अति न करें, लेकिन आज की रात वाकई चौंकाने वाली थी, दूसरी दुनिया जैसी।

- वैभव ने गुजरात के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया, जो आईपीएल का दूसरा तेज शतक है। क्रिस गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंदों में शतक लगाया था, जो अभी भी आईपीएल में तेज शतक का रिकॉर्ड है। सूर्यवंशी का शतक आईपीएल में अब सबसे तेज भारतीय शतक हो गया है। उन्होंने युसूफ पठान के रिकॉर्ड को तोड़ा। युसूफ ने राजस्थान के लिए ही खेलते हुए 2010 में मुंबई के खिलाफ 37 गेंदों में शतक लगाया था।
- सूर्यवंशी के 93.06 प्रतिशत रन (101 में से 94 रन) सिर्फ बाउंड्री से आए। इससे पहले अभिषेक शर्मा ने मेघालय के खिलाफ नाबाद 106 रनों की पारी के दौरान 92.45 प्रतिशत रन (98 रन) बाउंड्री से बनाए थे।
- सूर्यवंशी ने अपनी पारी के दौरान 11 छक्के जड़े, जो कि किसी भी भारतीय द्वारा एक आईपीएल पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का संयुक्त रिकॉर्ड है। मुंरली विजय ने भी 2010 में राजस्थान के खिलाफ एक मैच में अपनी शतकीय पारी के दौरान 11 छक्के जड़े थे। यह राजस्थान के किसी भी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के जड़ने का भी रिकॉर्ड है।

वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्दी अनुमान लगाना और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे। बहुत अच्छी पारी खेली।



**- सचिन तेंदुलकर**, दिग्गज क्रिकेटर

आप 14 साल की उम्र में क्या कर रहे थे। यह बच्चा बिना पलक झपकाए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना कर रहा है! वैभव सूर्यवंशी - नाम याद रखें! वह निडर रवैये के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी को चमकते देखकर गर्व है।



**- युवराज सिंह, पूर्व क्रिकेटर**

एक भारतीय का आईपीएल में सबसे तेज शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए युवा वैभव सूर्यवंशी को बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इसे देखना और भी खास है, जैसा मैंने किया था।

**- यूसुफ पठान**, पूर्व क्रिकेटर

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 | 0.521 |
| मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.119 |
| गुजरात | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.748 |
| दिल्ली | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 | 0.177 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 09 | 03 | 05 | 07 | 0.212 |
| राजस्थान | 10 | 03 | 07 | 06 | -0.625 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.302 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 456 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 443 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 427 |
| यशस्वी (मुंबई ) | 426 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 17 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 14 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 13 |



### बाउंड्री मीटर




788 छक्के
1408 चौके
93 अर्धशतक

आईपीएल में भुवनेश्वर कुमार के 193 विकेट हो गए है। उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पीयूष चावला को पीछे छोड़ दिया। चावला के 192 विकेट हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल के नाम है।

# चेपॉक में पंजाब की नजरें रिकॉर्ड बनाने पर किस्मत बदलने की कोशिश करेगी सीएसके

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका है, लेकिन वह पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को होने वाले चेपॉक में आईपीएल के 49वें मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी किस्मत बदलने की कोशिश करेगा। पांच बार की चैंपियन चेन्नई के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा है और वह नौ मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है। दूसरी तरफ पंजाब नौ मैचों में पांच जीत के साथ पांचवें स्थान पर है और वह लगातार हार से निराश चेन्नई के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा। दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मैच हुए हैं, जिसमें सीएसके ने अब तक 16, जबकि पंजाब ने 15 बार जीत दर्ज की है। दिलचस्प बात यह है कि चेपॉक में खेले गए आठ मुकाबलों में दोनों ने चार-चार जीत साझा की हैं, लेकिन पंजाब की टीम ने यहां पिछले दो मैच जीते हैं। आईपीएल 2022 से अब तक पंजाब ने सीएसके के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं और उनकी हालिया फॉर्म भी शानदार रही है। वहीं, सीएसके अपनी लय खोजने में जुटी है। अगर पंजाब यह मैच जीतता है, तो मुंबई इंडियंस के साथ वह चेपॉक में सबसे ज्यादा जीत (5) हासिल करने वाली मेहमान टीम बन जाएगी।



## चहल होंगे पंजाब के मुख्य हथियार

चहल ना सिर्फ धोनी बल्कि सीएसके के अधिकतर बल्लेबाजों को परेशान करते हैं। उन्होंने धोनी की तरह दीपक हुड्डा को भी टी-20 मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि राहुल त्रिपाठी, रवींद्र जडेजा और विजय शंकर भी उनका दो-दो बार शिकार हुए हैं। इसमें से किसी भी बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट चहल के खिलाफ 140 से अधिक नहीं है, जबकि राहुल तो चहल पर सिर्फ 98 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिर्फ सैम करन ही चहल पर 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि चहल उनको एक भी बार आउट नहीं कर पाए हैं।

## पिच और परिस्थितियां

चेपॉक की पिच इस सीजन में अब तक बल्लेबाजों के लिए थोड़ी चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों को यहां ज्यादा सफलता मिली है। आईपीएल 2024 से अब तक इस मैदान पर 14 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 9 बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम विजेता रही है। पहली पारी का औसत स्कोर 166/7 रहा है, लेकिन 175 से ऊपर का स्कोर लगभग जीत की गारंटी बन जाता है, ऐसे 6 में से 5 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीते हैं।

## धोनी का देखने को मिल सकता है जलवा

इस मैच में चेन्नई के लोगों को अपने थला यानी एमएस धोनी के बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिल सकता है। अर्शदीप सिंह पंजाब के मुख्य गेंदबाज हैं और वह डेथ में अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि धोनी के सामने उनकी एक भी नहीं चलती और धोनी उन पर 178 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। चार पारियों में अर्शदीप एक भी बार धोनी को आउट नहीं कर पाए हैं। ओवरऑल पंजाब के खिलाफ भी धोनी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ 28 पारियों में 43.5 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। लेकिन युजवेंद्र चहल के खिलाफ धोनी कुछ संघर्ष करते हुए नजर आते हैं और उन्होंने धोनी को आईपीएल में तीन पारियों में आउट किया है। हालांकि धोनी भी चहल पर 34 की औसत और 128 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# राणा ने पहली बार वनडे में लिए पांच विकेट, भारत की दूसरी जीत

## त्रिकोणीय सीरीज : दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

जेएनएन, कोलंबो

भारतीय महिला टीम ने त्रिकोणीय सीरीज में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को 15 रन की रोमांचक जीत दर्ज की। यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। भारत ने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। प्रतिका रावल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 91 गेंदों पर 78 रन की पारी खेली, जिससे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद छह विकेट पर 276 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। प्लेयर ऑफ द मैच स्नेह राणा ने इसके बाद पांच विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम ताजमिन ब्रिट्स के 109 रन के बावजूद 49.2 ओवर में 261 रन पर आउट हो गई। राणा ने एक ही ओवर में तीन विकेट चटकाकर महिला वनडे में पहली बार पांच विकेट लेने का का कारनामा किया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी पांच विकेट 21 रन पर गंवा दिए, जिससे भारत ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान पारी के 48वें ओवर में तीन रन देकर तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रूख भारत की ओर मोड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा आक्रामक तरीके से करते हुए भारत को शुरुआत में ही बैकफुट पर धकेल दिया। ब्रिट्स मौसम की मुश्किल परिस्थितियों में ऐंठन का सामना करने के कारण 105 गेंद पर 108 रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गई। उन्होंने कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (43) के साथ पहले विकेट के लिए 140 रनों साझेदारी की। जब ऐसा लग रहा था कि दक्षिण अफ्रीका की टीम आसानी से इस मैच को जीत जाएगी तब भारतीय स्पिनरों ने अपनी फिरकी में बल्लेबाजों को फंसाना शुरू किया। दीप्ति शर्मा (40 रन पर एक विकेट) ने वोल्वार्ड्ट को पगबाधा कर मैच के 28वें ओवर में भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके तुरंत बाद राणा ने लॉरा गुडोल (नौ) को चलता किया। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (59 रन पर एक विकेट) ने पदार्पण कर रही विकेटकीपर काराबो मेसो (सात) को पवेलियन की राह दिखाने में ज्यादा समय नहीं लिया।



# सूर्या, श्रेयस और रहाणे सहित आठ खिलाड़ी टी-20 लीग के आइकन

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे सहित देश के लिए खेल चुके आठ खिलाड़ियों को अपनी बहुप्रतीक्षित टी-20 मुंबई लीग 2025 के लिए मंगलवार को घोषित आइकन खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। टी-20 मुंबई लीग की छह साल के अंतराल के बाद वापसी हो रही है। इसके तीसरे सत्र का आयोजन 26 मई से आठ जून तक वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार, रहाणे और अय्यर के अलावा आइकन खिलाड़ियों में सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे शामिल हैं। एमसीए जल्द ही नीलामी की तारीख की घोषणा करेगा। इस टी-20 लीग में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग ले रही है।

# डोपिंग : नौसेना हाफ मैराथन विजेता मुंजाल पांच साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नौसेना के धावक रामेश्वर मुंजाल को मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव आने के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया। मुंजाल ने पिछले साल आठ दिसंबर को मुंबई में नौसेना हाफ मैराथन का खिताब जीता था। लेकिन अब उनसे यह खिताब छीन लिया गया है, क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान उनके नमूने में एरिथ्रोपीटिन (ईपीओ) और दरबेपोएटिन (डीईपीओ) पाया गया था। यह दोनों प्रतिबंधित पदार्थ की सूची में आते हैं। इस 27 साल के खिलाड़ी ने तब एक घंटे नौ मिनट और तीन सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था।

# सुदीरमन कप : प्रणय और सिंधू का खराब प्रदर्शन, इंडोनेशिया से हारकर भारत बाहर



**शियामेन, जेएनएन।** लंबे समय से खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया, जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप-डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-3 से पिछड़ने के साथ ही बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन संघ) सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को इससे पहले रविवार को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। इस हार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच को महत्वहीन बना दिया है। इंग्लैंड भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप-डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क ने भी मंगलवार को इंग्लैंड को 5-0 से शिकस्त दी। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारत ने मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी के साथ विजयी शुरुआत की। इस जोड़ी ने एक घंटे और 10 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में रेहान नौफाल कुशारजंतो और ग्लोरिया इमानुएल विडजाला को 10-21, 21-18, 21-19 से हराया। टीम की बढ़त को बनाये रखने की जिम्मेदारी इसके बाद अनुभवी सिंधू पर थी, लेकिन विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर खिसक गई इस खिलाड़ी को मात्र 38 मिनट में 11वें नंबर की खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वर्दानी ने आसानी से 21-12, 21-13 से हराया।

# शादमन इस्लाम की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी, बांग्लादेश ने बनाई जिम्बाब्वे पर बढ़त

## दूसरा टेस्ट, दूसरा दिन



**चटगांव (बांग्लादेश), जेएनएन।** सलामी बल्लेबाज शादमन इस्लाम की शतकीय पारी से बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में तीन विकेट शेष रहते 64 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शादमन ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 120 रन की पारी खेली, जिससे दूसरे दिन का खेल खत्म होते समय बांग्लादेश ने सात विकेट पर 291 रन बना लिए थे। बांग्लादेश एक समय बड़ी बढ़त की ओर बढ़ रहा था, लेकिन टीम ने आखिरी एक घंटे के खेल में चार विकेट गंवा दिए, जिसमें से तीन विकेट पदार्पण कर रहे लेग स्पिनर विन्सेंट मासीकेसा ने झटके। मासीकेसा ने 14 ओवर में 44 रन देकर बड़ी पारी की तरफ बढ़ रहे कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (23) के अलावा जाकेर अली (पांच) और नईम हसन (तीन) को पवेलियन की राह दिखाई। अनुभवी मुशफिकुर रहीम 40 रन पर रन आउट हो गए, जिससे जिम्बाब्वे की वापसी की उम्मीदें जाग गई। इससे पहले दिन की शुरुआत में जिम्बाब्वे ने बीते दिन के स्कोर (नौ विकेट पर 227 रन) में कोई रन जोड़े बिना अपना आखिरी विकेट गंवा दिया। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजरबानी को आउट कर पारी का छठा विकेट झटका। शादमन और अनामुल हक (39) ने पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी के साथ बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत दिलाई। यह दिसंबर 2022 के बाद पहली बार है जब बांग्लादेश ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की है। इस साझेदारी को मुजरबानी ने अनामुल को पगबाधा आउट कर तोड़ा।

# ओलंपिक पदक विजेता मनु व कुसाले विश्वकप टीम में



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। भारतीय राइफल और पिस्टल टीम हाल ही में अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो-चरण वाले संयुक्त आईएसएसएफ विश्व कप से लौटी है। टीम ने इसमें कुल छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते थे। भारतीय टीम अर्जेंटीना में दूसरे जबकि पेरू में तीसरे स्थान पर थी। उस टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। म्यूनिख के लिए चुनी गई टीम में तीन नए खिलाड़ी भी होंगे। महाराष्ट्र की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू को घरेलू सर्किट में अपने शानदार प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी रखने का मौका दिया गया है। पुरुष वर्ग में एयर पिस्टल में दो नए निशानेबाजों को मौका दिया गया है। इसमें हाल ही में कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक टूर्नामेंट में मिश्रित टीम का खिताब जीतने वाली जोड़ी का हिस्सा रहे हरियाणा के आदित्य मालरा और सेना के निशानेबाज निशांत रावत का नाम शामिल है।

# स्कोप और जबलपुर डिफेंस की जीत

**भोपाल, खेप्र।** स्कोप और जबलपुर डिफेंस ने द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर गोल्डन टाइगर्स ने 6 विकेट खोकर 139 रन बनाए। ओसाफ-उर-रहमान ने नाबाद 41, अंबर हसन ने 30 और रिजवान ने 19 रन का योगदान दिया। स्कोप के रमीज और सैयद जमरान जावेद ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में स्कोप के जय देवनानी ने 69 और हिर्देश द्विवेदी ने 40 रन बनाकर 12.5 ओवर में टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। गोल्डन टाइगर्स के अलीजर खान और उस्मान अली ने 1-1 विकेट लिया। अन्य मुकाबले में जबलपुर डिफेंस ने अभिषेक भंडारी (62) और शिवम तिवारी (51) के अर्धशतक की मदद से 8 विकेट खोकर 198 रन बनाए। कप्तान सुरज महाराज ने 33 रन की पारी खेली। कर्मचारी एकादश के मुश्ताक अली ने दो विकेट झटके। जवाब में कर्मचारी एकादश ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम किया। मयंक जैन ने नाबाद 54 और महेंद्र मिश्रा ने नाबाद 46 रन बनाए। अकबर सिद्धिकी ने 32 व देवेन्द्र नायक ने 29 रन की पारी खेली। डिफेंस के प्रदीप सिंह और प्रकाश यादव ने 2-2 विकेट चटकाए। जय देवनानी और मयंक जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** दुष्कर्म के एक आरोपी को जसो थाना प्रभारी रोहित यादव ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि 28 अप्रैल को नाबालिक पीडिता ने अपनी मां के साथ थाने पहुचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 अप्रैल की रात 11 बजे आरोपी संदीप चौधरी उसके घर में आकर दुष्कर्म किया। आरोपी के विरूद्ध पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया आरोपी संदीप चौधरी को पिता बिट्टू लाल चौधरी उम्र 22 साल निवासी जोगियाँ थाना जसो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## समाधान आनलाइन कार्यक्रम दो मई को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दो मई को शाम चार बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित समाधान आनलाइन कार्यक्रम में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा तथा निवेश संवर्धन केन्द्र की भी समीक्षा की जाएगी।

# साढे 24 हजार की अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



### ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज ने की कार्यवाही , धारा 34-2 का अपराध दर्ज

जागरण सतना

शराब का अवैध कारोबार करने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर ट्रेनी आईपीएस एवं कोठी थाना प्रभारी मनीष भारद्वाज ने साढे 24 हजार रूपये कीमत की 63 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपी राधा चौधरी के विरूद्ध धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में मनीष भारद्वाज द्वारा की गई है।

### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 28 अप्रैल की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम डेहुटा की रहने वाली राधा चौधरी बोरियों में कई कारटूनों में अवैध शराब बिक्री हेतु रखे है। सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु ट्रेनी आईपीएस मनीष भारद्वाज व्दारा तत्काल टीम रवाना कर त्वरित रेड कार्यवाही कराई । आरोपिया राधा चौधरी के कब्जे से 63 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है इस मामले में दो फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 54 लीटर अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**मैहर पुलिस ने शराब तस्कर के विरुद्ध की कार्यवाही**

**सतना ।** 54 लीटर अवैध शराब जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी ने सफलता पाई है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर की गई है।

### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि 28 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि हरदुआ तालाब वार्ड नंबर 4 मैहर में पीपल के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो बोरियों में अवैध शराब बिक्री हेतू रखा है तस्दीक पर मुखबिर की सूचना सही पाए जाने पर पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अमित चौरसिया पिता कमलेश चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला मैहर के कब्जे से 54 ली अवैध शराब जप्त की गई एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया गया । पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ मकरा पिता कमलेश चौरसिया उम्र 23 वर्ष पता चौरसिया मोहल्ला मैंहर को गिरफ्तार कर 27 हजार रूपये कीमत की अवैध शराब जप्त की है।

# 34 ग्राम पंचायतों के सचिव सरपंचों को नोटिस

**जागरण सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा के प्रतिवेदन के अनुसार सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए समुचित उपाय और जन जागरूकता करने की कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाने पर नागौद विकासखण्ड के 34 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 12 मई को समक्ष में उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में जिला दण्डाधिकारी सतना द्वारा जारी निषेधाज्ञा के बावजूद नरवाई जलाने से रोकने हेतु पंचायत क्षेत्र में कोई पहल नहीं की गई और न ही किसानों को चिन्हित कर एसडीएम कार्यालय में किसी प्रकार की जानकारी दी गई है। इससे पदीय दायित्वों का निर्वहन न करते हुए और वरिष्ठ कार्यालयों के निर्देशों की अवहेलना प्रतीत हो रही है। सरपंच गणों को 12 मई को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत कार्यालय सतना में उपस्थित होकर समक्ष में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। जबाव के संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम सभा अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। इसी प्रकार 34 ग्राम पंचायतों के सचिवों को समक्ष में उपस्थित होकर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। संतोषप्रद जबाव नहीं होने या समय सीमा में जबाब नहीं देने की स्थिति में सचिवों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण सेवा अधिनियम 1998 एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के भाग 2 के तहत निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। जिन ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव को नोटिस जारी की गई है। उनमें ग्राम पंचायत बिलौंधा, इटमा, ओबारी, पवईया, उमरी ब्रज नंदन, नौनिया, सेमरी, लालपुर, सिजहटी, सिंहपुर, रेरूआ कला, अकौना साठिया, अमीलिया, वसुधा, उमरहट, गिंजारा, हिलौंधा, झिगोंदर, कचनार, कपूरी, मौहारी, उजनेही, गंगवरिया, बाबूपुर, लालपुर, छींदा, परसवारा, मढीकला, धौरहरा, दुर्गापुर, इटौरा कला, बचबई और सेमरवारा के नाम शामिल है। इन 34 ग्राम पंचायतों में कुल 90 घटनायें नरवाई में आग लगाने की प्रकाश में आई है।


English Medium
Anupama Hr.Sec.School
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
anupamahighersecondaryschool@gmail.com, aesmp.org


# वेतन देयकों के साथ प्रमाण पत्र भी संलग्न करें डीडीओ

**सतना।** आयुक्त कोष एवं लेखा म.प्र. के निर्देशानुसार कोषालयों में प्रस्तुत किये जा रहे वेतन देयकों के साथ भत्तों के भुगतान में आहरण एवं संवितरण अधिकारी वेतन देयकों का सूक्षमता से परीक्षण करेंगे तथा इसके साथ वेतन देयकों के साथ निर्धारित प्रमाण पत्र स्कैन कर संलग्र करेंगे कि उनके द्वारा देयकों का परीक्षण कर लिया गया है तथा वेतन भत्ते की राशि सही अंकित है। आयुक्त कोष एवं लेख के निर्देशानुसार जिला कोषालय अधिकारी तोकानंद टेकाम ने सतना और मैहर जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को इन निर्देशों से अवगत कराते हुए अप्रैल माह के वेतन देयकों के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रमात्र पत्र भी संलग्न करने का अनुरोध किया है।

## ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं के संबंध में हुई समीक्षा

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को शहर विकास के महत्वपूर्ण विषय ट्रांसपोर्ट नगर की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री दुबे ने योजना क्रमांक 20 ट्रांसपोर्ट नगर में सीमांकन हेतु संबंधित उपयंत्री को पुनः पत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में गेट एवं शेष पहुँच मार्ग में डामरीकरण कर कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया है। बैठक में आयुक्त श्री दुबे ने संबंधित उपयंत्री को ट्रांसपोर्ट नगर में शेष आवंटित भू खण्ड धारकों को अंतिम रूप से नोटिस जारी कर लीज रेंट जमा करते हुए 7 दिवस के अंदर भवन अनुज्ञा प्राप्त कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किए जाने के संबंध में निर्देश दिए है। विदित हो ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में सभी ट्रांसपोर्टर्स को नगर निगम से संबंधित सर्व सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा सके, साथ ही व्यवसाय संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े इस हेतु सभी समुचित व्यवस्थाएँ जैसे सड़क मरम्मत, सफाई, प्रकाश पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन इत्यादि कार्य कराया गया है। ताकि ट्रांसपोर्टर ट्रांसपोर्ट नगर से व्यवसाय का संचालन कर सकें।

## थाना कोतवाली पुलिस ने रात्रि भ्रमण के दौरान अवैध पिस्टल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना कोतवाली पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान राजनगर रोड में अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम राजनगर रोड ओवर ब्रिज के पास पहुंची। संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया तलाशी लेने पर आरोपी के पास से .32 बोर की अवैध पिस्टल मिली, सावधानी पूर्वक मैगजीन चैंबर खोलकर चेक किया गया।

उक्त अवैध हथियार पिस्टल जप्त कर आरोपी अजय श्रीवास उर्फ अज्जू पिता पप्पू श्रीवास निवासी बी डी कॉलोनी छतरपुर गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी अजय श्रीवास हत्या, अवैध हथियार के अपराध में पूर्व से लिप्त है, अवैध हथियार पिस्टल को हत्या के अपराध में जेल में बंद आकाश दउवा से पूर्व में लेना बताया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक पुष्पेंद्र यादव,संदीप तोमर, शैलेंद्र सिंह, सत्येंद्र यादव, अभय यादव, रुपेश, नरेश, कपीन्द्र, संदीप, आशीष एवं चीता मोबाइल की भूमिका रही।


डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर



भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640



मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
FIJR, OIJR (अहमदाबाद), फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
पूर्व सर्जन गर्वमेन्ट मेडिकल कालेज सागर
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311



चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
04 मई, रविवार
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS., MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311



DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611



सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्वीकृत लागत राशि ₹ 383.22 करोड
नर्सिंग कॉलेज भवन लागत ₹ 14.80 करोड का
शिलान्यास
दिनांक: 30 अप्रैल 2025 | सायं 4.00 बजे | स्थान: मेडिकल कॉलेज कैम्पस, सतना
मुख्य अतिथि: मान. राजेन्द्र शुक्ला जी, उप मुख्यमंत्री-म.प्र. शासन
अध्यक्षता: मान. प्रतिमा बागरी जी, राज्य मंत्री-म.प्र. शासन
मान. गणेश सिंह जी, सांसद-लोकसभा क्षेत्र, सतना
विशिष्ट अतिथि:
की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न होगा, आप सभी नागरिकों से अपील है कि निर्धारित समय पर पहुँचने की कृपा करें।
निवेदक: मेसर्स योगेन्द्र शुक्ला कॉन्स्ट्रक्शन



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 सतना - 9993315949 सीधी-7089620900 सिंगरौली-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाना वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸ अंक 211 ▸ पृष्ठ 12+8= 20
रीवा, बुधवार 30 अप्रैल, 2025
▸ वैशाख शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ■■
आज के अंक के साथ सत्यकथा
www.dainikjagranmpcg.com

आज अक्षय तृतीया है

**कश्मीर में कत्लेआम** | जवाबी कार्रवाई के लिए सेना प्रमुखों की मौजूदगी में बनी रणनीति

# पीएम ने सेना को दी खुली छूट

## बैठक में निर्णय: सेना तय करे, टारगेट, समय और कार्रवाई का तरीका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पीएम नरेंद्र मोदी के आवास पर मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें सेना को टारगेट, समय और आतंकवादियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का तरीका तय करने की छूट दे गई। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा- हमें सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका क्या हो, लक्ष्य कैसा और समय कौन-सा हो, यह सेना स्वयं तय करे। सरकार उसके काम में कोई दखल नहीं देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सेना कुछ भी कर सकती है। वह भारत पर कभी आंच नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि देश आज गुस्से में है। सेना को कुछ ऐसा करना होगा, जिससे देश की जनता का गुस्सा शांत हो।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल और सीडीएस अनिल चौहान मौजूद रहे। यह बैठक डेढ़ घंटे से ज्यादा चली। मीटिंग के आधे घंटे बाद गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पीएम आवास पहुंचे। पीएम ने संघ प्रमुख को हमले के बाद उत्पन्न स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। तीनों के बीच भी करीब एक घंटे बातचीत हुई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इस बैठक में पहलगाम हमले के बाद की सुरक्षा स्थिति, आतंकियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशनों और भविष्य की रणनीति पर विमर्श किया गया।



### कैबिनेट की बैठक आज

केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक बुधवार सुबह 11 बजे होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पहलगाम हमले के बाद यह पहली कैबिनेट बैठक होगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस मीटिंग में पाकिस्तान के खिलाफ कुछ और कठोर कदम उठाने की घोषणा की जा सकती है।

### राजस्थान में वेबसाइट हैक

पाकिस्तानी हैकर्स ने मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर लिया। वेबसाइट के होम पेज पर च्पाकिस्तान साइबर फोर्स। अगला हमला गोलियों से नहीं, टेक्नोलॉजी से होगा, लिखा। शिक्षा विभाग की ओर से वेबसाइट को रिकवर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जम्मू-कश्मीर के 48 पर्यटन स्थल बंद


पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के 87 में से 48 पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है। घाटी में कुछ स्लीपर सेल एक्टिव हो गए हैं, उन्हें पाकिस्तान की ओर से आतंकी गतिविधियां शुरू करने के निर्देश मिले हैं। संदिग्ध आतंकवादियों के घरों को उड़ाने का बदला लेने के लिए कुछ टार्गेटेड हत्याओं के साथ-साथ बड़े हमले को अंजाम देने का निर्देश भी उन्हें दिया गया है। इस तरह की खुफिया सूचना मिलने के बाद राज्य सरकार ने 48 पर्यटन स्थलों को बंद करने का फैसला किया है। हालांकि, सुरक्षा बलों ने गुलमर्ग, सोनमर्ग और कुछ पर्वतीय इलाकों सहित कई संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर एंटी फिदायीन दस्तों को तैनात किया है। इसके बाद भी सरकार कोई जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं है।

### पाकिस्तान का पूर्व सैनिक है पहलगाम हमले का मास्टर माइंड हाशिम मूसा

पहलगाम आतंकी हमले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने हमले के मास्टरमाइंड की पहचान कर ली है। यह आतंकी कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़ा कुख्यात आतंकवादी हाशिम मूसा है। हाशिम मूसा उन चार आतंकवादियों में भी शामिल है, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया था। यह भी सामने आ रहा है कि इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर रची गई थी। आईएसआई का इंडिया डेस्क प्रमुख ब्रिगेडियर खालिद शहजाद और आईएसआई प्रमुख आसिम मलिक के साथ-साथ पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी इस साजिश में शामिल थे।



सुरक्षाबलों ने हमले के बाद चार संदिग्धों के स्कैच जारी किए थे, इनमें से एक हाशिम मूसा से हूबहू मैच किया है।



लिवरपूल ने अपना 20वां प्रीमियर लीग खिताब जीता !

# तबादला नीति पर राज्य कैबिनेट की मुहर प्रदेश में 1 से 30 मई तक होंगे तबादले

## चंबल के आसपास बनेगा तीन हजार मेगावाट का सोलर पार्क

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार राज्य की नई तबादला नीति पर मुहर लगा दी है। 1 से 30 मई तक विभाग तबादले कर सकेंगे। इसमें मंत्री और प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा पर भी तबादले होंगे। विभागों को अलग से नीति बनाने की छूट दी गई है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछली कैबिनेट में प्रदेश में 1 से 30 मई के बीच अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले की बात कहते हुए नई नीति को कैबिनेट में लाने का आश्वासन दिया था। जिसे अब पूरा किया गया। पिछली तबादला नीति की तुलना में इस नीति में कुछ बदलाव किए गए है। बैठक के बाद नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नई तबादला नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि निर्धारित समय पर विभाग जो भी तबादले करेगा, उसकी सूची अपने पोर्टल पर डालनी होगी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### सरकार का फोकस ग्रीन एनर्जी पर

विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य बिजली उत्पादन के मामले में सरप्लस है, लेकिन हम ग्रीन एनर्जी पर भी फोकस कर रहे हैं। इसके लिए कैबिनेट ने चंबल या उसके आसपास तीन हजार मेगावाट का सोलर पार्क बनाने का निर्णय लिया है। जहां से उत्तरप्रदेश को उनकी मांग के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। विजयवर्गीय ने बताया कि बरसात के दौरान मध्यप्रदेश में बिजली की मांग कम हो जाती है, जबकि यूपी में बढ़ जाती है। प्रस्ताव में एक हजार मेगावाट कंपोजिट प्लान में रहेगी, जबकि 2 हजार मेगावाट उत्तरप्रदेश को दी जा सकेगी।

### यूपीएस के लिए की समिति गठित

विजयवर्गीय ने बताया कि केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना यानी यूपीएस के लिए 6 अधिकारियों की समिति बनाई गई है। इसमें अशोक वर्णवाल, मनीष रस्तोगी, तन्वी सुंद्रियाल, लोकेश जाटव, अजय कटेसरिया और जेके शर्मा को शामिल किया गया है। यह समिति भारत सरकार की गाइडलाइन का अध्ययन कर कर्मचारियों के लिए वैकल्पिक रुप से पेंशन स्कीम का प्रस्ताव तैयार करेगी।

### महंगाई भत्ते की घोषणा पर मुहर

पिछले दिनों सीएम ने कर्मचारियों महंगाई भत्ता पांच प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की थी। इस पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। विजयवर्गीय ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य बन गया है, जो अपने कर्मचारियों को केन्द्र के समान 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देगा।

**ऑफ बीट**

### सॉफ्टवेयर डेवलपर का 4 साल से कार बनी घर



*लोग मेहनत की कमाई लगाकर घर बनाते हैं, ताकि उनका जीवन आराम से बीते। हालांकि, क्या हो अगर आपको किसी कारण के चलते शिद्दत से बनाए घर को छोड़कर कार में जीवन बिताना पड़े? ऐसा ही कुछ चीन के एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के साथ हुआ, जो अपना 4 मंजिला घर को छोड़कर 4 साल से कार के अंदर रह रहे हैं। हालांकि, उनकी असामान्य जीवनशैली का चयन पैसा बचाने के लिए नहीं है। दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के झांग युनलाई 6 साल पहले शेनझेन चले गए थे। वह 4 साल से कार में ही सोते हैं, खाते हैं और रहते हैं। शुरुआती महीनों में वह रोजाना फ्लैट से ऑफिस जाते थे, जिसका किराया 29,225 रुपए था। एक पार्क में कैम्पिंग के अनुभव ने उन्हें जीवन जीने का नया तरीका अपनाने के लिए प्रेरित किया। झांग ने इलेक्ट्रिक कार खरीदी और पिछली सीट पर गद्दा आसानी से रखा जा सकता था।*

# पेगासस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

## देश की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा। व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। बता दें कि 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिए जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया। इसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। वकील श्याम दीवान ने यह मांग की थी। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने की मांग की थी। गौरतलब है कि भारत ने 2017 में इजराइल से पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपए) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा एक अमेरिकी अखबार ने किया था।

### निजता के अधिकार की रक्षा जरूरी

पेगासस मामले में पत्रकार परंजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वॉट्सएप ने खुद ही खुलासा किया था कि मोबाइल की हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। लिहाजा पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को स्वीकार किया कि जनता की निजता के अधिकार की रक्षा होनी चाहिए। सरकार को निजता की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए, लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक करना ठीक नहीं रहेगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्स मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का कोई सूबत नहीं, ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट ने किया स्वीकार

## कलमाडी समेत सभी आरोपियों को क्लीनचिट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस फैसले से 13 साल पुराने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का अंत हो गया है। कोर्ट ने पूर्व कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी, महासचिव लालित भनोट और अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रही जांच समाप्त कर दी। ईडी और सीबीआई के स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई पहले ही भ्रष्टाचार के मामले में आरोपियों को बरी करने की सिफारिश कर चुकी है। इसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। कोर्ट ने ईडी के इस तर्क को स्वीकार किया कि मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध की कोई पुष्टि नहीं हुई है और इसलिए मामले को आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं है। बता दें कि सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए दो महत्वपूर्ण अनुबंधों के अवैध आवंटन से आयोजन समिति को 30 करोड़ का नुकसान हुआ था। हालांकि, सीबीआई ने जनवरी 2014 में इस मामले में समापन रिपोर्ट दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि कोई भी आपत्तिजनक साक्ष्य सामने नहीं आए और आरोपों को साबित नहीं किया जा सका। सीबीआई की जांच के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच प्रारंभ की थी। अब उसमें भी कुछ नहीं मिला। भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन अक्टूबर 2010 में हुआ था। इसकी तैयारियों में भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाए गए थे। सीएजी की रिपोर्ट के बाद सीबीआई ने एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज किए थे।



### कांग्रेस ने कहा- माफी मांगें मोदी और केजरीवाल

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित पर नरेंद्र मोदी और केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे। केजरीवाल और भाजपा ने जुगलबंदी करके कांग्रेस को बदनाम करने के लिए 2जी और कॉमनवेल्थ जैसे झूठे घोटाले गढ़े। 2जी का सच पहले ही अदालत में सामने आ चुका था। आज कॉमनवेल्थ मामले में भी ईडी की क्लोजर रिपोर्ट को अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

### आज से शुरू होगी चारधाम यात्रा, छह नवंबर तक चलेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चारधाम यात्रा बुधवार से प्रारंभ होगी जो 6 नवंबर तक चलेगी। इस यात्रा में दो करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। दरअसल, 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यात्रा शुरू होने से पहले ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन अब भी जारी हैं। पूरे मई माह तक रजिस्ट्रेशन जारी रहेंगे। बता दें कि चार धाम यात्रा यमुनोत्री से शुरू होती है। जिसके बाद गंगोत्री, फिर केदारनाथ और अंत में बद्रीनाथ धाम जाकर समाप्त होती है। इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होता है।

# उज्जैन में सोमवार रात जैन स्थानक पर पथराव

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश में जैन संतों पर हमले का 15 दिन में दूसरा मामला सामने आया है। नीमच में जैन संतों पर हमले के बाद अब उज्जैन में सोमवार देर रात को अज्ञात हमलावरों ने जैन स्थानक पर पत्थरबाजी की। इससे भवन के शीशे टूट गए। अरविंद नगर स्थित जैन समाज के समता भवन स्थानक में उदयपुर से आई साध्वी प्रज्ञा, साध्वी प्रेक्षा, साध्वी प्रणति, साध्वी प्रशस्ति ठहरी हुई हैं। गनीमत ये रही कि स्थानक में आराम कर रहीं इन साध्वियों को चोट नहीं लगी। मंगलवार सुबह जैन समाज के लोगों को तोड़फोड़ की खबर लगी तो स्थानक के बाहर भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चिमनगंज मंडी थाने में शिकायती आवेदन दिया है। स्थानक ट्रस्ट के शुभम सूर्या ने बताया कि विवाद सोमवार शाम को हुआ। भोजन के बाद साध्वियां स्थानक के सामने स्थित बगीचे के पास पात्र (बर्तन) धो रहीं थी। इस दौरान पास ही रहने वाले कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति ली। उन्होंने कहा कि आप लोग यहां बर्तन नहीं धो सकते। इसके बाद साध्वी प्रज्ञा ने लोगों की आपत्ति पर माफी मांगी और आगे से गंदगी न करने की बात भी कही। लेकिन रात करीब डेढ़ बजे स्थानक में शीशे टूटने की आवाज आई। सुबह जब सभी जागे तो देखा कि गेट के पास कांच के टुकड़ पड़े थे। स्थानक ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनीत कुमार सूर्या ने चिमनगंज मंडी थाने में आवेदन देकर बताया कि स्थानक के पास रहने वाले विजय चौरसिया ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**आईपीएल में आज**

पंजाब बनाम चेन्नई
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

### पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को नहीं मिली जमानत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आईपीएस के संजीव भट्ट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 1990 में हिरासत में हुई मौत के मामले में अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने इस मामले में जमानत की भी मांग की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि वह सजा को निलंबित करने और संजीव भट्ट को जमानत पर रिहा करने के पक्ष में नहीं है. हालांकि, पीठ ने निर्देश दिया कि भट्ट द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपील पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाएगी।

**मर्जर मिस्ट्री** | 30 अप्रैल 1949 को हुए थे 'भोपाल मर्जर एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर, वर्षों से लापता है दस्तावेज

# भोपाल की सबसे बड़ी गुत्थी बना 'मर्जर डाक्यूमेंट'

**जागरण, भोपाल।** 'वह एक दस्तावेज था, महज एक समझौता नहीं, इतिहास की वह कड़ी जिसे जोड़ने के लिए बरसों संघर्ष हुआ, खून बहा, और आखिर वह दिन आया, जब भोपाल को राजनीतिक अस्थिरता से निकाल कर भारत के नक्शे पर लाया गया।' आज से ठीक 76 साल पहले, यानी 30 अप्रैल 1949 को वह ऐतिहासिक दिन था, जब 'भोपाल मर्जर एग्रीमेंट' पर हस्ताक्षर हुए। लेकिन यह दस्तावेज आज भी अपनी 'गुमशुदगी' के कारण उतना ही रहस्यमय है, जितना 1949 में था।



### खो गया, या छिपा लिया गया

इतिहासकार डॉ. आलोक गुप्ता की मानें तो यह मर्जर एग्रीमेंट 'रहस्यमयी ढंग से गुम' हो गया। ये शब्द यूं ही नहीं कहे गए- यह वह दस्तावेज था जो न केवल भोपाल के भारत में विलीनीकरण को वैधता देता, बल्कि नवाब और भारत सरकार के बीच हुए समझौतों को भी स्पष्ट करता। यह 'मर्जर मिस्ट्री' आज भी हमारी सरकारी फाइलों, अभिलेखागारों और चेतना से नदारद है।

### भोपाल गौरव दिवस: खोई हुई स्मृति की वापसी

1 जून को अब हर साल 'भोपाल गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह परंपरा भी उसी संघर्ष का परिणाम है जो कभी रियासत की सत्ता को जनता के सामने जवाबदेह बनाने के लिए चला था। यह महज एक दिन नहीं, एक याद है, एक प्रतीक है उस संघर्ष का जो आज भी आधिकारिक अभिलेखों से गायब है।

### जन संघर्ष की विरासत और उसकी कीमत

डॉ. आलोक गुप्ता पिछले तीन दशकों से इस इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हैं। उनकी शोध और हाल ही में आई किताब 'मध्यप्रदेश में स्वाधीनता आन्दोलन: भोपाल' में इस पूरे घटनाक्रम को विस्तार से दर्ज किया गया है। भोपाल विलीनीकरण आंदोलन वह जनआंदोलन था जिसमें आम जनता ने अपनी रियासत को लोकतांत्रिक भारत में लाने के लिए जान की बाजी लगाई। गोलीकांड, गिरफ्तारियां और डर के बावजूद जनता टिकी रही, तभी जाकर भोपाल ने आजादी का असली स्वाद चखा।

### भोपाल का विलय

**एक सधी हुई रणनीति एक अधूरा दस्तावेज**

मर्जर एग्रीमेंट महज एक औपचारिकता नहीं थी, यह उस जन-आंदोलन का परिणाम था जिसमें जनता की आवाज, गोलीकांड की गूंज और सरदार पटेल की राजनीतिक चतुराई, सब शामिल थे। बोरास गोलीकांड के बाद केंद्र सरकार ने स्थिति संभालने के लिए वी. पी. मेनन को भेजा। जनवरी 1949 में भोपाल पहुंचे मेनन ने नवाब हमीदुल्ला खान से कई दौर की बातचीत की। नवाब जनमत संग्रह और अपनी बेटी को प्रशासन सौंपने की जिद पर अड़े थे, लेकिन उन्हें समझाया गया कि यह न तो व्यावहारिक है और न ही राजनीतिक रूप से स्वीकार्य। अंततः नवाब ने प्रशासन अपने हाथ में लिया और 30 अप्रैल को मर्जर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर की बात तय हुई। पर यह दस्तावेज बाद में रहस्यमयी ढंग से 'गायब' हो गया।

### थाने में घुसकर नकाबपोश ने सिपाही को गोली मारी



**जागरण, सतना।** सतना जिले के जैतवारा थाना परिसर की बैरक में घुसकर आधी रात को नकाबपोश युवक ने हेड कॉन्स्टेबल को गोली मार दी। गोली उसके कंधे के पास लगी। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर थाने का स्टाफ बाहर आया तो देखा हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग घायल हालत है। इसके बाद स्टाफ प्रिंस को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। सीटी स्कैन में शरीर के अंदर गोली नहीं मिली। फिर भी एहतियात के तौर पर प्रिंस को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया है। यहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। मामला सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात का है। हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग थाना परिसर में बने बैरक में रहता है। रात को ड्यूटी से लौटकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान कमरे के बाहर से ■ शेष पृष्ठ 7 पर